




# G20

**Samyak**
An Institute For Civil Services



## मासिक समसामयिकी

# करेंट अफेयर्स

**CONSTITUTION**
**131st AMENDMENT**
**BILL 2025**
**CHANDIGARH**
**& ARTICLE 240**



## नवंबर 2025




















**INDEX**


- राजस्थान समसामयिकी
- राष्ट्रीय परिदृश्य
- आर्थिक परिदृश्य
- अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य
- अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी
- खेल परिदृश्य
- पुरस्कार एवं सम्मान
- चर्चित व्यक्तित्व
- चर्चित स्थल
- प्रमुख सम्मेलन
- इंडेक्स एवं रिपोर्ट
- महत्वपूर्ण दिवस


**सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी**

# सम्यक् है, तो संभव है

## विशेषताएँ -

1. नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार अध्ययन सामग्री।
2. प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लिए बेहतरीन अध्ययन सामग्री।
3. अवधारणात्मक स्पष्टता (CONCEPTUAL CLARITY) के साथ तथ्यात्मक समावेश।
4. सहज बोधगम्य 'सरल' भाषा शैली में नवीनतम तथ्यों का समावेश।
5. ONLINE COURSE व SELF STUDY के लिए SELF SUFFICIENT अध्ययन सामग्री।
6. UPSC/RPSC के नए पैटर्न एवं फॉर्मेट का अनुसरण।
7. टॉपर्स द्वारा अनुमोदित परिणामोन्मुखी पाठ्य सामग्री।
8. प्रशासनिक अधिकारियों एवं अकादमिक विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित रिव्यू एवं अपडेशन।
9. प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा हेतु TOPIC WISE महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का संग्रह।
10. NCERT व राजस्थान बोर्ड की पुस्तकों के आवश्यक तथ्यों का समावेश।




ऑफलाइन बैच के अतिरिक्त SAMYAK TEAM द्वारा
गुणवत्तापूर्ण व परिणामोन्मुखी तैयारी ONLINE भी

# IAS/RAS

(Hindi & English Medium)

- Live & Recorded Classes
- Printed & Non-Printable
- Personal Mentorship
- Test Series & Solution
- Toppers' Strategy Sessions

GET MORE INFORMATION
**9875170111**

ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP

Samyak
An Institute For Civil Services

SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

# CURRENT AFFAIRS

## INDEX


| | | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान समसामयिकी | 1 – 17 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 18 – 20 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 21 –24 |
| 4 | अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 25 – 30 |
| 5 | अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 31 – 35 |
| 6 | खेल परिदृश्य | 36– 41 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 42–46 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 47– 49 |
| 9 | चर्चित स्थल | 50– 53 |
| 10 | प्रमुख सम्मेलन | 54– 56 |
| 11 | इंडेक्स एवं रिपोर्ट | 57– 59 |
| 12 | महत्वपूर्ण दिवस | 60 |


# करेंट अफेयर्स

## नवंबर : 2025


Near Riddhi-Siddhi Circle, Gopalpura Bypass, Jaipur

# 1. राजस्थान परिदृश्य

## प्रमुख कार्यक्रम, योजनाएँ, अभियान

### मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान (MSRA)

- इस अभियान का शुभारंभ 29 मार्च 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया था।
- राजस्थान में यह अभियान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शुरू किया गया है।
- इस स्तर का व्यापक अभियान शुरू करने वाला राजस्थान पहला राज्य बना है।
- उद्देश्य: विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, राज्य को मॉडल स्टेट बनाना।
- इस अभियान को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।

**अभियान के 4 मुख्य घटक (41 कार्यों सहित)**

1. विद्यार्थी केंद्रित कार्य
2. विद्यालय केंद्रित कार्य
3. शिक्षक केंद्रित कार्य
4. शैक्षणिक परिणाम उन्नयन केंद्रित कार्य

**अभियान के प्रमुख कार्य**

- सरकारी विद्यालयों में नामांकन वृद्धि।
- रोजगारोन्मुखी शिक्षा में सुधार।
- डिजिटल मॉनिटरिंग द्वारा विद्यार्थियों की प्रगति ट्रैक करना।
- पाठ्य सामग्री, गणवेश आदि का समय पर वितरण।
- शैक्षणिक परिणामों व नैतिक मूल्यों में सुधार।
- मेगा पीटीएम एवं अन्य पहल
- एआई आधारित ओआरएफ द्वारा बच्चों का वर्गीकरण और प्रखर 2.0 के माध्यम से रीडिंग रेमेडिएशन।
- प्रखर और निपुण अभियानों से शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार।
- स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, एसएमसी/एसडीएमसी और समुदाय की सक्रिय सहभागिता हेतु इसके तहत अभिभावकों और शिक्षकों को जोड़ने हेतु मेगा पीटीएम आयोजित किए जा रहे हैं।

### आयुष्मान बाल संबल योजना: आयु सीमा में छूट दी गई

- मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना में अब मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी और रेयर डिज़ीज़ से पीड़ित 18 वर्ष से अधिक आयु के मरीज भी लाभ ले सकेंगे।
- पहले यह योजना केवल 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों तक सीमित थी।
- राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद अब योजना में सभी आयुवर्ग के नागरिक मरीजों को लाभ दिया जाएगा।
- हाल ही में 28 नवंबर को सुनवाई के दौरान जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी की बेंच ने निर्देश दिया किअगले **आदेश तक मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना 2024 के क्लॉज 5 की शर्त-1 सभी उम्र के सभी मरीजों पर लागू मानी जाए।**

### नयी चेतना 4.0 – 'पहल बदलाव की' जेंडर अभियान

- इस कार्यक्रम का उद्घाटन 25 नवंबर 2025 को जयपुर में किया गया।
- यह अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर 2025 तक पूरे राज्य में चलेगा।
- यह अभियान महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं डिजिटल हिंसा निरोध पर केंद्रित है।
- यह पहल राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा संचालित की गई है।
- इसके साथ ही 16 **Days of Activism Against Gender-Based Violence कार्यक्रम** की भी शुरुआत की गई।
- इसका मुख्य फोकस — डिजिटल माध्यमों में महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम है।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजना

- यह योजना दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिए शुरू की गई है।
- इसके तहत इलाज हेतु ₹50 लाख तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है।
- इसके अतिरिक्त ₹5,000 प्रति माह सहायता राशि भी देय है।
- इस योजना का उद्देश्य 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को राष्ट्रीय नीति–2021 के तहतसमुचित इंतज़ाम, उपचार, देखभाल व सहयोग उपलब्ध कराना है।

  **पात्रता** ⊠
  - बच्चों की उम्र 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।
  - राजस्थान का मूल निवासी या कम-से-कम 3 वर्ष से अधिक निवासरत होना जरूरी।

### राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में हुए प्रमुख निर्णय

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 19 नवंबर 2025 को मंत्रिमंडल बैठक आयोजित की गई।
- प्रवासी राजस्थानियों के लिए नया विभाग गठित करने हेतु मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' के गठन को मंजूरी दी।

- उद्देश्य— प्रवासी राजस्थानियों और राज्य सरकार के बीच संवाद, सहयोग व संबंधों को मजबूत करना।
- यह विभागप्रवासी राजस्थानियों को राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने हेतु नीतिगत ढांचा तैयार करेगा और उनके मुद्दों व समस्याओं के समाधान की व्यवस्था बनाएगा।
- यह विभाग प्रवासी राजस्थानी दिवस, सम्मान समारोह, तथा एक्सचेंज कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।
- प्रवासी राजस्थानी एसोसिएशनों के रजिस्ट्रेशन हेतु पोर्टल संचालन भी इसी विभाग द्वारा किया जाएगा।

## राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) पॉलिसी–2025 लागू

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में GCC Policy–2025 को मंजूरी दी गई।
- उद्देश्य— राजस्थान को देश का सबसे बड़ा GCC एक्सीलेंस हब बनाना।
- **प्रस्तावित GCC शहर—**जयपुर, उदयपुर, जोधपुर।
- GCC में टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, HR, डेटा एनालिटिक्स, R&D सहितवैश्विक कंपनियों के बैक-एंड ऑपरेशन संचालित होते हैं।

**लक्ष्य (वर्ष 2030 तक)**

- +200 GCC यूनिट्स की स्थापना
- 1.5 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार

**GCC पॉलिसी–2025 के प्रमुख प्रोत्साहन**

- **पूंजी निवेश सब्सिडी:**परियोजना लागत (भूमि व भवन लागत छोड़कर) का 30%, अधिकतम ₹10 करोड़।
- **लैंड कॉस्ट इंसेंटिव:**भूमि/लीज एरिया लागत का 50%, अधिकतम ₹1 करोड़।
- **पेरोल सब्सिडी:** पहले 3 वर्षों तक कर्मचारियों के वेतन का 30%, अधिकतम ₹1.25 लाख प्रति कर्मचारी/वर्ष।
- **रेंटल असिस्टेंस:** किराए पर संचालित इकाइयों को पहले 3 वर्ष: 50% किराया, अगले 2 वर्ष: 25% किराया और अधिकतम ₹5 करोड़ प्रति GCC प्रति वर्ष का प्रावधान है।
- **कौशल विकास प्रोत्साहन:**प्रशिक्षण लागत का 50%, अधिकतम ₹2.5 करोड़ प्रति वर्ष।
- **अनुसंधान एवं पर्यावरण समर्थन:**पेटेंट/कॉपीराइट लागत पर 50% सहायता।
- ग्रीन टेक्नोलॉजी नवाचारों को प्रमोट करने हेतु ग्रीन इंसेंटिव।
- स्टांप ड्यूटी व बिजली शुल्क पर छूट।
- इस पॉलिसी में RIPS–2024 के प्रावधानों का लाभ भी सम्मिलित है।
- GCC पॉलिसी–2025 के तहत सभी आवेदन 'राजनिवेश सिंगल विंडो पोर्टल' पर किए जाएंगे।
- प्रोजेक्ट इवैल्यूएशन कमेटी (PEC)DPR का अध्ययन करेगी।
- 60 दिन में अपनी अनुशंसा प्रोजेक्ट अप्रूवल कमेटी (PAC) को भेजेगी।
- PAC भी 60 दिन में अंतिम निर्णय करेगी।

**संरचना**

- PEC अध्यक्ष: कार्यकारी निदेशक, रीको
- PAC अध्यक्ष: प्रशासनिक सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
- नोडल विभाग: उद्योग एवं वाणिज्य विभाग।

## 15,600 करोड़ की ऊर्जा परियोजनाओं के लिए JV कंपनी को मंजूरी

- मंत्रिमंडल ने RVUNL और SCCL (सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड) के बीच संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन को मंजूरी दी।
- इस कंपनी में आरवीयूएनएल और एससीसीएल की हिस्सेदारी क्रमशः 26 प्रतिशत और 74 प्रतिशत होगी।
- यह खदान स्थल पर 9,600 करोड रुपए की लागत से 800 मेगावाट की कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना और राजस्थान में 6,000 करोड रुपए की लागत से 1500 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं स्थापित करेगी।

## पारंपरिक खेती व गौवंश संरक्षण के लिए राज्य सरकार की अनूठी पहल

- इसके तहत राजस्थान सरकार द्वारा बैलों से खेती करने वाले चयनित लघु एवं सीमांत किसानों को प्रति वर्ष ₹30,000 प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- **उद्देश्य:** पारंपरिक और जैविक खेती को बढ़ावा, गौवंश संरक्षण, किसानों की आर्थिक सहायता।
- इस प्रोत्साहन से बैलों के उपयोग को बढ़ावा, खेतों की उर्वरकता व पर्यावरण संरक्षण में सुधार और राज्य सरकार गोबर गैस प्लांट लगाने पर सब्सिडी भी देगी।
- इससे किसानों की कृषि लागत घटेगी, स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ेगा और जैविक खाद की उपलब्धता से जैविक खेती को मजबूती मिलेगी।

## घड़ियाल संरक्षण में राजस्थान द्वारा देश की पहली पहल

- सवाई माधोपुर जिले स्थित राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल अभयारण्य, पालीघाट में 13 नवंबर को राजस्थान के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने घड़ियाल संरक्षण से जुड़ी नई पहल शुरू की।
- इसके तहत 5 महीने की उम्र वाले 30 घड़ियाल हैचलिंग्स में से 10 को चम्बल नदी में उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया।
- राज्य में शेष हैचलिंग्स को 5–6 दिन के अंतराल पर नदी में वापस छोड़ा जाएगा।
- इन छोटे घड़ियालों का संरक्षण वन विभाग द्वारा रियरिंग फास्ट ट्रैक–हेड स्टार्टिंग कार्यक्रम के तहत अंडों से निकलने के बाद से किया जा रहा था।

## भू-आवंटन नीति पर छह मंत्रियों की कैबिनेट उप समिति

- राजस्थान सरकार ने भूमि आवंटन नीति में छूट संबंधी प्रावधानों की समीक्षा हेतु 6 मंत्रियों की समिति गठित की।
- इस समिति का उद्देश्य भूमि आवंटन के नियमों में आवश्यक शिथिलता का अध्ययन और विभिन्न क्षेत्रों के लिए छूट की मात्रा निर्धारित करना है।
- इस हेतु यूडीएच विभाग को नोडल विभाग बनाया गया।

**समिति में शामिल सदस्य**

1. डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा
2. शिक्षा मंत्री मदन दिलावर
3. स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर
4. मंत्री अविनाश मीणा
5. मंत्री झाबर सिंह खर्रा
6. मंत्री हेमंत मीणा

- यह समिति अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी।

## 'न्याय आपके द्वार' अभियान का शुभारंभ

- राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 10 नवंबर 2025 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने विधिक सेवा सदन में 'न्याय आपके द्वार – लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान' अभियान की शुरुआत की।
- इसका उद्देश्य आम जनता को सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध करवाना है।

## अरबन एरियाज़ संशोधित रूल्स 2025 लागू

- राजस्थान में 'अरबन एरियाज़ (कृषि भूमि के गैर–कृषि उपयोग अनुमति एवं आवंटन) रूल्स 2012' का नाम बदलकर अब 'अरबन एरियाज़ (कृषि भूमि के गैर–कृषि उपयोग एवं आवंटन) संशोधित रूल्स 2025' कर दिया गया है।
- पहले 60 दिन में निपटारे की बाध्यता थी; संशोधित रूल्स 2025 में आवेदन को 10 दिन में संबंधित अधिकारी तक पहुंचाना अनिवार्य किया गया है
- 30 दिन में कृषि से गैर–कृषि उपयोग की स्वीकृति देना अनिवार्य है
- 30 दिन में स्वीकृति न मिलने पर डीम्ड (स्वतः) स्वीकृति मानी जाएगी।
- ये नियम जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर, बीकानेर विकास प्राधिकरण और 14 UIT शहरों में लागू होंगे।
- हालांकि नए नियमों में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि शहरों में कृषि से गैर–कृषि परिवर्तन हेतु भूमि का आकार व अधिकतम क्षेत्रफल सीमा क्या होगी।

## 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों/योजनाओं में राजस्थान का पहला स्थान

- वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजस्थान ने 11 राष्ट्रीय कार्यक्रमों/योजनाओं में पहला स्थान प्राप्त किया।
- इसके अलावा 5 कार्यक्रमों में दूसरा और 9 कार्यक्रमों में तीसरा स्थान हासिल कर राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत प्रदर्शन किया।

**पहले स्थान वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम/योजनाएँ**

1. **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस:** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के 'योगा संगम पोर्टल' के अनुसार राजस्थान ने 62,915 स्थानों पर 85,31,185 प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ देशभर में पहला स्थान हासिल किया।
2. **अंगदान और प्रत्यारोपण:** अंगदान को बढ़ावा देने और प्रत्यारोपण सेवाओं में उभरते राज्य के रूप में राजस्थान को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय पुरस्कार और प्रथम स्थान मिला।
3. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (सितंबर 2025 में जारी रैंकिंग में)
4. पोषण पखवाड़ा 2025 और आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित गतिविधियों में।
5. **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ 2025):** कुल 2.18 करोड़ पॉलिसियां जारी की।
6. फार्मर रजिस्ट्री योजना (कृषि क्षेत्र में डिजिटल पहल)
7. स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 (स्वच्छ भारत मिशन–ग्राम्य)
8. पीएम-कुसुम योजना, कंपोनेंट A (अक्षय/सौर ऊर्जा क्षमता स्थापना)
9. फिट इंडिया फ्रीडम रन–2024
10. विकसित भारत संकल्प यात्रा
11. उज्ज्वला योजना: 5.94 लाख नए गैस कनेक्शन जारी किए।

**दूसरे स्थान वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम/योजनाएँ**

1. **पीएम विश्वकर्मा योजना:** ऋण स्वीकृति और वितरण और कार्यक्रम क्रियान्वयन में।
2. **पोषण माह 2025:** आयोजित गतिविधियों में राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा रहा।
3. **माइक्रो इरिगेशन (ड्रॉप मोर क्रॉप):** वर्ष 2024–25 में 1.31 लाख हेक्टेयर में माइक्रो इरिगेशन सिस्टम स्थापित कर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।
4. सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस रजत पुरस्कार (द्वितीय स्थान) प्रदान किया गया।
5. **हर घर तिरंगा कार्यक्रम – 2025:** वालंटियर पंजीकरण और मीडिया अपलोड श्रेणी में राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रहा।

**तीसरे स्थान वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम/योजनाएँ**

1. **पीएम-कुसुम योजना (कंपोनेंट B तथा कंपोनेंट C-FLS):** राजस्थान दोनों घटकों में तीसरे स्थान पर रहा।
2. **टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान (2024):** टीबी मुक्त पंचायतों की घोषणा।
3. **100 दिवसीय अभियान के दौरान एसीएसएम गतिविधियाँ:** इन दोनों श्रेणियों में राज्य राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर रहा।
4. **तंबाकू फ्री यूथ कैंपेन 2.0:** राजस्थान को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट घोषित किया गया।
5. **नेशनल प्रोग्राम फॉर पेलिएटिव केयर:** उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा।
6. **आयुष्मान भारत (PM-JAY):** क्लेम सेटलमेंट और अस्पताल empanelment में 2024–25 के दौरान भी राजस्थान राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा राज्य रहा।
7. **एक जिला एक उत्पाद (ODOP):** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने क्रियान्वयन श्रेणी में ब्रॉन्ज अवॉर्ड (तृतीय स्थान) प्राप्त किया।

8. **जल संचय जनभागीदारी अभियान 1.0:** पंचायती राज विभाग के इस अभियान में 2025 में राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा।

- **नोटः** केंद्र सरकार की लीड्स रिपोर्ट 2024 में राजस्थान को Best Performer State का अवॉर्ड मिला, जिससे प्रदेश लॉजिस्टिक दक्षता सुधार में अग्रणी बन रहा है।
- **नोटः** “धरती आबा जनभागीदारी अभियान” के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए राजस्थान को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के रूप में सम्मानित किया गया।

# चर्चित व्यक्तित्त्व

## वी. श्रीनिवास बने राजस्थान के नए मुख्य सचिव



- 1989 बैच केIAS अधिकारी वोरुगंती (वी.) श्रीनिवास को 16 नवंबर 2025 को राजस्थान का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।
- पूर्व मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें 17 नवंबर 2025 को पदभार सौंपा।
- श्रीनिवास अब तक केंद्रीय प्रशासनिक सुधार, लोक शिकायत और पेंशन विभाग के सचिव थे।
- वे दिसंबर 2018 से केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे थे।
- उन्होंने डिजिटल AIIMS प्रोजेक्ट की शुरुआत की, जिसने ई-हॉस्पिटल सिस्टम में व्यापक बदलाव किया।
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) में भारत स्थित कार्यकारी निदेशक के तकनीकी सहायक रह चुके हैं।
- **अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान (IIAS) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय IAS अधिकारी** हैं।
- मुख्य सचिव के साथ उन्हें खान एवं खनिज निगम लिमिटेड, उदयपुर के चेयरमैन तथा नई दिल्ली में मुख्य आवासीय आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।
- उनका कार्यकाल सितंबर 2026 तक रहेगा।
- 2018 में राजस्व मंडल अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने लोक अदालत जैसी पहल शुरू की थी।
- **नोटः** सुधांश पंत 30 नवंबर तक केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में विशेषाधिकारी (OSD) के रूप में कार्य करेंगे, इसके बाद केंद्र में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव के पद पर तैनात होंगे।

## अंता उपचुनावः कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया जीते

- अंता विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया ने भाजपा के मोरपाल सुमन को 15,612 मतों से पराजित किया।
- प्रमोद जैन भाया को कुल 69,571, भाजपा प्रत्याशी को 53,959 और निर्दलीय नरेश मीणा को 53,800 वोट मिले।
- प्रमोद जैन भाया की लगातार 5वीं जीत रही।
- इससे पहले वे 2003 से 2008 तक बारां से निर्दलीय विधायक रह चुके हैं।




- कांग्रेस को मिली जीत के बाद सदन में उसकी कुल ताकत 67 विधायकों तक पहुंच गई है।

| राजनीतकि दल | सीटें |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | 118 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 67 |
| भारत आदिवासी पार्टी | 4 |
| बहुजन समाज पार्टी | 2 |
| राष्ट्रीय लोक दल | 1 |
| निर्दलीय | 8 |




- राजस्थान में पिछले 23 महीनों में हुए कुल 8 उपचुनावों में भाजपा ने 5, कांग्रेस ने 2 और बीएपी ने 1 सीट जीती है।
- **भारतीय जनता पार्टीः** झुंझुनूं, देवली-उनीयारा, खींवसर, रामगढ़, सलूंबर।
- **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसः** दौसा, अंता।
- **भारत आदिवासी पार्टीः** चौरासी।

## RPSC सदस्य संगीता आर्य का इस्तीफा

- राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की सदस्य डॉ. संगीता आर्य ने 28 नवंबर 2025 को राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े को इस्तीफा दे दिया।
- उनका कार्यकाल 13 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित था।
- वर्तमान में RPSC में कुल 10 सदस्यीय पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 3 पद रिक्त हैं।

## प्रो. मदन मोहन झाः संस्कृत विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागडे ने प्रो. मदन मोहन झा को जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर का कुलगुरु नियुक्त किया।
- प्रो. झा पदभार ग्रहण की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु, इनमें से जो पहले हो, तक इस पद पर बने रहेंगे।

## सागर मल धायल वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में पर्यवेक्षक बने



- रेलवे बॉक्सिंग टीम के चीफ कोच और द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित राजस्थान के सागर मल धायल को वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में पर्यवेक्षक (Observer) नियुक्त किया गया है।
- वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 16 से 28 नवंबर 2025 तक उत्तर पदेश के नोएडा में आयोजित किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री डॉ. रतनलाल जाट का निधन

- सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. रतनलाल जाट का निधन 13 नवंबर 2025 को हुआ।
- वे भैरों सिंह शेखावत के मुख्यमंत्री कार्यकाल में उच्च शिक्षा मंत्री रहे।
- वर्ष 2005-2008 के दौरान वे राज्य बीज निगम के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे।

## पूर्व विधायक विजय सिंह का निधन

- दीगोद (कोटा) के पूर्व विधायक विजय सिंह पलायथा (93) का 27 नवंबर 2025 को निधन हो गया।
- वे 1975 से 1998 तक दीगोद से विधायक रहे।
- विजय सिंह भारतीय जन संघ के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे थे।

# चर्चित स्थान

## झुझुनूं के बांसियाल गांव में 4,500 वर्ष पुरानी सभ्यता के प्रमाण

- झुझुनूं जिले से 65 किमी दूर बांसियाल गांव में लगभग साढ़े चार हजार साल पुरानी सभ्यता के साक्ष्य मिले हैं।
- **उत्खनन में मिली सामग्री—**लाइम पाउडर से बनी दीवारें, तांबे की रिंग, हड्डी के औजार और आभूषण।
- तांबे की वस्तुएँ, कार्नेलियन-स्टीटाइट के मनके और लाल रंग के मृद्भांड मिले।
- यह स्थल ताम्र पाषाणिक संस्कृति से जुड़ा माना जा रहा है।
- विशेषज्ञों के अनुसार यह क्षेत्र गणेश्वर सभ्यता का हिस्सा है, जो हड़प्पा काल के समानांतर मानी जाती है।
- शोधकर्ता डॉ. ईशा प्रसाद और डॉ. श्वेता सिन्हा देशपांडे ने बताया पहली बार बस्ती के भीतर की संरचनाओं के प्रमाण मिले हैं।इसमें झोपड़ी (कुटी) की रूपरेखा और उससे जुड़ा प्लेटफॉर्म मिला।

## राजस्थान में देश का पहला जिंक पार्क बनेगा

- राजस्थान में पहला जिंक पार्क स्थापित किया जाएगा।
- जिंक पार्क को चंदेरिया, दरीबा और देबारी स्थित हिंदुस्तान जिंक के माइनिंग-स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स के निकट विकसित किया जाएगा।
- **हिंदुस्तान जिंक और रीको** ने मिलकर देश के पहले जिंक पार्क के निर्माण का प्रस्ताव दिया है।
- जिंक पार्क की घोषणा दिसंबर 2024, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल द्वारा की गई थी।
- उद्देश्य— जिंक, लेड, सिल्वर व संबंधित मेटल वैल्यू चेन में इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू एडिशन हेतु नया औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना।
- यह पार्क जिंक, लेड, सिल्वर और संबंधित मेटल वैल्यू चेन के लिए एक एकीकृत औद्योगिक इकोसिस्टम बनेगा।
- इस जिंक पार्क में जिंक आधारित यूनिट्स व एंसिलरी इंडस्ट्री स्थापित की जा सकेंगी।
- यह औद्योगिक पार्क राजस्थान को मेटल्स व मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने में मदद करेगा।

## जालोर में बनेगा इनलैंड पोर्ट

- राजस्थान को कच्छ की खाड़ी के माध्यम से अरब सागर से सीधा जलमार्ग संपर्क हेतु **जालोर में इनलैंड पोर्ट (वाटर-वे) स्थापित** किया जाएगा।
- इनलैंड पोर्ट निर्माण के लिए मुंबई में एमओयू राजस्थान रिवर बेसिन एवं जल संसाधन आयोजना प्राधिकरण और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बीच हस्ताक्षरित हुआ।
- प्रस्तावित जलमार्ग की चौड़ाई 45 मीटर और गहराई 8 मीटर रखी जाएगी।
- राजस्थान में इस जलमार्ग का लगभग 14 किलोमीटर हिस्सा होगा, जिसका सर्वे आईआईटी मद्रास कर रहा है।
- **नोटः** जवाई-लूनी-रन ऑफ कच्छ नदी प्रणाली को राष्ट्रीय जलमार्ग- 48 घोषित किया जा चुका है।
- **नोटः** कांडला पोर्ट से जालोर तक लगभग 262 किलोमीटर लंबा जलमार्ग विकसित करने की योजना है।
- इसमें 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रेजिंग लागत अनुमानित है।
- यह परियोजना राज्य को लॉजिस्टिक्स, उद्योग विकास, रोजगार और जलमार्ग संपर्क के क्षेत्र में नई पहचान देगी।
- इस परियोजना के लिए मार्गों का अध्ययन जारी है, जिसमें भवातरा-नवलखी मार्ग कांडला क्रिक (लगभग 262 किमी) भी संभावित मार्ग के रूप में शामिल है।

## कोचरिया-सुंदरपुरा क्षेत्र में गारनेट के भंडार की पुष्टि

- भीलवाड़ा से 25 किमी दूर **कोचरिया क्षेत्र में गा**रनेट की उपस्थिति दर्ज की गई।
- कोचरिया-सुंदरपुरा क्षेत्र में भंडार कुल 73.62 हेक्टेयर में फैला है।यहाँ पाए गए क्रिस्टल का आकार 2-5 सेमी है।
- यह खनिज दो प्रमुख शाखाओं में 50 से 180 मीटर चौड़ाई तक विस्तृत है।

- राजस्थान खनन निदेशालय की जियोलॉजिकल सर्वे टीम ने रिपोर्ट को भारतीय खान ब्यूरो (IBM), नागपुर भेजा है।
- इसकी रिपोर्ट की पुष्टि मिलते ही 73.62 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए खनिज लीज नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी।
- राजस्थान में गारनेट खनिज लीज पहली बार नीलामी के लिए प्रस्तावित होगी।

### गारनेट की विशेषताएँ व उपयोग

- गारनेट सिलिकेट आधारित खनिज समूह है।
- सामान्यतः लाल रंग के अर्ध-कीमती रत्न के रूप में जाना जाता है, परंतु यह हरा, पीला, नारंगी, गुलाबी रंगों में भी पाया जाता है।
- इसका मुख्य उपयोग आभूषण निर्माण में होता है।

## बीकानेर में बनेगा देश का सबसे बड़ा सोलर–बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट

- बीकानेर में भारत का सबसे बड़ा संयुक्त सोलर ऊर्जा एवं बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट स्थापित किया जाएगा।
- परियोजना की कुल क्षमता 2450 मेगावाट सोलर उत्पादन और 5000 मेगावाट-ऑवर बैटरी स्टोरेज निर्धारित की गई है।
- इस परियोजना से कम लागत वाली सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ेगा तथा बैटरी स्टोरेज के माध्यम से बिजली को आवश्यकता अनुसार उपयोग हेतु सुरक्षित रखा जा सकेगा।
- क्षमता के आधार पर यह प्रोजेक्ट वर्तमान में राजस्थान के भडला सोलर पार्क (2245 मेगावाट) से भी बड़ा होगा।
- इससे दिन के समय उत्पन्न सौर ऊर्जा को बैटरी सिस्टम में सुरक्षित किया जा सकेगा।

## 11 जिलों में चयनित आदर्श सौर ग्राम

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश राजस्थान के 11 जिलों में आदर्श सौर ग्राम चिन्हित किए गए हैं।

### चयनित गांव इस प्रकार हैं:

1. सालासर (चूरू)
2. डाबी (बूंदी)
3. मोर (टोंक)
4. मिश्रोली (झालावाड़)
5. जेठाना (अजमेर)
6. केलवा (राजसमंद)
7. दलोट (प्रतापगढ़)
8. चनाना (झुझुनू)
9. भावरी (पाली)
10. चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर)
11. बसई नवाब (धौलपुर)

- इन सभी को सामुदायिक सौर गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए ₹1 करोड़ तक की सहायता प्रदान की जाएगी।

## उत्तरलाई (बाड़मेर) में एयरपोर्ट निर्माण के लिए अधिसूचना जारी

- उत्तरलाई में नागरिक हवाई अड्डा निर्माण हेतु नागरिक उड्डयन विभाग ने औपचारिक अधिसूचना जारी की गई।
- वर्ष 2018–19 में एयरपोर्ट निर्माण की घोषणा हुई थी।
- इस अधिसूचना के अनुसार कुल आवश्यक भूमिः 64.43 एकड़ है और निजी खातेदारी से अवाप्त की जाने वाली भूमि 62.96 एकड़ रहेगी।
- इससे संबंधित गांव चकलाणी, बेरीवाला, लालणियों की ढाणी रहेंगे।
- बाड़मेर वर्तमान में तेल, गैस एवं ऊर्जा क्षेत्र का महत्वपूर्ण केंद्र है और सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यह हवाई अड्डा सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होगा।

## फलोदी (बाप) में विकसित होगा देश का पहला आधुनिक नवीकरणीय ऊर्जा रिसर्च सेंटर

- राजस्थान सोलर एसोसिएशन (RSA) **फलोदी के बाप में** अत्याधुनिक नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान एवं विकास केंद्र और सूर्य मंदिर का निर्माण करेगा।
- यह केंद्र देश का पहला आधुनिक नवीकरणीय ऊर्जा रिसर्च सेंटर होगा।
- परियोजना क्षेत्रफल— 15,000 वर्ग मीटर।
- **उद्देश्य** MSMEs के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में शोध व नवाचार को बढ़ावा देना और स्थानीय उद्योगों को ग्रीन एनर्जी सेक्टर में आगे बढ़ने में सहायता।

## वंदे भारत ट्रेन का हाई-स्पीड ट्रायल – रोहलखुर्द से विक्रमगढ़

- दिल्ली–मुंबई रेलमार्ग पर रोहलखुर्द से विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच वंदे भारत ट्रेन का हाई-स्पीड ट्रायल किया गया।
- ट्रायल के दौरान ट्रेन को 175 किमी/घंटा की गति से चलाया गया, जो 15-दिवसीय ट्रायल कार्यक्रम का दूसरा दिन था।
- मथुरा–नागदा रूट को सेमी हाई-स्पीड ट्रैक में विकसित किए जाने के बाद RDSO द्वारा इस मार्ग पर पहली बार वंदे भारत का ट्रायल आयोजित किया गया है।
- परीक्षण के दौरान ट्रेन ने अधिकतम 180 किमी/घंटा की रफ्तार भी हासिल की।

## पिपलांत्री में जल ग्रहण प्रशिक्षण केंद्र व सरफेस बेरियर का लोकार्पण

- राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने राजसमंद जिले के पिपलांत्री मॉडल गांव में जल ग्रहण प्रशिक्षण केंद्र (विस्तारित रूप) और सरफेस बेरियर कार्य का लोकार्पण किया।
- पिपलांत्री पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण के आदर्श मॉडल के रूप में जाना जाता है।
- यहां हर बेटी के जन्म पर 111 पौधे लगाने की परंपरा ने गाँव को हरा-भरा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- पेड़ों की सुरक्षा, पोषण और संरक्षित क्षेत्र बनाकर पिपलांत्री ने सतत विकास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## जयपुर मेट्रो फेज- 2 : प्रहलादपुरा–पिंजरापोल गोशाला रूट

- जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत प्रहलादपुरा (टोंक रोड) से पिंजरापोल गोशाला तक 12 किमी रूट पर काम दिसंबर में शुरू होगा।

- इस परियोजना के लिए 15 केंद्रीय मंत्रालयों से तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है।
- इस फेज में 13 नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे।
- परियोजना लागत: ₹1361 करोड़।
- इस हेतु केंद्र के साथ 50–50% हिस्सेदारी वाली नई जॉइंट वेंचर कंपनी राजस्थान रेल कॉरपोरेशन गठित की गई है।
- जेएमआरसी (Jaipur Metro Rail Corporation) फेज-2 में JV के तहत कार्य करेगा और इसके सभी अधिकारी JV के अधीन कार्यरत रहेंगे।

### पहला अंतरराज्यीय टाइगर ट्रांसलोकेशन: बाघिन हेलीकॉप्टर से लाई जाएगी

- राजस्थान में पहले इंटरस्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन के लिए हेलीकॉप्टर अनुमोदन मिल गया है।
- वायु सेना के हेलीकॉप्टर से बाघिन को पेंच टाइगर रिजर्व (मध्य प्रदेश) सेरामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (राजस्थान) लाया जाएगा।
- इसका उद्देश्य राजस्थान के टाइगर हाबिटेट में जीन पूल सुधार करना और बाहरी क्षेत्र से आए बाघों से नई ब्रीडिंग लाइनों का विकास सुनिश्चित करना है।

### 3 जिलों में रीको को भूमि आवंटन की मंजूरी

- औद्योगिक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने **भीलवाड़ा, डीडवाना-कुचामन और फलौदी जिलों में** औद्योगिक उपयोग हेतु भूमि आवंटन को मंजूरी दी।
- **भीलवाड़ा जिले की तहसील कोटड़ी के ग्राम कोदिया में** 20.80 हैक्टेयर भूमि रीको को नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए दी गई।
- **डीडवाना-कुचामन की तहसील परबतसर के भकरी मौलास में** 71.59 हैक्टेयर भूमि औद्योगिक प्रयोजनार्थ आवंटित की गई।
- **फलौदी जिले की तहसील आऊ के ग्राम हाजीसागर एवं टेणानाडी में** कुल 49.82 हैक्टेयर भूमि की स्वीकृति प्रदान की गई।

### जनगणना पायलट प्रोजेक्ट – बाड़मेर व डूंगरपुर में प्रशिक्षण शुरू

- जनगणना पायलट प्रोजेक्ट के तहत मकानों की जियो-टैगिंग और परिवार संबंधी डेटा संग्रह का कार्य शुरू हो चुका है।
- इसके लिए **बाड़मेर व डूंगरपुर में** फील्ड में तैनात होने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- इस ट्रेनिंग से डेटा संकलन प्रक्रिया में आने वाली संभावित कमियों की पहचान और सुधार में मदद मिलेगी।

### जयपुर – उत्तर भारत का पहला रोबोटिक इम्प्लांट हब

- 1 नवंबर 2025 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैनल में इमीडिएट लोड इम्प्लांट डेंटिस्ट्री और रोबोटिक इम्प्लांट सर्जरी को भविष्य की चिकित्सा तकनीक बताते हुए जयपुर को उत्तर भारत का पहला रोबोटिक इम्प्लांट हब घोषित किया गया।
- जयपुर अब ऑल-ऑन-फोर और इमीडिएट लोड इम्प्लांट प्रक्रियाओं के लिए एक प्रमुख प्रीमियम सेंटर के रूप में विकसित हो चुका है।

# पुरस्कार एवं सम्मान

### राजस्थान को मिले तीन राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवॉर्ड

- राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित समारोह मेंराजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) ने तीन श्रेणियों में राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवॉर्ड प्राप्त किए।
- RCDF की प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज ने संबंधित जिलों के दुग्ध संघ पदाधिकारियों के साथ अवॉर्ड ग्रहण किया।

  **पुरस्कार प्राप्त श्रेणियाँ**

  1. बेस्ट डेयरी को-ऑपरेटिव सोसायटी – **घिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जयपुर**
  2. बेस्ट डेयरी फार्मर अवॉर्ड – **हर्षित झुरिया, सीकर**
  3. बेस्ट AI टेक्नीशियन अवॉर्ड –**विकास कुमार, हनुमानगढ़**
- घिनोई समिति को ₹3,00,000, मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।
- हर्षित झुरिया को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने व गुणवत्ता सुधार में नवाचारी प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।उन्हें ₹2,00,000, प्रमाणपत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।
- विकास कुमार को प्रजनन सेवाओं और AI तकनीक में उत्कृष्ट योगदान हेतु चयनित किया गया उन्हें मेरिट सर्टिफिकेट और प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।
- **राष्ट्रीय गोपाल रत्न अवार्ड** यह अवॉर्ड वर्ष 2021 से केंद्र सरकार द्वारा पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और तकनीशियनों को प्रदान किया जा रहा है।

### राजस्थान को तीसरी बार जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जल संचय-जन भागीदारी में बाड़मेर के प्रथम स्थान पर रहने पर जिला कलक्टर श्रीमती टीना डाबी को पुरस्कृत किया। टांका निर्माण के जरिए बारिश के पानी को सहेजने की अभिनव पहल के तहत प्रथम श्रेणी में चयनित बाड़मेर जिले को 2 करोड़ रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया।

- राजस्थान को जल संसाधन प्रबंधन एवं सामुदायिक भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीसरी बार 'जल संचय जन भागीदारी' पुरस्कार मिला।
- राज्य को इस उपलब्धि के आधार पर देश के तीन सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- **बाड़मेर को 'जल संचयन जन भागीदारी 1.0' के तहत राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार** मिला।
- **बाड़मेर जिले कोजल संरक्षण कार्यों में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट डिस्ट्रिक्ट इन वेस्ट जोन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**
- **आठ अन्य जिले—भीलवाड़ा, जयपुर, उदयपुर, अलवर, बारां, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़ और सीकर**को भी जल सुरक्षित भारत में योगदान के लिए सम्मान दिया गया।

**पुरस्कार राशि वितरण**

- पहली श्रेणी: भीलवाड़ा व बाड़मेर — 2 करोड़ रुपये प्रत्येक
- दूसरी श्रेणी: जयपुर व उदयपुर — 1 करोड़ रुपये प्रत्येक
- **नोटः** राष्ट्रीय जल संचय जनभागीदारी के तहत जयपुर जिले ने पूरे देश में दूसरा स्थान हासिल किया।
- तीसरी श्रेणी: अलवर, डूंगरपुर, बारां, चित्तौड़गढ़ व सीकर — 25 लाख रुपये प्रत्येक

**राष्ट्रीय जल पुरस्कार—2025**

- पुरस्कार वितरण समारोह 18 नवंबर 2025, विज्ञान भवन (नई दिल्ली) में आयोजित किया गया।
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार–2025 के अंतर्गत सम्मान प्रदान किए।
- यह सम्मान 'वर्षा जल संचयन' (कैच द रेन) अभियान के तहत चल रहे जल संचय जन भागीदारी (JSJB) कार्यक्रम से जुड़ा है।
- कार्यक्रम में राज्यों को कम से कम 10,000 पुनर्भरण व भंडारण संरचनाएं विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- पूर्वोत्तर व पहाड़ी राज्यों के लिए लक्ष्य — 3,000 संरचनाएं
- नगर निगमों के लिए लक्ष्य — 10,000 संरचनाएं

## राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 में राजस्थान का प्रदर्शन

- केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग द्वारा घोषित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार- 2024 में राजस्थान के कई प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कीं।

**राजस्थान से मुख्य विजेताः**

- **श्री बजरंग लाल जेठू (सीकर)** — पश्चिम क्षेत्र में जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रथम पुरस्कार
- **खरलां जल उपयोक्ता संगम (श्रीगंगानगर)** — सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ श्रेणी में तृतीय पुरस्कार

**अन्य सम्मानित संस्थानः**

- **बिट्स पिलानी —** स्कूल/कॉलेज के अलावा संस्थान श्रेणी की इनसाइड कैंपस उपश्रेणी में द्वितीय (संयुक्त)
- **अंबुजा फाउंडेशन, जयपुर** — सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज संगठन श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार
- इस वर्ष कुल 46 विजेताओं की घोषणा की गई है।
- पुरस्कार 10 प्रमुख श्रेणियों—जैसे सर्वश्रेष्ठ राज्य, जिला, ग्राम पंचायत, शहरी निकाय, विद्यालय/महाविद्यालय, उद्योग, जल उपयोगकर्ता संघ, नागरिक समाज और व्यक्तिगत उत्कृष्टता में प्रदान किए जाएंगे।

## उदयपुर को 'बेस्ट नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम' अवॉर्ड

- अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो में उदयपुर स्मार्ट सिटी को 'सिटी विद द बेस्ट नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम' श्रेणी के एक्सीलेंस इन अर्बन ट्रांसपोर्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- राजस्थान की ओर से यह सम्मान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ग्रहण किया।
- उदयपुर ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहर में परिवहन को अधिक सुगम, स्वच्छ और पर्यावरण-हितैषी बनाने के लिए कई नवाचार और सुधारात्मक कदम उठाए।

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राजस्थान को टॉप अचीवर अवॉर्ड

- उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा आयोजित 'उद्योग समागम' में **राजस्थान को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में टॉप अचीवर श्रेणी में सम्मानित** किया गया।
- राजस्थान को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यह सम्मान बिजनेस एंट्री, श्रम सुधार, और सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया।
- राज्य की ओर से यह पुरस्कार उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ और उद्योग आयुक्त रोहित गुप्ता ने प्राप्त किया।

## राजस्थान को 'एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी' अवॉर्ड

- चेन्नई में आयोजित 'विंडर्जी इंडिया 2025' सम्मेलन में राजस्थान को 'एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम (RREC) को प्रदान किया गया।

## हिन्दुस्तान जिंक को प्लैटिनम वर्ल्डवाइड सम्मान

- विश्व की प्रमुख जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक को वित्तीय वर्ष 2024–25 की इंटीग्रेटेड एनुअल रिपोर्ट के लिए अंतरराष्ट्रीय LACP स्पॉटलाइट अवॉर्ड्स 2025 में **1–10 बिलियन डॉलर रेवेन्यू कैटेगरी में प्लैटिनम वर्ल्डवाइड रैंकिंग** प्राप्त हुई।
- कंपनी ने 100 में से 99 अंक हासिल कर **भारत में प्रथम तथा वैश्विक स्तर पर छठा स्थान प्राप्त** किया। इस उपलब्धि के साथ हिन्दुस्तान जिंक ग्लोबल टॉप 10 में स्थान पाने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी बनी है।

## 9 कलाकारों को मिलेगा राज्य कला पुरस्कार

- राजस्थान ललित कला अकादमी की 66वीं वार्षिक प्रदर्शनी के निर्णायक मंडल ने 9 कलाकारों को पुरस्कार योग्य घोषित किया।

- इस प्रदर्शनी के लिए 64 कलाकारों की 113 कलाकृतियाँ चयनित की गईं।
- प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर 9 कलाकारों को ₹25,000 नकद, प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

**पुरस्कृत कलाकार और उनकी कृतियाँ**

1. रमेश कुमार सैनी (जयपुर) – जयपुर की गलियां 1-2-3
2. विकास कुमार मिरोठा (बूंदी) – समूह-2
3. जयन्त शर्मा (जयपुर) – City of Dunes
4. श्वेता नैना (जयपुर) – तारा-3
5. मोहनलाल चौधरी (बीकानेर) – मत बांचो गठरिया
6. उर्मिला शर्मा (जयपुर) – अनुकल्प-1
7. धीरज बलिहारा (हनुमानगढ़) – Weaving Tradition
8. करूणा (वनस्थली) – Childhood-3
9. शिवपाल कुमावत (सीकर) – Delusion-II

### उदयपुर को मिला 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' अवॉर्ड

- नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उदयपुर को Best Wedding Destination अवॉर्ड दिया गया।
- यह सम्मान Outlook Traveller Awards में प्रदान किया गया।
- पुरस्कार राजस्थान पर्यटन के अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी संयुक्त निदेशक (उदयपुर) सुमिता सारोच ने प्राप्त किया।

### राष्ट्रीय जम्बूरी में राजस्थान को पहला स्थान

- लखनऊ में आयोजित भारत स्काउट-गाइड की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में राजस्थान दल ने 20 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया।
- राजस्थान के दल को सर्वोच्च अवॉर्ड शील्ड और पताका प्रदान की गई।
- राजस्थान के मुख्य स्काउट आयुक्त निरंजन आर्य के निर्देशन में 1703 स्काउट-गाइड एवं अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में राजस्थान मंडप को स्वर्ण पदक

- नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में राजस्थान मंडप को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।
- इस मंडप में 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' वॉल पर राजस्थान के 41 जिलों के उत्पाद प्रदर्शित किए गए।
- राजस्थान पवेलियन को उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग, रीको, बीआईपी, खादी, राजीविका और रूडा की सहभागिता से तैयार किया गया।
- "एक भारत श्रेष्ठ भारत" थीम पर राजस्थान और असम के सांस्कृतिक समन्वय को प्रमुखता दी गई, जिसने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

### एसडीआरएफ राजस्थान को वेस्टर्न ज़ोन में दूसरा स्थान

- एसडीआरएफ कंट्रोल रूम, जयपुर में राष्ट्रीय स्तर की दो बड़ी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम को सम्मानित किया गया।
- एनडीआरएफ के तत्वावधान में पुणे में आयोजित वेस्टर्न ज़ोन CBRN प्रतियोगिता 2025 में राजस्थान एसडीआरएफ की टीम दूसरे स्थान पर रही।
- **एसडीआरएफ राजस्थानः** राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (State Disaster Response Force) है। यह राजस्थान पुलिस की एक विशेष इकाई है जिसका गठन प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों के लिए किया गया है।

## विभिन्न समझौते/MoUs

### GRAM-2026 आयोजन हेतु राज्य सरकार-FICCI में एमओयू

- बजट घोषणा 26-2025 के अनुसार ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM)-2026 मार्च 2026 में
- JECC, सीतापुरा, जयपुर में आयोजित होगा।
- राजस्थान सरकार ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) को समिट पार्टनर चुना है।
- इसमें राजस्थान के सभी जिलों से +50,000 किसान भाग लेंगे।
- कृषि निवेश व तकनीकी हस्तांतरण हेतु 3 अंतरराष्ट्रीय रोड शो, 4 प्रमुख भारतीय शहरों में घरेलू रोड शो
- लगभग 300 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे।
- इसमें तकनीक आधारित स्मार्ट फार्म, टेक फार्म, पशु प्रदर्शनी और मशीनरी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### ट्रैवल मार्ट-2026 के लिए पर्यटन विभाग व होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के बीच एमओयू

- कोटा में 2 से 4 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले हाड़ौती ट्रैवल मार्ट-2026 के लिए पर्यटन विभाग व होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के बीच एमओयू साइन हुआ।
- इस एमओयू पर पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ और होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने हस्ताक्षर किए।
- इसका उद्देश्य कोटा, बूंदी और झालावाड़ के पर्यटन स्थलों को राज्य पर्यटन की मुख्यधारा में जोड़ना है।

### राजस्थान पुलिस व राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (Gujarat) के बीच एमओयू

- राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात के बीच 24 नवंबर 2025 को पुलिस मुख्यालय, जयपुर में एमओयू हस्ताक्षरित हुए।
- इससे पुलिसिंग में अनुसंधान आधारित सुधार, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक और आंतरिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य अधिक प्रभावी और संगठित तरीके से हो सकेगा।
- इसका उद्देश्य राष्ट्रीय व आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अकादमिक, प्रशिक्षण और अनुसंधान सहयोग बढ़ाना और स्मार्ट पुलिसिंग, सुरक्षा नवाचार, क्षमता-विकास के संयुक्त कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है।

## राजस्थान डिजिफेस्ट में कॉमिक कॉन के लिए एमओयू

- राजस्थान सरकार ने आगामी टाई ग्लोबल समिट और राजस्थान डिजिफेस्ट के दौरान पॉप कल्चर इवेंट 'कॉमिक 'कॉन' के आयोजन के लिए कॉमिक कॉन इंडिया से एमओयू किया है।
- इसके तहत पहला जयपुर कॉमिक कॉन 4 से 6 जनवरी तक सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित होने वाले टाई ग्लोबल समिट और डिजिफेस्ट का हिस्सा होगा।
- इसका उद्देश्य तकनीकी नवाचारों और प्रशंसकों को एक मंच पर लाना है।
- यह जयपुर के हेरिटेज के साथ पॉप कल्चर और प्रौद्योगिकी के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेगा।
- यह आयोजन राज्य सरकार की एवीजीसी पॉलिसी के तहत किया जा रहा है।
    - o यह नीति राजस्थान सरकार ने प्रदेश में नए निवेश, उद्यमिता और युवाओं को इन नए सेक्टर्स में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जारी की थी।
- कॉमिक कॉन से राज्य सरकार की आईस्टार्ट योजना और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।
- राजस्थान के एनिमेशन, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र में कार्यरत स्टार्टअप्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्लेटफार्म उपलब्ध होगा।

## चिकित्सा शिक्षा विभाग–मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी एमओयू

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (यूके) के साथ 11 नवंबर 2025 को एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- यह सहयोग स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के सह-विकास, संयुक्त शिक्षण व शैक्षणिक अदला-बदली को बढ़ावा देगा।
- एमओयू के तहत गैर-संचारी रोगों (NCDs) की रोकथाम और नियंत्रण के क्षेत्र में भी सहयोग किया जाएगा।
- स्वास्थ्य सेवाओं, यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज और अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर ज्ञान, अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने हेतु नेटवर्क निर्माण किया जाएगा।

## IIT जोधपुर–BSF एमओयू: स्वदेशी एंटी-ड्रोन तकनीक का विकास

- IIT जोधपुर और सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने सीमाओं की सुरक्षा को नई तकनीक के माध्यम से मजबूत बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- इस सहयोग के अंतर्गत दोनों संस्थान ड्रोन एवं एंटी-ड्रोन तकनीक, तथा एआई आधारित सुरक्षा नवाचारों पर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।
- इस साझेदारी का उद्देश्य भारत की सीमाओं को स्वदेशी AI-संचालित हाई-टेक सुरक्षा प्रणाली से लैस करना है।
- एंटी-ड्रोन तकनीक से सीमा पार से आने वाले ड्रोन की घुसपैठ पर नियंत्रण भी संभव हो सकेगा।

# खेल

## 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

- इसका उद्घाटन 24 नवम्बर 2025 को एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में हुआ।
- इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, सांसद मंजू शर्मा, राज्य के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं अन्य मंत्री उपस्थित रहे।
- इन खेलों का समापन समारोह 5 दिसंबर 2025 कोपूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर में होगा।

**आयोजन की विशेषताएँ**

- गायक स्वरूप खान ने इन खेलों का एंथम **"पधारो म्हारे राजस्थान, जीत लो सारा हिन्दुस्तान"** प्रस्तुत किया।
- **मैस्कॉट 'खम्मा' और 'घणी'**




- गेम्स के **2 मैस्कॉट— "खम्मा और घणी"** राजस्थान के राजकीय पशु ऊंट और परंपरागत अभिवादन "खम्मा घणी" से प्रेरित हैं।
- इन खेलों का **लोगो** राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत का मिश्रण प्रस्तुत करता है—
    - o **हवा महल :** स्थापत्य वैभव का प्रतीक
    - o **रणथंभौर किला :** साहस और दृढ़ शक्ति का प्रतीक
    - o **विंडमिल्स :** राज्य की प्रगतिशील सोच व सतत विकास भावना
    - o **रेतीले टीले :** मरुस्थलीय सुंदरता और विस्तार का बोध
- **टॉर्च** पर कमल की आकृति और राजस्थान की कला का सुंदर संयोजन भी दर्शाया गया है।
- **सबसे बड़े दल:** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU), पंजाब – कुल 267 खिलाड़ी
- मेजबान राजस्थान – कुल 235 खिलाड़ी (163 पुरुष + 72 महिला)
- इसके मुकाबले 7 प्रमुख शहरों - **जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और बीकानेर शहरों** में होंगे।
- **कुल 24 खेल—23 पदक खेल और 1 प्रदर्शन खेल (खो-खो)।**
- **24 खेल:** एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हॉकी, तैराकी, टेनिस, फुटबॉल, तीरंदाजी, शूटिंग, मल्लखंभ, साइक्लिंग, रग्बी, जूडो, बीच वॉलीबॉल, केनोइंग एवं कयाकिंग, कबड्डी, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस, योगासन, तलवारबाजी, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती और खो-खो (प्रदर्शन मैच)।

- मेजबान राजस्थान की टीम में 163 पुरुष और 72 महिला खिलाड़ी शामिल।
- **मशाल हस्तांतरण:** अर्जुन अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय आर्चर **रजत चौहान** और युवा विश्व बॉक्सिंग चैंपियन **अरुंधति चौधरी** ने KIUG की मशाल मुख्यमंत्री को सौंपी।
- **पहली बार शामिल खेल:** बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग एवं कयाकिंग, साइक्लिंग।
- **राजस्थान में पहली बार बीच वॉलीबॉल**– आयोजन स्थल: उदयपुर
- सबसे अधिक प्रतिभागी: 560 (एथलेटिक्स)
- सबसे कम प्रतिभागी: 96–96 (मल्लखंभ और योगासन)
- **नोट:** पिछले KIUG में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी 66 पदकों (28 स्वर्ण) के साथ टॉप पर रही थी।

### खेलों की सूची और स्थान

| शहर | आयोजित खेल |
|---|---|
| अजमेर | रग्बी, खो-खो |
| भरतपुर | कुश्ती, बॉक्सिंग |
| बीकानेर | कबड्डी, भारोत्तोलन |
| जोधपुर | योगासन, टेबल टेनिस |
| कोटा | तलवारबाजी, वॉलीबॉल |
| उदयपुर | जूडो, बीच वॉलीबॉल, केनोइंग एवं कयाकिंग |
| जयपुर | जयपुर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हॉकी, तैराकी, टेनिस, फुटबॉल, तीरंदाजी, शूटिंग, मल्लखंभ, साइक्लिंग। |

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में राजस्थान की टीमें

- राजस्थान के 232 खिलाड़ी 15 खेलों में भाग लेंगे।

| खेल | खिलाड़ी |
|---|---|
| कबड्डी | 36 (सर्वाधिक) |
| साइक्लिंग | 28 |
| शूटिंग | 23 |
| कुश्ती | 23 |
| तीरंदाजी | 10 |
| एथलेटिक्स | 6 |
| बैडमिंटन | 12 |
| बास्केटबॉल | 12 |
| बॉक्सिंग | 20 |
| हॉकी | 18 |
| जूडो | 10 |
| कयाकिंग/केनोइंग | 11 |
| रग्बी | 11 |
| टेबल टेनिस | 10 |
| भारोत्तोलन | 2 |

### KIUG: पूजा ने जीता राजस्थान का पहला मेडल

- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पूजा ने रोड साइक्लिंग में सिल्वर मेडल जीतकर राजस्थान को पहला पदक दिलाया।
- उन्होंने महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया।
- जयपुर–आगरा हाईवे पर आयोजित महिला 30 किमी एलिट व्यक्तिगत टाइम ट्रायल में पूजा ने 46:52.003 मिनट का समय निकालते हुए सिल्वर जीता।

### कोटा की अरुंधति चौधरी बनी वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियन

- कोटा की बॉक्सर अरुंधति चौधरी विश्व चैंपियन बन गई हैं।
- ग्रेटर नोएडा में आयोजित 70 किग्रा कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में उजबेकिस्तान की जोकिरोवा अजीजा को 0–5 से हराया।
- अरुंधति पहले भी यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण जीत चुकी हैं।
- अरुंधति अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 7 स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।
- अरुंधति अब एशियन गेम्स एवं ओलंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- इस चैम्पियनशिप में भारतीय महिला बॉक्सर ने 7 स्वर्ण और पुरुष बॉक्सर ने 2 स्वर्ण सहित कुल पदक 20 जीते।

### पैरा शटलर कृष्णा नागर – जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में 2 स्वर्ण पदक

- पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता तथा राजस्थान के बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर ने जापान में आयोजित ह्यूलिक दाई हसू जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में 2 स्वर्ण पदक जीते।
- कृष्णा ने पुरुष एकल में स्वर्ण जीता और नित्या श्री सिवन के साथ मिक्स्ड डबल्स में भी स्वर्ण पदक जीता।
- ये दोनों स्वर्ण पदक SH6- कैटेगरी में प्राप्त किए गए।

### ISSF वर्ल्ड कप – राजस्थान के योगेश कुमार को रजत पदक

- काहिरा (इजिप्ट) में आयोजित आइएसएसएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप (राइफल एवं पिस्तौल) में राजस्थान के शूटर योगेश कुमार ने भारत के लिए रजत पदक जीता।
- 50 मीटर पिस्तौल मेंस टीम इवेंट में योगेश ने साथियों रविंद्र सिंह और कमलजीत के साथ पदक जीता।

### एलेन वर्ल्डकप – अवनि लेखरा को 1 स्वर्ण और 1 रजत पदक

- चांगवान, कोरिया में आयोजित एलेन वर्ल्डकप पैरा शूटिंग में राजस्थान की अवनि लेखरा ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर थ्री-पी वूमेन इवेंट में रजत पदक भी हासिल किया।

## 69वीं स्कूल नेशनल वुशू प्रतियोगिता

- स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित 69वीं स्कूल नेशनल U17- वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान कुल 28 अंक जुटाकर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती।
- बालिका वर्ग ने 3 स्वर्ण और 2 रजत सहित 21 अंक के साथ प्रथम स्थान ट्रॉफी जीती।
- ओवरऑल टीम प्रदर्शन में कुल 4 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक जीते।

| स्वर्ण पदक विजेता | रजत पदक विजेता | कांस्य पदक विजेता |
|---|---|---|
| हिमानी वैष्णव – 60 किग्रा<br>अलमास खान – 65 किग्रा<br>रिया मिश्रा – 70 किग्रा<br>अंशुमन – 75 किग्रा | गायत्री पूनिया – 45 किग्रा<br>नोजल – 56 किग्रा | दिव्यांश – 52 किग्रा<br>मनीष – 56 किग्रा |

## नेशनल पैरा तैराकी चैंपियनशिप : राजस्थान तीसरे स्थान पर रहा

- हैदराबाद में आयोजित 25वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप राजस्थान ने कुल 97 पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया।
- इसमें राजस्थान ने 36 स्वर्ण, 39/38 रजत और 23 कांस्य पदक सहित कुल 97 पदक जीते।
- दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष — राजबाला सैनी।

## राष्ट्रीय सब-जूनियर बॉयज जूडो : राजस्थान ओवरऑल उपविजेता

- हैदराबाद में 19–16 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर बॉयज जूडो प्रतियोगिता में राजस्थान ओवरऑल उपविजेता बना।
- इसमें 1 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल कुल 4 पदक जीते।
- राजस्थान के विजेंदर कुमार ने 35 किग्रा भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के खेलेंद्र पाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- **राजस्थान राज्य जूडो संघ के संरक्षक**— आई. के. दत्ता।
- **राजस्थान राज्य जूडो संघ के अध्यक्ष** — हरीश चंद शर्मा।

## एशियन इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप : भारत को सिल्वर, राजस्थान की दिव्यकृति टीम में शामिल

- थाईलैंड के पटाया में आयोजित एशियन इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप में भारतीय ड्रेसाज टीम ने रजत पदक जीता।
- इसमें भारत बहुत कम अंतर से (केवल 0.2%) स्वर्ण पदक से चूका।
- भारतीय टीम में तीन प्रमुख राइडर्स गौरव पुंडीर (उत्तर प्रदेश), दिव्यकृति सिंह (राजस्थान) और श्रुति वोरा (महाराष्ट्र) शामिल रहे।
- इसमें स्वर्ण पदक थाईलैंड को मिला, जबकि हांगकांग ने कांस्य हासिल किया।
- **नोटः** दिव्यकृति सिंह वह पहली भारतीय अश्वारोही बनीं जिन्होंने एशियन गेम्स और एशियन चैम्पियनशिप दोनों में पदक जीते हैं।

## RUFC ने पहली बार गवर्नर्स गोल्ड कप जीता

- राजस्थान की फुटबॉल टीम RUFC ने सिक्किम के प्रतिष्ठित गवर्नर्स गोल्ड कप में पहली बार हिस्सा लेकर खिताब जीता है।
- इसका फाइनल मुकाबला पेल्जोर स्टेडियम, गंगटोक (सिक्किम) में खेला गया।
- RUFC ने 29 नवंबर 2025 को फाइनल में टीम ने सर्विसेज एफसी को 0–1 से हराया।
- इसमें निर्णायक गोल 59वें मिनट में जोसेफ लालवेनहिमा ने किया।

### प्रमुख पुरस्कार

- नाओबा मैतेइ – प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट।
- जोसेफ – प्लेयर ऑफ द मैच।
- पेड्रो एस्ट्राय – मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर।

## अल्ट्रा मैराथनः अमर सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

- चीथवाड़ी (चौमूं) के धावक अमर सिंह देवंदा ने थाईलैंड में आयोजित 100 किमी अल्ट्रा मैराथन में 6 घंटे 59 मिनट 37 सेकंड में दौड़ पूरी कर मुख्य रेस जीतकर स्वर्ण पदक जीता।
- इससे पहले अमर सिंह ने अप्रैल 2024 में कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित एशिया–ओशिनिया अल्ट्रा मैराथन में 24 घंटे में 272.537 किमी दौड़कर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था।
- वह अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 4 गोल्ड और 1 सिल्वर जीत चुके हैं।

## 25वीं राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप : राजस्थान ने 47 पदक जीते

- पैरालंपिक समिति द्वारा हैदराबाद में आयोजित 25वीं राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम ने 18 स्वर्ण, 19 रजत और 10 कांस्य सहित कुल 47 पदक जीते।

### स्वर्ण पदक विजेता

- सूरजभान, वेदांत सिंह, शिवदेव सिंह, लाखन सिंह, निर्मला देवी, जिया, साधना मलिक, डिंपल वैष्णव, अजय देबेंदा, अनमोल, किरण टांक, भैराराम और संजय सांखला।

### रजत पदक विजेता

- डिंपल वैष्णव, रामनिवास, शिवदेव सिंह, लाखन सिंह, विक्रम सिंह गुर्जर, येशु स्वामी, पप्पू देवी, भागीरथ राम, अनमोल, निर्मला, जिया, वेदांत, युधिष्ठिर, ओमप्रकाश, विष्णु और संजय सांखला।

### कांस्य पदक विजेता

- विक्रम सिंह गुर्जर, सीता देवी, मोहन सिंह, गुरजंट, जमनालाल, मनोज, ओमप्रकाश, सहिराम, जगवीर सिंह और युधिष्ठिर।

## सीनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में राजस्थान को दो कांस्य

- 36वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला एवं पुरुष तलवारबाजी प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ियों गजेन्द्र (जयपुर) ने फायल वर्ग में और करण सिंह (अलवर) ने सैबर वर्ग में कांस्य पदक जीता।

- करण सिंह ने इससे पहले लगातार 10 वर्षों से सैबर में स्वर्ण पदक जीते हैं।
- सैबर में स्वर्ण घीषू निधि (सेना) और रजत अभय शिंदे (महाराष्ट्र) को मिला।
- फायल वर्ग में स्वर्ण देव कुमार (हरियाणा) तथा रजत मोहम्मद इस्माइल खान (SSB) ने जीता।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान के 24 खिलाडियों ने भाग लिया।

## ग्रैपलिंग नेशनल चैंपियनशिप – पूजा शर्मा के 2 स्वर्ण पदक

- अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में आयोजित जूनियर एवं सीनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की पूजा शर्मा ने 58 किलो वर्ग में पूजा ने दो स्वर्ण पदक जीते।
- नोगी कैटेगरी में उन्होंने मध्यप्रदेश की हेमा कुमारी को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- नोगी कैटेगरी में उन्होंने टोंक (राजस्थान) की निकिता कुमारी को हराकर दूसरा स्वर्ण जीता।

## अक्षत राव को राष्ट्रीय जूनियर ताइक्वांडो में रजत पदक

- राजस्थान के अक्षत राव ने 42वीं जूनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक बेंगलुरु में आयोजित हुई।
- अक्षत ने यह उपलब्धि 48 किलो भार वर्ग में प्राप्त की।

## ग्रैपलिंग चैंपियनशिप : राजस्थान ने जीते 33 पदक

- उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय जूनियर ग्रैपलिंग चैंपियनशिप में राजस्थान ने 8 स्वर्ण, 10 रजत और 15 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीते।
- **स्वर्ण पदक विजेता:** नमामी यादव, मीरा पारीक, तमन्ना, रुद्रप्रताप, आरुषि शर्मा, अरुण स्वामी, मान त्यागी और उमरा खान।
- **रजत पदक विजेता:** आरुषि शर्मा, दैविक अग्रवाल, ज्योति चौधरी, सेलवी कुमावत, मधुर, काव्या अवस्थी, वैदिक रावत, ओजस जिंदल, भव्या, हर्षित।
- **कांस्य पदक विजेता:** मानवेंद्र सिंह, दैविक अग्रवाल, मानस करमचंदानी, तनु दुबे, प्रियल चौधरी, ओजस जिंदल, भव्या, काव्या, हेमंत सिंह, अदिति, आयुष, शिनॉय, आयुषी, तन्वी शर्मा, युवी शर्मा।

## किक बॉक्सिंग में अमीश शिवदास को 2 स्वर्ण

- पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जयपुर के अमीश शिवदास ने 2 स्वर्ण पदक जीते।
- उन्होंने 94 किग्रा वर्ग के लाइट कॉन्टेक्ट और लो किक दोनों इवेंट में स्वर्ण प्राप्त किया।
- यह उनका लगातार तीसरा नेशनल गोल्ड है।

## मास्टर्स तैराकी: सुधा खण्डेलवाल को कांस्य

- हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी कॉम्प्लेक्स में आयोजित 21वीं नेशनल मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप में जयपुर की सुधा खण्डेलवाल ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता।
- इसे भारतीय तैराकी महासंघ तथा तेलंगाना स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया।

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप: आराध्या चटर्जी को स्वर्ण

- जयपुर की आराध्या चटर्जी ने 8वीं नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया।
- इसके फाइनल में आराध्या ने उत्तराखंड की तेजस्विनी को हराकर स्वर्ण जीता।
- यह प्रतियोगिता अलीपुर, दिल्ली में बॉक्सिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित हुई।

## शूटिंग: पोशिका मावलंकर ने कांस्य पदक जीता

- अहमदाबाद में आयोजित 34वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में जयपुर की अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पोशिका गुप्ता ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- उन्होंने हाल ही में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भी भाग लिया था।

## ट्रायथलॉन: ईशिता गुप्ता बनीं आयरनमैन वर्ल्ड चैंपियन

- 9 नवंबर को गोवा में हुई आयरनमैन 70.3 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जयपुर की ईशिता गुप्ता ने खिताब जीता।
- 23 वर्ष की ईशिता ने कुल 7 घंटे 51 मिनट में 1.9 किमी तैराकी, 90 किमी साइक्लिंगऔर 21.1 किमी दौड़ पूरी की।
- वह इस चैंपियनशिप में राजस्थान की सबसे युवा महिला विजेता बनी है।

## जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल: राजस्थान गर्ल्स टीम को कांस्य पदक

- गाज़ियाबाद में आयोजित 44वीं जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की गर्ल्स टीम ने कांस्य पदक जीता।
- इस टीम ने पिछले वर्ष राजस्थान ने रजत पदक जीता था।
- राजस्थान टीम ने दिल्ली को 18-21 ,12-21 से हराकर कांस्य पदक जीता।
- महाराष्ट्र ने पहला और यूपी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप में राजस्थान को कांस्य पदक

- गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 44वीं जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप में राजस्थान गर्ल्स टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।
- टीम ने दिल्ली को 21–12, 21–18 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- इसी प्रतियोगिता में राजस्थान बॉयज़ टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

### जूनियर एशिया कप – आर्चरी में तीन राजस्थानी खिलाड़ी भारतीय टीम में चयनित

- जेद्दाह में होने वाले जूनियर एशिया कप के लिए राजस्थान के 3 तीरंदाजों का चयन किया गया है।
- कंपाउंड पुरुष वर्ग की भारतीय टीम में प्रद्युम्न यादव, वसु यादव, और देवांश सिंह को स्थान मिला है।
- **नोटः** राजस्थान तीरंदाज़ी संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह है।

### वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग चैम्पियनशिप : अरशान खान ने जीता गोल्ड

- इंडोनेशिया में आयोजित मिस्टर वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप मेंराजस्थान के अरशान खान ने 100 किग्रा से अधिक भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता।
- अरशान ने 30 देशों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया।
- अगस्त 2024 में आयोजित 56वीं एशियन चैम्पियनशिप में वे एशिया के नंबर - 1 खिलाड़ी चुने गए थे।

### 'टूर डी थार'– बीकानेर में पहली 200 किमी की अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग रेस

- बीकानेर में देश की पहली 200 किमी अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग रेस 'टूर डी थार' आयोजित की गई।
- यह रेस अमृतसर–जामनगर भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर बीकानेर के नौरंगदेसर से देसलसर तक 50 किमी के ट्रैक पर आयोजित की गई।
- इसमें भारत, फ्रांस, स्विट्ज़रलैंड, सिंगापुर सहित कई देशों के साइक्लिस्ट शामिल हुए।
- 'टूर डी थार' का नाम अब विश्व की प्रतिष्ठित साइक्लिंग इवेंट्स Tour de France व Tour de Swiss की श्रेणी में दर्ज हो गया है।

### नीरज बत्रा – एशियन लैक्रोज गेम्स में भारतीय कोच

- रियाद (सऊदी अरब) में 17 से 23 नवंबर को आयोजित एशियन लैक्रोज गेम्स में राजस्थान के नीरज बत्रा भारतीय टीम के कोच के रूप में नियुक्त किए गए।
- नीरज बत्रा के नेतृत्व में राजस्थान की लैक्रोज टीम ने पिछले 3 वर्षों में सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर (पुरुष व महिला)सभी वर्गों में आयोजित 20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में से 13 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किए हैं।
- उनके मार्गदर्शन में भारत ने पिछले एशियन लैक्रोज गेम्स में रजत पदक जीता था।

### नेशनल सब जूनियर व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान का प्रदर्शन

- चेन्नई में आयोजित सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान की दिव्यांशी जैन ने स्वर्ण पदक जीता।
- फाइनल मुकाबले में उन्होंने महाराष्ट्र की शनाया परसरामपुरिया को 11–3, 11–7, 7–11, 11–9 से पराजित किया।
- इसके अलावा राजस्थान के धैर्य गोगिया और प्रभव बाजोरिया ने प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया।
- धैर्य सेमीफाइनल में दिल्ली के अमार्य बजाज से 5–11, 5–11, 8–11 से हार गए।
- प्रभव बाजोरिया को सेमीफाइनल में दिल्ली के अभ्युदय अरोड़ा ने 9–11, 11–13, 9–11 से हराया।

# विविध

### 8 मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी – राजस्थान देश में पहला राज्य

- खान विभाग ने बिलाड़ा में लाइमस्टोन के 8 प्री–एम्बेडेड मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई–नीलामी प्रक्रिया 7 नवंबर से शुरू की।
- 8 प्री–एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना है।
- सभी आवश्यक अनुमतियाँ जैसे माइनिंग प्लान और पर्यावरण स्वीकृति विभाग द्वारा पहले ही प्राप्त की गई हैं।
- इन कार्यवाहियों को सुगम बनाने के लिए RSMET को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

### उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक




- उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक 17 नवंबर 2025 को हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित की गई।
- इसमें राजस्थान से राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रतिनिधित्व किया।

### उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य

- हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख।

**संरचना**

- अध्यक्षः सभी क्षेत्रीय परिषदों की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री करते हैं।
- उपाध्यक्षः परिषद में शामिल राज्यों के मुख्यमंत्री क्रमशः एक-एक वर्ष के लिए उपाध्यक्ष पद पर कार्य करते हैं।
- **सदस्यः** प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल द्वारा नामित दो मंत्री और प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र से दो सदस्य।
- **सलाहकारः** नीति आयोग (पूर्व योजना आयोग) द्वारा नामित एक प्रतिनिधि, प्रत्येक राज्य का मुख्य सचिव और जोन में शामिल राज्यों द्वारा नामित एक वरिष्ठ अधिकारी/विकास आयुक्त।

### क्षेत्रीय परिषदें

- क्षेत्रीय परिषदें का उल्लेख संविधान में नहीं हैं।
- इन्हें संसद द्वारा बनाए गए राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अंतर्गत स्थापित किया गया है।
- इस अधिनियम के माध्यम से देश को पाँच प्रमुख क्षेत्रों—उत्तर, मध्य, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण में विभाजित किया गया था और प्रत्येक क्षेत्र के लिये एक परिषद का गठन किया गया।
- वर्ष 1971 के उत्तर-पूर्वी परिषद अधिनियम के माध्यम से एक अलग उत्तर-पूर्वी परिषद भी स्थापित की गई। (असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, मेघालय और सिक्किम शामिल)
- इन परिषदों का कार्य मुख्यतः सलाहकार प्रकृति का है।
- वे केंद्र और राज्यों से जुड़े सीमा विवाद, अंतर-राज्यीय परिवहन, भाषाई अल्पसंख्यक तथा सामान्य आर्थिक-सामाजिक हितों वाले विषयों पर सिफारिशें प्रस्तुत करती हैं।

## सहकार गैलरी का उद्घाटन

- सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंधन संस्थान (राइसेम), जयपुर में 'सहकार गैलरी' का उद्घाटन किया।
- यह पहल अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत की गई।
- इस गैलरी में सहकारिता का इतिहास, सिद्धांत, उपलब्धियाँ और नवाचार अलग-अलग खंडों में दर्शाए गए हैं।
- इसमें क्लिप बोर्ड्स, एक्रेलिक शीट्स, विनायल प्रिंट, फोटो फ्रेम्स और डिजिटल स्क्रीन उपयोग किए गए है।

## राजस्थान विधानसभा में 'वंदे मातरम् दीर्घा' का उद्घाटन

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर 26 नवंबर 2025 को राजस्थान विधानसभा के डिजिटल म्यूजियम में वंदे मातरम् दीर्घा का उद्घाटन किया गया।
- देश की विधानसभाओं में यह संभवतः पहली विधानसभा है जहाँ वंदे मातरम् दीर्घा का निर्माण हुआ है।
- वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इसके ऐतिहासिक पहलुओं को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।
- इससे पूर्व, पिछले संविधान दिवस पर देवनानी की पहल से राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में संविधान दीर्घा का लोकार्पण किया गया था।

## भारत–यूके संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर 2025'

- भारत और यूनाइटेड किंगडम की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर–2025' 17-30 नवम्बर 2025 को बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया।
- इस अभ्यास में भारत की सिख रेजिमेंट और यूके की रॉयल गोरखा राइफल्स के कुल 240 सैनिकों ने भाग लिया।
- इसमें आतंकवाद निरोधी ऑपरेशन, आधुनिक युद्ध तकनीक और संयुक्त अभियानों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

## जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए TSP फंड में वृद्धि

- अनुसूचित जनजाति समुदाय के विकास के लिए TSP (Tribal Sub-Plan) फंड को 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये किया गया।
- जनजातीय क्षेत्रों में प्रगति को बढ़ावा देने के लिए 'गोविंद गुरु जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना' शुरू की गई है, जो सामुदायिक वन अधिकार क्षेत्रों के विकास पर केंद्रित है।
- नई पहल के तहतदेवला–कोटड़ा (उदयपुर) और जसवंतपुरा (जालौर) में नए आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं।
- इसके अलावा शाहबाद (बारां) में सहरिया जनजाति खेल अकादमी की स्थापना की प्रक्रिया जारी है।

## राजस्थान हाईकोर्ट: में न्यायाधीशों के पद बढ़ेंगे

- हाईकोर्ट प्रशासन ने राज्य सरकार को जजों की संख्या बढ़ाकर कुल 60 जज करने का प्रस्ताव भेजा है।
- इस प्रस्ताव में जजों के 10 नए पद जोड़े जाने का उल्लेख है।
- वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट में 50 स्वीकृत पद हैं।प्रस्ताव मंजूर होने पर कुल संख्या 60 न्यायाधीश हो जाएगी।
- राजस्थान सरकार इसे सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार को अग्रेषित करेगी।
- इससे पूर्व 2018 में जजों की संख्या 40 से बढ़ाकर 50 की गई थी।

## ग्रामीण विकास सचिव पदनाम में बदलाव

- राजस्थान सरकार ने ग्रामीण विकास सचिव का पदनाम संशोधित किया।
- नए आदेश के अनुसार अब पद का नाम "सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग" होगा।

## यूएई की मिनर्वा एनर्जी द्वारा राजस्थान में 3 लाख करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश

- यूएई ने राजस्थान में लगभग ₹3 लाख करोड़ के निवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर ली है।
- इसका पूरा निवेश UAE की Minerva Energy Pvt. Ltd. के माध्यम से होगा।
- कंपनी राज्य में 60,000 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएँ विकसित करेगी, जिनमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमास बैटरी स्टोरेज परियोजनाएँ शामिल होंगी।
- इसे देश के ऊर्जा क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश माना जा रहा है।
- राजस्थान में भारत का सर्वाधिक सोलर रेडिएशन मिलता है। यहाँ प्रति वर्गमीटर प्रतिवर्ष लगभग 5.72 यूनिट सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता उपलब्ध है।

## IHMS में आभा आईडी अनिवार्य

- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक उन्नत, पारदर्शी और डिजिटल बनाने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम (IHMS) में अब आभा आईडी (Ayushman Bharat Health Account) का उपयोग अनिवार्य किया गया है।

- राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत राज्य के सभी नागरिकों के लिए आभा आईडी तैयार की जा रही है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य रिकॉर्ड एक ही प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रह सके।
- मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना (MNNRY) के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने के लिए अब पंजीकरण अनिवार्य रूप से आभा आईडी के माध्यम से किया जाएगा।
- आभा आईडी एक यूनिक डिजिटल हेल्थ पहचान है, जो व्यक्ति के सभी मेडिकल रिकॉर्ड को सुरक्षित रखती है।
- राज्य में अभी तक 6.37 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं, जिससे राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।

### राजस्थान के हर जिले में एक 'सौर ग्राम' विकसित होगा

- राजस्थान के प्रत्येक जिले में अब कम से कम एक आदर्श सौर ग्राम विकसित किया जाएगा।
- सभी डिस्कॉम को इस महीने के अंत तक ऐसे गांवों की सूची तैयार कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।
- अभी तक चूरू, बूंदी, टोंक, झालावाड़, अजमेर, राजसमंद, प्रतापगढ़, झुझुनूं और पाली जिलों में सौर ग्रामों का चयन किया जा चुका है।

### सहकार सदस्यता अभियान – राजस्थान में 8.90 लाख नए सदस्य बने

- सहकार सदस्यता अभियान के तहत लगभग 8,500 पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किए गए।
- अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को अधिक संख्या में सहकारिता आंदोलन से जोड़ना था।
- अभियान के दौरान सहकारी समितियों में 8.90 लाख से अधिक नए सदस्य जोड़े गए।
- यह उपलब्धि निर्धारित 7.34 लाख सदस्य लक्ष्य से लगभग 21.25% अधिक रही।

## सम्मेलन, बैठक, महोत्सव

### राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव

- चित्तौड़गढ़ में राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव का आयोजन 23 से 28 दिसंबर तक होगा।
- यह आयोजन सरकार के मार्गदर्शन व जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।
- इस महोत्सव में स्थानीय कारीगरों और लघु उद्योगों को राष्ट्रीय मंच मिलेगा और विशाल आयुर्वेद एवं पंचकर्म मेला प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहाँ पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का अनुभव मिलेगा।
- इसमें देशभर के कारीगर, कलाकार, स्वदेशी उद्यमी और आयुर्वेद विशेषज्ञ भाग लेंगे।

### घूमर महोत्सव

- राजस्थान का प्रसिद्ध घूमर महोत्सव 19 नवंबर 2025 को आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन राज्य के 7 शहरों अजमेर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में किया गया।
- इसका आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा किया गया।
- जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर संभाग में 6100 महिलाओं व युवतियों ने एक साथ घूमर नृत्य किया।
- यह आयोजन एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ।
- इसका मुख्य कार्यक्रम जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित हुआ।
- नृत्य प्रस्तुति घूमर की प्राचीन शैली **'एक बार हो पिया जयपुर शहर पधारजो'** गीत पर आधारित रही।

### 'नैपकॉन–2025': राष्ट्रीय श्वसन सम्मेलन

- भारतीय चेस्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित 27वें राष्ट्रीय श्वसन रोग सम्मेलन नैपकॉन–2025 का उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में किया।
- इस सम्मेलन का थीम "एरा ऑफ पल्मोनरी रेवोल्यूशन – बैक टू पिंक" था।
- इसका उद्देश्य स्वच्छ वायु और स्वस्थ फेफड़ों के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना है।
- इस कार्यक्रम में श्वसन रोग विशेषज्ञ, चिकित्सक और शोधकर्ता शामिल हुए।

### जयपुर व जोधपुर में 'हरित भारत एक्सपो' आयोजित होगा

- 'हरित भारत अभियान' के अंतर्गत एक्सपो आयोजित किया जाएगा।
- उद्देश्य— नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना।

**आयोजन—**

- पहला चरण: 21–23 नवंबर 2025, गांधी मैदान, जोधपुर।
- दूसरा चरण: 16–18 जनवरी 2026, JECC सीतापुरा, जयपुर।
- इससे राजस्थान को सोलर कंपोनेंट हब के रूप में पहचान मिलेगी।
- इससे अक्षय ऊर्जा आधारित MSMEs को बढ़ावा मिलेगा और सौर ऊर्जा के नए रोजगार सृजित होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस – शिल्प क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का सम्मान

- भारतीय शिल्प संस्थान, जयपुर में 2 नवंबर 2025 से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई।
- इस सम्मेलन की थीम 'कुंभ और निर्माण की संस्कृति' थी।
- इसमें शिल्प क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कारीगरों, डिजाइनरों, शिक्षकों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया।

### बूंदी महोत्सव 2025

- तीन दिवसीय बूंदी महोत्सव का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ध्वजारोहण कर 8 नवंबर 2025 को शुभारंभ किया।
- इसमें गढ़ गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना, पारंपरिक शोभायात्रा, लोक कला प्रदर्शन और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# रिपोर्ट एवं इंडेक्स

## बैंकिंग सेवाओं में शिकायतों के मामले में राजस्थान तीसरे स्थान पर

- राजस्थान प्रति एक लाख खाताधारकों पर 11.9 शिकायतों के साथ खराब बैंकिंग सेवाओं में देश में तीसरे स्थान पर रहा।
- रजस्थान में प्रति एक लाख खाताधारकों पर 11.9 शिकायत दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत 8.9 से 34% अधिक है। चंडीगढ़ पहले और दिल्ली दूसरे नंबर पर रहे।
- भारतीय रिजर्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना के तहत वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 4,18,184 शिकायतें थीं, जो 2022-23 में बढ़कर 7,03,544 और 2023-24 में 9,34,355 हो गईं।

## SIR 2026 में डिजिटल फार्म सबमिशन में राजस्थान पहले स्थान पर रहा

- मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 (SIR) के तहत राजस्थान में प्रपत्रों का वितरण के तहत अब तक 1.25 करोड़ से अधिक फॉर्म ऑनलाइन अपलोड कर दिए गए हैं।
- इसमें डिजिटल फार्म सबमिशन में राजस्थान प्रथम स्थान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर तमिलनाडु और तीसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल है।

## राजस्थान शहद उत्पादन में शीर्ष पाँच राज्यों में शामिल

- देश में कुल शहद उत्पादन में राजस्थान का योगदान 9% है।
- इसी योगदान के आधार पर राजस्थान उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार के साथ देश के 5 बड़े शहद उत्पादक राज्यों की सूची में शामिल हो गया है।
- मधुमक्खी पालन किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आय-स्रोत है।
- वर्तमान में राजस्थान में लगभग 8,200 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हो रहा है।
- **नोटः** अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ़ इस क्षेत्र में सबसे आगे हैं।
  - o राजस्थान सरकार इन जिलों के मधुमक्खी पालकों को 40% अनुदान के रूप में कुल 8 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगी।
- इसके अलावा वैज्ञानिक तकनीक, प्रशिक्षण और समस्या-समाधान की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत **भरतपुर और टोंक में मधुमक्खी पालन के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित** किए जा रहे हैं। (10–10 करोड़ रुपये की लागत से)

## बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान 2024 में राजस्थान का 4 प्रमुख श्रेणियों में पहला स्थान

- बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान 2024 में राजस्थान ने चार प्रमुख श्रेणियों—**बिज़नेस एंट्री, श्रम संबंधी सुविधाएं, पर्यावरण पंजीकरण, और सेवा क्षेत्र सुधार** में पहला स्थान प्राप्त किया।
- यह रिपोर्ट केन्द्रीय उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी की गई।

## वित्तीय समावेशन अभियान में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर

- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुँच बढ़ाने के लिए देशव्यापी संतृप्ति अभियान संचालित किया गया।
- इसका उद्देश्य गाँव-स्तर तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन सेवाओं को उपलब्ध कराना तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ना है।
- रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान ने इस अवधि में 1 करोड़ 28 लाख लाभार्थियों को जोड़कर देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- राजस्थान ने इस अभियान के दौरान 11,232 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर अधिकतम पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने में सफलता हासिल की।

| क्रम | राज्य | संख्या |
|---|---|---|
| **प्रथम** | उत्तर प्रदेश | 1 करोड़ 30 लाख |
| **द्वितीय** | राजस्थान | 1 करोड़ 28 लाख |
| **तृतीय** | महाराष्ट्र | 1 करोड़ 40 हजार |
| **चतुर्थ** | बिहार | 97 लाख 53 हजार |
| **पंचम** | आंध्र प्रदेश | 91 लाख 50 हजार |

## पीएम सूर्य घर योजनाः राजस्थान की स्थिति

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश के घरों में एक लाख 257 रूफटॉप सोलर प्लांट लग चुके है। जिनकी क्षमता 408 मेगावॉट है।

**डिस्कॉमवार आँकडे**

1. जयपुर डिस्कॉमः 33,922 प्लांट
2. जोधपुर डिस्कॉमः 33,378 प्लांट
3. अजमेर डिस्कॉमः 32,957 प्लांट
   - वर्तमान में राजस्थान में औसतन हर महीने करीब 10,000 नए प्लांट लगाए जा रहे हैं।

- इस योजना के तहत अधिकतम 3 kW के प्लांट पर केंद्र सरकार की ओर से ₹78,000 की सब्सिडी देने का प्रावधान है।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में पंजीकृत उपभोक्ताओं को अतिरिक्त ₹17,000 की सहायता मिलेगी।
- **नोटः** पीएम सूर्य घर योजना में रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने में राजस्थान 5वें स्थान पर है, जबकि गुजरात 6,73,554 प्लांट लगाने के साथ पहले स्थान पर है।

## हिन्दुस्तान जिंक – वैश्विक स्थिरता (Sustainability) में प्रथम स्थान

- हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड को S&P Global Corporate Sustainability Assessment (CSA) 2025 में मेटल और माइनिंग सेक्टर में लगातार तीसरे वर्ष विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।
- इस कंपनी को 235 वैश्विक कंपनियों में से कुल 100 में से 90 अंक मिले। यह उपलब्धि कंपनी के जलवायु रणनीति, सामुदायिक विकास, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा नवीकरणीय ऊर्जा दक्षता में निरंतर सुधार का परिणाम है।

❖❖❖❖❖

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य

## राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए विधेयकों पर समय सीमा तय नहीं की जा सकती – सर्वोच्च न्यायालय

- सर्वोच्च न्यायालय 20 नवंबर 2025 को ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 राष्ट्रपति या राज्यपाल को विधेयकों पर निर्णय देने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा नहीं देते।
- न्यायालय ने कहा कि न्यायपालिका भी ऐसी कोई बाध्यकारी समयसीमा थोप नहीं सकती, क्योंकि यह संविधान में संशोधन जैसा होगा।
- अदालत ने माना कि "यथाशीघ्र" शब्द राज्यपाल को शीघ्र कार्रवाई करने का दायित्व देता है, लेकिन इसे निश्चित दिनों की सीमा में बदलना संविधान के अनुरूप नहीं है।
- न्यायालय के अनुसार "उचित समय" (reasonable time) में निर्णय अपेक्षित है, लेकिन इसे निश्चित समय सीमा में बदलना न्यायिक अतिक्रमण होगा।
- अत्यधिक देरी को न्यायिक समीक्षा के माध्यम से चुनौती दी जा सकती है।
- राज्यपाल या राष्ट्रपति अनिश्चितकाल तक देरी नहीं कर सकते, और यदि देरी अनुचित रूप से लंबी हो तो यह न्यायिक समीक्षा के दायरे में आएगा।

### पृष्ठभूमि

- तमिलनाडु बनाम गवर्नर मामले में 8 अप्रैल 2025 को सर्वोच्च न्यायालय की -2न्यायाधीशों की पीठ ने राज्यपाल के लिए 1 माह, और राष्ट्रपति के लिए 3 माह की समयसीमा सुझाई थी।
- इन समयसीमाओं की वैधता को चुनौती दी गई, जिसके बाद राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 143 के तहत इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट से सलाह मांगी थी।

## सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट असंवैधानिक घोषित

- सुप्रीम कोर्ट ने 19 नवंबर 2025 को ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 की कई प्रमुख धाराओं को असंवैधानिक घोषित किया।
- कोर्ट ने कहा कि यह अधिनियम केंद्र सरकार को ट्रिब्यूनलों की नियुक्ति, संचालन और सेवा शर्तों पर अत्यधिक नियंत्रण देता है, जो न्यायपालिका की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को 4माह के भीतर राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल आयोग (NTC) स्थापित करने का आदेश दिया।
- कोर्ट के अनुसार कार्यपालिका को दी गई अत्यधिक शक्तियाँ ट्रिब्यूनलों की स्वतंत्रता को प्रभावित करती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए प्रमुख प्रावधान

- **कार्यकाल:** अधिनियम में सदस्यों का कार्यकाल केवल चार वर्ष तय था।अदालत के अनुसार यह अवधि स्वतंत्रता को प्रभावित करती है, इसलिए यह प्रावधान असंवैधानिक घोषित हुआ।
- **न्यूनतम आयु सीमा:** अधिनियम ने ट्रिब्यूनल सदस्यों के लिए कम से कम 50 वर्ष की न्यूनतम आयु निर्धारित की थी।न्यायालय ने कहा कि यह सीमा योग्य और युवा विशेषज्ञों को बाहर कर देती है, इसलिए यह प्रावधान अवैध है।
- **केंद्र सरकार का अत्यधिक नियंत्रण:** वेतन, भत्ता, नियुक्ति प्रक्रिया और कार्यकाल सहित कई मामलों पर केंद्र का नियंत्रण था।सुप्रीम कोर्ट ने इसे न्यायिक स्वतंत्रता के विरुद्ध माना।

### महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसका पूर्व आदेश सलाह नहीं, बल्कि बाध्यकारी निर्देश था।कोर्ट ने कहा कि "संविधान वही है जो सर्वोच्च न्यायालय कहता है।"
- न्यायिक स्वतंत्रता सर्वोपरि है और कार्यपालिका के अधिकार सीमित हैं।

## संविधान (131वाँ संशोधन) विधेयक, 2025

- केंद्र सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में संविधान (131वाँ संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करेगी।
- इसका संशोधन का उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को अनुच्छेद 240 के दायरे में शामिल करना है।
- इससे चंडीगढ़ को अन्य गैर-विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों की तरह एक स्वतंत्र प्रशासक मिलेगा।
- वर्तमान में पंजाब के राज्यपाल चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में सेवा दे रहे हैं।
- अनुच्छेद 240 के तहत राष्ट्रपति को कुछ केंद्र शासित प्रदेशों के शासन के लिए नियम बनाने का अधिकार है।

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025

- वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने 243 में से 202 सीटें हासिल करके स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया।
- बिहार में विधान सभा में बहुमत हेतु 122 सीटें आवश्यक हैं।
- बिहार में भारतीय जनता पार्टी (BJP) 89 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभरी और जनता दल (यूनाइटेड) यानी JD(U) को 85सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) [LJP(RV)] ने 19 सीटें जीतीं।
- विपक्षी दल में राष्ट्रीय जनता दल (RJD) को 25 और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 6 सीटों का समर्थन मिला।

| राजनीतिक दल | सीटें |
|---|---|
| जनता दल (यूनाइटेड) | 85 |
| भारतीय जनता पार्टी | 89 |
| लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) | 19 |

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा | 5 |
| राष्ट्रीय लोकमत | 4 |
| राष्ट्रीय जनता दल | 25 |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 6 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) – लाइबरेशन | 2 |
| इंडियन इंक्लूसिव पार्टी | 1 |
| भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) | 1 |
| ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | 5 |
| बहुजन समाज पार्टी | 1 |

## सुप्रीम कोर्ट ने सरंडा वन को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का आदेश दिया

- सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को सरंडा वन को वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का आदेश दिया।
- यह फैसला क्षेत्र की दुर्लभ जैव-विविधता, पारिस्थितिक महत्व, और जनजातीय विरासत की रक्षा के उद्देश्य से लिया गया।

### सरंडा वन

- स्थान: पश्चिमी सिंहभूम, झारखंड।
- क्षेत्रफल: 820–900 वर्ग किमी.।
- एशिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक साल (Shorea robusta) वन।
- भू-रचना: पहाड़ियों और घाटियों के कारण इसे “सात सौ पहाड़ियों की भूमि” कहा जाता है।
- यह ओडिशा और छत्तीसगढ़ के वनों से जुड़कर एक बड़ा हरित गलियारा बनाता है।

## गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय संघ के नेता होंगे मुख्य अतिथि

- भारत ने इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।
- यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा को निमंत्रण भेजा गया है।
- यह पहली बार होगा जब यूरोपीय संघ के दोनों प्रमुख नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

## भारत का नया भूकंप मैप (2025)

- भारत का नया भूकंप मैप 28 नवंबर 2025 को BIS द्वारा जारी किया गया, और यह नया नक्शा IS 1893 (2025) भूकंप-प्रतिरोधी डिजाइन कोड का हिस्सा है।
- नए मैप में पहली बार जोन VI जोड़ा गया है, जिसे सबसे खतरनाक श्रेणी माना गया है।
- इस बदलाव के बाद देश का 61% हिस्सा मध्यम–उच्च खतरे वाले क्षेत्रों में आ गया है, जिससे कई शहरों के लिए जोखिम स्तर बढ़ गया है।
- नया नक्शा Probabilistic Seismic Hazard Assessment (PSHA) मॉडल पर आधारित है, जिसमें 50 वर्षों में 2.5% संभावना वाले सबसे बड़े भूकंप का अनुमान लगाया गया है।
- इसमें भूकंप की संभावित तीव्रता, सक्रिय फॉल्ट लाइन्स, मिट्टी-चट्टानों का डेटा, पुराने भूकंपों का इतिहास, PGA मान और भारतीय प्लेट की गति जैसी वैज्ञानिक जानकारियों का उपयोग किया गया है।
- नया मैप प्रशासनिक सीमाओं पर आधारित न होकर वास्तविक भूगर्भीय खतरे, जनसंख्या घनत्व और इमारतों के जोखिम के अनुसार है।

### भूकंप जोन




- पुराने मैप में चार जोन (II–V) थे और नए मैप में पांच जोन (II, III, IV, V, VI) हैं।
- जोन II: बहुत कम खतरा (%11 भूमि), दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्र।
- जोन III: मध्यम खतरा (%30 भूमि), मध्य भारत।
- जोन IV: उच्च खतरा (%18 भूमि), दिल्ली-मुंबई सहित कई प्रमुख शहर।
- जोन V: बहुत उच्च खतरा (%11 भूमि), पूर्वोत्तर और कच्छ क्षेत्र।
- जोन VI: सबसे अधिक खतरा, पूरा हिमालय—जम्मू-कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश तक।
- देश में मध्यम-उच्च खतरे वाला क्षेत्र %59 से बढ़कर %61 हो गया है।
- पुराने मैप में हिमालय को जोन IV और V में रखा गया था, लेकिन PSHA मॉडल ने दिखाया कि हिमालय में भूकंपीय ऊर्जा अत्यधिक जमा है।
- हिमालय भारत-यूरेशियन प्लेट टकराव क्षेत्र है जहाँ फॉल्ट्स लगातार सक्रिय हैं और इनके टूटने पर कंपन दक्षिण के शहरों तक पहुँच सकता है।

## भारतीय ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए 250 मिलियन डॉलर फंड लॉन्च

- भारत वैश्विक मंच (IGF) ने उच्च क्षमता वाले भारतीय उपभोक्ता और औद्योगिक ब्रांडों को वैश्विक बाजारों में विस्तार करने में सहायता देने के लिए 250 मिलियन डॉलर का फंड लॉन्च किया है।
- इस पहल का उद्देश्य भारतीय कंपनियों को दुबई को अपने अंतर्राष्ट्रीय विकास का केंद्र (global hub) बनाते हुए मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाना है।
- दुबई की मजबूत वैश्विक कनेक्टिविटी, IGF का नेटवर्क और DP World की लॉजिस्टिक क्षमताएँ मिलकर भारतीय कंपनियों को वैश्विक विस्तार के लिए सक्षम बनाएंगी।
- यह फंड खाद्य एवं पेय, उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटोमोटिव, और उन्नत विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रवेश हेतु विशेष सहायता प्रदान करेगा।

## संशोधित जिसने संशोधित भारत नेट योजना लागू करने वाला पहला राज्य

- पंजाब भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने संशोधित भारत नेट योजना को पूरी तरह लागू कर लिया है।
- इस योजना से पूरे राज्य में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, सीमावर्ती क्षेत्रों की लाइव मॉनिटरिंग और ग्रामीण डिजिटल सेवाओं की पहुँच में बड़ी वृद्धि हुई है।
- भारत नेट का उद्देश्य ग्रामीण भारत में डिजिटल कनेक्टिविटी और ई-गवर्नेंस को बढ़ाना है।

## महाराष्ट्र:सैटेलाइट इंटरनेट के लिए स्टारलिंकसे साझेदारी करने वाला पहला राज्य

- महाराष्ट्र भारत का पहला राज्य बना जिसने ग्रामीण क्षेत्रों और सरकारी संस्थानों में सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवाएँ प्रदान करने हेतु स्टारलिंक से समझौता किया है।
- इस समझौते पर हस्ताक्षर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में किए गए।
- यह पहल दूर-दराज के इलाकों तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाने के लिए की गई है।
- इस योजना के तहत वंचित जिलों और सरकारी संस्थानों में स्टारलिंक इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- स्टारलिंक, एलन मस्क द्वारा स्थापित SpaceX कंपनी की एक उपग्रह आधारित ब्रॉडबैंड सेवा है।
    - यह निम्न-पृथ्वी कक्षा (LEO) में उपग्रहों के नेटवर्क के माध्यम से हाई-स्पीड, लो-लेटेंसी इंटरनेट प्रदान करती है।

## सवेतन मासिक धर्म अवकाश नीति लागू करने वाला भारत का पहला राज्य

- कर्नाटक सरकार ने महिलाओं के लिए प्रति वर्ष 12 दिन का सवेतन मासिक धर्म अवकाश देने की पहल को मंज़ूरी दी।
- यह नीति सरकारी, निजी और औद्योगिक सभी प्रतिष्ठानों पर लागू होगी।
- यह नीति जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, ताइवान और स्पेन जैसे देशों की प्रगतिशील प्रणालियों के अनुरूप है।
- यह विशेष रूप से शारीरिक श्रम वाले क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए राहत प्रदान करेगी।

### नीति की प्रमुख बातें

- लाभार्थी: कर्नाटक की सभी महिला कर्मचारी (सरकारी व निजी)।
- अवकाश: प्रति माह 1 दिन, कुल 12 दिन प्रति वर्ष।
- उद्देश्य: महिलाओं के स्वास्थ्य, गरिमा और कार्यक्षमता को समर्थन देना।

## भारत दुनिया का 6वाँ सबसे बड़ा पेटेंट फाइलर बना

- विश्व बौद्धिक संपदा संकेतक (WIPI) 2025 रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2024 में 63,000 से अधिक पेटेंट दाखिल किए और दुनिया का 6वाँ सबसे बड़ा पेटेंट फाइलर बन गया।
- इनमें से 55% से अधिक आवेदन भारतीय नवप्रवर्तकों द्वारा किए गए थे।
- **नोट:** भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें स्थान से बढ़कर 38वें स्थान पर पहुँच गया है।
- वर्ष 2024 में दुनिया भर में 37 लाख पेटेंट आवेदन दायर हुए, जो 2023 की तुलना में 4.9% अधिक हैं।
- चीन 18 लाख आवेदनों के साथ पहले स्थान पर रहा, उसके बाद अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय पेटेंट कार्यालय का स्थान रहा।
- ट्रेडमार्क आवेदनों में भारत 555,613 फाइलिंग के साथ दुनिया में शीर्ष पाँच में शामिल रहा।
- डिज़ाइन आवेदनों में भारत 11वें से बढ़कर 7वें स्थान पर पहुँचा, जहाँ 43.2% वृद्धि दर्ज की गई।
- भौगोलिक संकेत (GI) के मामले में भारत के पास 658 भौगोलिक संकेतक (GI) लागू हैं, जो यूरोप के बाहर सबसे अधिक देशों में से एक है।

❖❖❖❖❖

# ३. आर्थिक परिदृश्य

## केंद्र सरकार ने 21 नवंबर 2025 को चार नए श्रम संहिताएँ लागू कीं

- केंद्र सरकार ने 21 नवंबर 2025 से चार नए श्रम कोड लागू कर दिए।
- इन्होंने देश के 29 पुराने श्रम कानूनों का स्थान लिया।
- ये संहिताएँ वेतन, रोजगार सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा को सरल, एकीकृत और आधुनिक ढांचा प्रदान करेगी।

### 4 संहिताएँ

1. वेतन संहिता 2019
2. औद्योगिक संबंध संहिता 2020
3. सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020
4. व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020

### उद्देश्य

- श्रम कानूनों को सरल बनाना।
- सभी श्रमिकों के लिए सुरक्षा, वेतन और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाना।
- गिग, प्लेटफ़ॉर्म, MSME, प्रवासी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को औपचारिक सुरक्षा दायरे में लाना।
- श्रम सुधारों से अनुपालन को आसान बनाना और निवेश आकर्षित करना।

| वेतन संहिता, 2019 | औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 | सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 | व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020 |
|---|---|---|---|
| • सभी श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन की व्यवस्था।<br>• वेतन का समय पर भुगतान अनिवार्य।<br>• राज्यों के बीच वेतन असमानता कम करने में मदद। | • श्रम विवादों के त्वरित निपटान के लिए बेहतर ट्रिब्यूनल व्यवस्था।<br>• नियोक्ता–कर्मचारी संबंधों में अधिक पारदर्शिता व स्थिरता।<br>• निवेश और औद्योगिक शांति को बढ़ावा। | • **दायरे में शामिल:** गिग व प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स, स्वरोज़गार करने वाले, प्रवासी श्रमिक और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक।<br>• PF, ESIC, पेंशन, बीमा जैसी सुविधाओं की पोर्टेबिलिटी।<br>• पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा ढांचे का विस्तार। | • सभी उद्योगों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा मानक तय।<br>• 40+ आयु वाले श्रमिकों के लिए वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य जांच।<br>• कार्यस्थलों की सुरक्षा, स्वच्छता और कार्य परिस्थितियों में सुधार। |

### नई श्रम संहिताओं से लाभ

- सभी श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी।
- युवाओं के लिए नियुक्ति पत्र अनिवार्य।
- महिलाओं को नाइट शिफ्ट समेत सभी क्षेत्रों में काम करने की अनुमति (सुरक्षा प्रबंध सहित)।
- 40 करोड़ श्रमिकों के लिए विस्तृत सामाजिक सुरक्षा।
- निश्चित अवधि के कर्मचारियों को 1 वर्ष के बाद ग्रेच्युटी का लाभ।
- ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन।
- खतरनाक क्षेत्रों में काम करने वालों के लिए उच्च सुरक्षा प्रावधान।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम मानकों के अनुरूप न्याय और सुरक्षा।

### पुराने बनाम नए श्रम कानून

| पुराने श्रम कानून | नए श्रम कानून |
|---|---|
| नियुक्ति पत्र अनिवार्य नहीं | हर श्रमिक को नियुक्ति पत्र |
| न्यूनतम वेतन सीमित उद्योगों तक | सभी के लिए न्यूनतम वेतन |
| ESIC कवरेज सीमित | पूरे देश में ESIC उपलब्ध |
| महिलाओं की नाइट शिफ्ट पर रोक | महिलाओं को सभी क्षेत्रों में कार्य की अनुमति |
| अनेक लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन | एकल रजिस्ट्रेशन, एकल रिटर्न, एकल लाइसेंस |
| स्वास्थ्य जांच अनिवार्य नहीं | 40 वर्ष से ऊपर मुफ्त स्वास्थ्य जांच |
| बिखरी हुई, जटिल श्रम व्यवस्था | सरल, आधुनिक और एकीकृत श्रम ढांचा |

## रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट प्रोजेक्ट को मंजूरी

- केंद्रीय कैबिनेट ने 26 नवंबर 2025 को 7,280 करोड़ रुपये की 'रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (REPM) मैन्युफैक्चरिंग योजना' को मंज़ूरी दे दी।
- यह योजना भारत में पहली बार एक इंटीग्रेटेड REPM निर्माण इकोसिस्टम तैयार करेगी, जिसके माध्यम से देश REPMs के आयात पर निर्भरता कम करेगा।
- इस पहल से भारत ग्लोबल REPM मार्केट में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### योजना की प्रमुख विशेषताएँ

- **उद्देश्य:** भारत में 6,000 MTPA (Metric Tons Per Annum) सिंटर किए गए REPMs की उत्पादन क्षमता स्थापित की जाएगी।
- इसके तहत 5 वर्ष की अवधि में ₹6,450 करोड़ बिक्री-आधारित प्रोत्साहन दिए जाएंगे।
- ₹750 करोड़ की पूंजीगत सब्सिडी 6,000 MT/वर्ष क्षमता स्थापित करने में सहायता करेगी।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया से 5 कंपनियों का चयन होगा, और प्रत्येक कंपनी को अधिकतम 1,200 MT/वर्ष क्षमता स्थापित करने की अनुमति होगी।
- इस योजनाकुल अवधि 7 वर्ष होगी:
    - o 2 वर्ष: सुविधाएँ स्थापित करने के लिए
    - o 5 वर्ष: प्रोत्साहनों के वितरण के लिए

### चयन प्रक्रिया

- कुल क्षमता 5 कंपनियों में विभाजित की जाएगी।
- प्रत्येक कंपनी को अधिकतम 1,200 MTPA तक की क्षमता मिलेगी।
- चयन वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया (Global Competitive Bidding) के माध्यम से किया जाएगा।

**रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट (REPMs)**

- REPMs दुनिया के सबसे शक्तिशाली परमानेंट मैग्नेट में शामिल हैं।
- इनका उपयोग इलेक्ट्रिक वाहन (EVs), पवन टरबाइन और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियाँ, एयरोस्पेस और रक्षा, औद्योगिक स्वचालन (Automation) और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स में होता है।
- भारत अभी इन मैग्नेट्स के आयात के लिए लगभग पूरी तरह चीन पर निर्भर है।

## पीएम फसल बीमा योजना में जंगली जानवरों के हमले और धान जलप्लावन भी कवर होंगे

- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधित नीति के अनुसार जंगली जानवरों के हमलों से होने वाला फसल नुकसान अब स्थानीयकृत जोखिम में 5वें अतिरिक्त कवर के रूप में शामिल होगा।
- इसके अलावा धान के खेतों में बाढ़ (जलप्लावन) को पुनःस्थानीय आपदा के तहत शामिल किया गया।
- इससे पहले ऐसे नुकसान बीमा के तहत कवर नहीं होते थे और न ही मुआवजा मिलता था।
- राज्यों को जंगली जानवरों की सूची अधिसूचित करनी होगी और संवेदनशील जिलों/बीमा इकाइयों की पहचान करनी होगी।
- किसानों को नुकसान की सूचना 72 घंटे में और फसल बीमा ऐप पर जियोटैग तस्वीरें अपलोड करनी होंगी।
- यह नया कवरेज खरीफ 2026 से लागू होगा।
- यह योजना हाथी, जंगली सूअर, नीलगाय, हिरण, बंदर जैसे जानवरों से प्रभावित किसानों को राहत देगी।

## अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना

- इसे 3 नवम्बर 2025 को नई दिल्ली में लॉन्च किया गया।
- यह फंड अनुसंधान, विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है।
- इसके तहत ₹1 लाख करोड़ अनुसंधान निधिगठित की गई है।
- इसका संचालन राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) के अंतर्गत होगा।
- यह उद्योगों या स्टार्टअप्स में निवेश नहीं करेगा, बल्कि AIFs, DFIs और NBFCs जैसे द्वितीय स्तरीय फंड मैनेजरों के माध्यम से पूंजी उपलब्ध कराएगा।
- इसके तहत उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाले प्रोजेक्ट्स को वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- यह फंड भारत को वैश्विक अनुसंधान और नवाचार शक्ति के रूप में स्थापित करेगा।
- देश में Ease of Doing Research को बढ़ावा मिलेगा, जिससे निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी।

## 'अनुसंधान' फंड और डीपटेक नवाचार पहल

- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को सशक्त करने के लिए दो नई वित्तीय पहलों की घोषणा की:
    1. **स्टार्टअप फंड ऑफ फंड्स (द्वितीय संस्करण)** — शुरुआती चरण के डीपटेक स्टार्टअप्स के लिए समर्थन।
    2. **₹1 लाख करोड़ का 'अनुसंधान (Anusandhan) फंड'** — अनुसंधान, उत्पाद विकास और परिवर्तनकारी तकनीकों (Transformative Technologies) में निवेश हेतु।
- इन पहलों से भारत का डीपटेक इकोसिस्टम मजबूत होगा और घरेलू तकनीकी नवाचार को गति मिलेगी।

## निर्यातकों के लिए नई ऋण आश्वासन योजना को मंजूरी (CGSE)

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर एक्सपोर्टर्स (CGSE) को मंजूरी दी है।
- यह MSME सहित निर्यातकों को वित्तीय सहायता और तरलता उपलब्ध कराने के लिए है।
- यह योजना भारत के 1 ट्रिलियन डॉलर निर्यात लक्ष्य को समर्थन देने तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्य को मजबूत करने के लिए बनाई गई है।

- योजना के तहत NCGTC, सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100% क्रेडिट गारंटी कवरेज प्रदान करेगा।
- पात्र निर्यातकों को ₹20,000 करोड़ तक की अतिरिक्त ऋण सुविधा बिना संपार्श्विक के उपलब्ध कराई जाएगी।

## निर्यात संवर्धन मिशन (Export Promotion Mission – EPM) को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ₹25,060 करोड़ के बजट के साथ EPM को मंजूरी दी है, जिसकी घोषणा बजट 2025-26 में की गई थी।
- यह मिशन वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक चलेगा और इसका लक्ष्य निर्यातकों के लिए एक डिजिटल, लचीला और परिणाम-आधारित ढांचा प्रदान करना है।
- मिशन व्यापार वित्त की कमी, उच्च अनुपालन लागत और कमजोर ब्रांडिंग जैसी संरचनात्मक चुनौतियों को दूर करने पर केंद्रित है।
- यह मिशन कपड़ा, चमड़ा, रत्न-आभूषण, इंजीनियरिंग और समुद्री उत्पाद जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में सहायक होगा।

## USA और सिंगापुर भारत के FDI में शीर्ष योगदानकर्ता

- RBI की विदेशी देनदारियों और परिसंपत्तियों (FLA) की गणना 2024–25 के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका और सिंगापुर ने संयुक्त रूप से भारत के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में 34% से अधिक योगदान दिया।

### शीर्ष FDI स्रोत देशों का योगदान

| देश | FDI योगदान (%) |
|---|---|
| • संयुक्त राज्य अमेरिका | • 20% |
| • सिंगापुर | • 14.3% |
| • मॉरीशस | • 13.3% |
| • यूनाइटेड किंगडम | • 11.2% |
| • नीदरलैंड | • 9% |

- भारत में कुल FDI परिसंपत्ति मूल्य ₹61.88 लाख करोड़ से अधिक हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.1% वृद्धि दर्शाता है।
- विनिर्माण क्षेत्र को FDI का 48.4% निवेश हासिल हुआ।
- इसके अलावा सेवा क्षेत्र दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा। विशेष रूप से डिजिटल, आईटी, एवं बिज़नेस सेवाओं में निवेश बढ़ा।

## भारत का प्रत्यक्ष बाह्य निवेश (ODI)

- प्रत्यक्ष बाह्य निवेश (ODI) से तात्पर्य किसी भारतीय कंपनी द्वारा अपने संचालन का विस्तार विदेशों में करने से है।
- वर्ष 2024–25 में भारत का ODI ₹11.66 लाख करोड़ तक पहुँचा, जिसमें 17.9% वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

### शीर्ष ODI गंतव्य

| देश | ODI योगदान (%) |
|---|---|
| सिंगापुर | 22.2% |
| अमेरिका | 15.4% |
| यूनाइटेड किंगडम | 12.8% |
| नीदरलैंड | 9.6% |

- **नोट:** ODI की वृद्धि FDI से अधिक रही, जो भारतीय कंपनियों के वैश्विक विस्तार में तेजी को दर्शाती है।

## SBI ने 100 अरब डॉलर मार्केट कैप वाला पहला भारतीय सरकारी बैंक बना

- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने 100 अरब डॉलर के बाजार पूँजीकरण और 100 ट्रिलियन रुपये के कुल कारोबार को पार करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।
- एसबीआई यह मुकाम हासिल करने वाला पहला सरकारी भारतीय बैंक बन गया है, जबकि एचडीएफसी बैंक पहले ही वैश्विक शीर्ष 10 में पहुँच चुका है।
- एसबीआई अब एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक जैसी कंपनियों की सूची में शामिल हो गया है जिन्होंने 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार किया है।
- बाजार पूँजीकरण में रिलायंस इंडस्ट्रीज 228 अरब डॉलर के साथ पहले स्थान पर है, जबकि एचडीएफसी बैंक 170 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर है।

## 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी

- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और अन्य सदस्यों ने 17 नवंबर 2025 को 2026–2031 के लिए तैयार रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी।
- यह रिपोर्ट संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 281 के तहत प्रस्तुत होने के बाद सार्वजनिक होगी।
- यह रिपोर्ट 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की अवधि के लिए कर-वितरण, अनुदान, आपदा प्रबंधन वित्त और राजकोषीय ढांचे का आधार बनेगी।

### वित्त आयोग

- वित्त आयोग, जो संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत गठित होता है, केंद्र–राज्य के बीच करों की शुद्ध आय-वितरण की सिफारिश करता है।
- यह राज्यों के बीच आय विभाजन, अनुदानों के सिद्धांत, आपदा प्रबंधन के वित्तीय प्रावधान तथा राष्ट्रपति द्वारा संदर्भित अन्य विषयों पर सुझाव देता है।

**16वाँ वित्त आयोग**

- यह आयोग 31 दिसंबर 2023 को गठित किया गया।
- अध्यक्ष: डॉ. अरविंद पनगढ़िया

**सदस्य:**

1. एनी जॉर्ज मैथ्यू
2. डॉ. मनोज पांडा
3. टी. रबी शंकर (अंशकालिक)
4. डॉ. सौम्यकांति घोष (अंशकालिक)

- **सचिव:** ऋत्विक पांडे

**भारत की अर्थव्यवस्था ने FY26 की दूसरी तिमाही (जुलाईसितंबर) में 8.2% की GDP वृद्धि दर्ज की**

- इसे NSO ने जारी किया, और यह वृद्धि Q2 FY-25 के5.6% की तुलना में काफी अधिक रही।
- इस वृद्धि में उद्योग और सेवाओं के मजबूत विस्तार की प्रमुख भूमिका रही है।

**क्षेत्रवार प्रदर्शन**

- मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र 9.1% बढ़ा है।
- निर्माण क्षेत्र 7.2% बढ़ा।
- सेवाएँ क्षेत्र 9.2% बढ़ा, जिसमें वित्तीय, रियल एस्टेट और प्रोफ़ेशनल सेवाओं ने 10.2% की वृद्धि दर्ज की।
- कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की वृद्धि 3.5% पर रही, जो मौसम की अस्थिरता से प्रभावित रही।
- बिजली, गैस और जल आपूर्ति जैसी यूटिलिटी सेवाओं में 4.4% की वृद्धि दर्ज की गई।

❖❖❖❖❖

# 4. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## 20वां जी - 20 शिखर सम्मेलन 2025

- यह सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 22–23 नवंबर 2025 को आयोजित हुआ।
- **सम्मेलन की थीम:** "एकजुटता, समानता, स्थिरता" (Solidarity, Equality, Sustainability)
- पहली बार किसी अफ्रीकी देश ने जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की है।
- इसमें भारत का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- दक्षिण अफ्रीका 1 दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक जी-20 का अध्यक्ष देश है।
- वर्ष 2026 में G20 समिट की मेजबानी संयुक्त राज्य अमेरिका करेगा।
- 19वाँ G20 शिखर सम्मेलन ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित हुआ था।
- **नोट:** अफ्रीकी संघ 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान जी-20 का स्थायी सदस्य बना था।

**मुख्य सत्र और प्रमुख फोकस**

- **समावेशी व सतत आर्थिक विकास:** वैश्विक व्यापार, विकास वित्तपोषण और बढ़ते ऋण संकट पर चर्चा।
- **एक लचीला विश्व (A Resilient World):** आपदा जोखिम में कमी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा परिवर्तन, व खाद्य प्रणालियों को मजबूत करने पर विचार।
- **सभी के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत भविष्य:** महत्वपूर्ण खनिज, सभ्य कार्य (Decent Work) और वैश्विक शासन में AI की भूमिका पर विमर्श।
- **नोट:** भारत ने दिसंबर 2022–नवंबर 2023 के दौरान G20 की अध्यक्षता की और सितंबर 2023 में नई दिल्ली में 18वां G20 समिट होस्ट किया।

## G-20




- इसका गठन एशियाई वित्तीय संकट (1997-98) के बाद वर्ष 1999 में किया गया।
- प्रारंभ में यह मंच केवल वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों के लिए था.
- वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद यह राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों के स्तर पर आयोजित होने लगा।
- उद्देश्य: विश्व अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श कर एक मजबूत, संतुलित और स्थिर वैश्विक आर्थिक व्यवस्था स्थापित करना।
- हर वर्ष G-20 शिखर सम्मेलन किसी एक सदस्य देश की अध्यक्षता में आयोजित किया जाता है।
- इसका कोई स्थायी सचिवालय नहीं है।
- इसकी अध्यक्षता (Presidency) को ट्रोइका नामक तंत्र से सहयोग मिलता है।
- ट्रोइका में तीन देश शामिल रहते हैं: पिछला अध्यक्ष, वर्तमान अध्यक्ष और आने वाला अध्यक्ष।

**सदस्य**

- **19 देश:** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका।
- **संगठन:** यूरोपीय संघ (EU) और अफ्रीकी संघ (AU)।
- वर्ष 2025 ट्रोइका: ब्राज़ील – दक्षिण अफ्रीका- संयुक्त राज्य अमेरिका।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया-कनाडाः ACTI प्रौद्योगिकी एवं नवाचार साझेदारी की शुरुआत

- भारत, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने जोहान्सबर्ग में G-20 शिखर सम्मेलन के दौरान ACTI—ऑस्ट्रेलिया-कनाडा-इंडिया टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन साझेदारी की शुरुआत की।
- इस पहल के माध्यम से तीनों देशों ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर सहयोग को औपचारिक रूप दिया गया।
- इसका उद्देश्य हरित ऊर्जा नवाचार, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं में लचीलापन और नेट-ज़ीरो लक्ष्यों के अनुरूप वैश्विक तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है।
- यह पहल शासन और सार्वजनिक सेवा सुधार के लिए AI विकास में तेजी लाने के तरीकों की खोज भी करेगी।
- इस सहयोगात्मक एजेंडे को लागू करने के लिए तीनों देश 2026 की पहली तिमाही में बैठक करेंगे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अंगोला और बोत्सवाना की यात्रा

### अंगोला यात्रा

- राष्ट्रपति मुर्मू 8–13 नवंबर 2025 को अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा पर रही।
- दोनों देशों की किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की पहली यात्रा थी।
- भारत ने अंगोला की रक्षा आधुनिकीकरण हेतु 200 मिलियन USD की Line of Credit को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू की है।
- राष्ट्रपति मुर्मू ने अंगोला की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम तथा संसद में संबोधन किया।
- अंगोला भारत की ऊर्जा सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण तेल-उत्पादक साझेदार है।

### बोत्सवाना यात्रा

- यह यात्रा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हुई।
- राष्ट्रपति मुर्मू और राष्ट्रपति ड्यूमा गिडियन बोको के बीच द्विपक्षीय वार्ता में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, ऊर्जा और डिजिटल तकनीक पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।
- दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिससे बोत्सवाना के नागरिकों को भारतीय दवाओं की सस्ती और गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
- राष्ट्रपति मुर्मू ने बोत्सवाना की संसद को संबोधित भी किया।

## प्रधानमंत्री मोदी की भूटान यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के निमंत्रण पर 11–12 नवंबर 2025 को भूटान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा की।
- इस यात्रा का उद्देश्य भारत–भूटान के विशेष संबंधों और पारंपरिक मैत्री को और मज़बूत करना था।
- प्रधानमंत्री मोदी ने चांगलिमथांग में आयोजित समारोह में चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो की 70वीं जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
- प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के राजा ने 11 नवंबर 2025 को संयुक्त रूप से **1020 मेगावाट पुनात्सांगछू-II जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन** किया।
  - o यह परियोजना भारत–भूटान ऊर्जा सहयोग का महत्वपूर्ण प्रतीक है और भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी।
- इसके अलावा भारत ने भूटान को ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ₹4,000 करोड़ की रियायती ऋण सुविधा (LoC) देने की घोषणा की।
- गेलेफू क्षेत्र के लिए भारत ने असम के हतिसार में एक नया आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

## USA ने सऊदी अरब को बड़ा नॉन-NATO सहयोगी बनाया

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने सऊदी अरब को औपचारिक रूप से मेजर नॉन-NATO अलाय (MNNA) घोषित किया है।
- इससे रियाद अब सैन्य और आर्थिक विशेषाधिकारों के मामले में इज़राइल के बराबर हो गया है।
- अमेरिका और सऊदी अरब ने रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सिविल न्यूक्लियर सहयोग और महत्वपूर्ण खनिजों को शामिल करने वाला रणनीतिक समझौता किया है।
- इस दर्जे से सऊदी अरब को उन्नत सैन्य उपकरणों और आर्थिक विशेषाधिकारों तक पहुंच मिलेगी, पर NATO जैसी सामूहिक रक्षा प्रतिबद्धता लागू नहीं होगी।
- MNNA दर्जा मिलने के तुरंत बाद अमेरिका ने सऊदी अरब को F-35 स्टेल्थ फाइटर जेट्स बेचने की पुष्टि की, जिससे सऊदी अरब पांचवीं पीढ़ी के विमान प्राप्त करने वाला पहला अरब देश बन गया है।
- **नोटः** भारत को 2016 में "बड़ा रक्षा साझेदार" घोषित किया गया था, लेकिन उसे अभी भी मेजर नॉन-NATO सहयोगी का दर्जा नहीं मिला है।

### नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (NATO)

- NATO की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को उत्तरी अटलांटिक संधि (वाशिंगटन संधि) के माध्यम से की गई।
- इसके संस्थापक सदस्य 12 देश थे, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और कनाडा शामिल थे।
- संगठन के वर्तमान में 32 सदस्य राष्ट्र हैं और इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में स्थित है।
- NATO सामूहिक रक्षा के सिद्धांत पर आधारित है, जो इसके अनुच्छेद 5 में उल्लिखित है।

## कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज 30 (COP 30)

- यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के तहत 10 से 21 नवंबर 2025 को बेलेम, ब्राज़ील में आयोजित किया गया।

- इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, अनुकूलन (Adaptation), शमन (Mitigation), वित्त, और जलवायु न्याय को आगे बढ़ाना है।

**मुख्य परिणाम**

- COP30 ने **बेलेम पैकेज** को अपनाया, जिसमें 29 निर्णय शामिल हैं और जिसका उद्देश्य केवल चर्चाओं से आगे बढ़कर क्रियान्वयन, जलवायु वित्त, न्यायपूर्ण संक्रमण, अनुकूलन निगरानी, लैंगिक समावेशन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है।
- **ग्लोबल मुतीराओ समझौता** नए लक्ष्यों के बजाय देशों के बीच सहयोग और कार्यान्वयन क्षमता को प्राथमिकता देता है।
- ब्राज़ील ने ग्लोबल मुतीराओ प्लेटफॉर्म शुरू किया, जो ऊर्जा, वित्त और व्यापार क्षेत्रों में डिजिटल माध्यम से प्रतिबद्धताओं और वास्तविक प्रगति के बीच की दूरी को घटाने पर केंद्रित है।

**महत्वपूर्ण पहलें**

- COP30 में **जस्ट ट्रांज़िशन मैकेनिज़्म (JTM) / बेलेम एक्शन मैकेनिज़्म (BAM)** को अपनाया गया, जिसका उद्देश्य जीवाश्म ईंधन आधारित अर्थव्यवस्थाओं के लिए क्षमता-विकास और सहयोग को सक्षम बनाना है, हालांकि इसमें सुनिश्चित वित्तीय प्रावधान नहीं हैं।
- ग्लोबल इम्प्लीमेंटेशन ट्रैकर और बेलेम मिशन टू 1.5°C लॉन्च किए गए, ताकि देशीय कदम और NDC यह सुनिश्चित कर सकें कि वे 1.5°C वार्मिंग सीमा के अनुरूप हैं।
- अनुकूलन प्रयासों को गति देने के लिए NAP इम्प्लीमेंटेशन एलायंस शुरू किया गया, साथ ही देशों ने 2030 तक अनुकूलन वित्त को 2025 की तुलना में तीन गुना करने पर सहमति दी।
- वैश्विक अनुकूलन लक्ष्य (GGA) के तहत प्रगति मापने के लिए 59 स्वैच्छिक संकेतक तय किए गए और बाकू अनुकूलन रोडमैप को अंतिम रूप मिला।
- **बेलेम हेल्थ एक्शन प्लान** शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य जलवायु प्रभावों से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है। यह जलवायु-परिवर्तन कार्रवाई और सार्वजनिक स्वास्थ्य को जोड़ने वाली पहली वैश्विक योजना है।
- ब्राज़ील ने **ट्रॉपिकल फॉरेस्ट्स फॉरएवर फैसिलिटी (TFFF)**शुरू की, जो उपग्रह-निगरानी आधारित पेमेंट-फॉर-परफॉर्मेंस मॉडल पर आधारित है और लगभग 125 अरब डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखती है।
- **बेलेम 4x प्रतिज्ञा** की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य 2035 तक संधारणीय ईंधनों के उपयोग को 2024 की तुलना में चार गुना बढ़ाना है।
- **बेलेम घोषणा** जारी की गई, जिसमें 43 देशों और EU ने जलवायु नीति में कमजोर समुदायों को केंद्र में रखने पर जोर दिया और अनुकूलन तथा सामाजिक सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने की वकालत की।
- **बेलेम लैंगिक कार्य योजना (GAP)**को मंजूरी मिली, जिसका उद्देश्य जलवायु शासन में महिलाओं की भागीदारी को सुदृढ़ करना है।

**प्रमुख चुनौतियाँ**

- जीवाश्म ईंधन चरणबद्ध समाप्ति पर कोई साझा समझौता नहीं हुआ।
- जलवायु वित्त पर पर्याप्त स्पष्टता और मजबूत प्रगति नहीं हुई।
- भारत सहित कई बड़े उत्सर्जक देशों ने अद्यतन NDC समय पर प्रस्तुत नहीं किए, जिससे वैश्विक महत्वाकांक्षा प्रभावित हुई।
- कई प्रतिज्ञाओं के बावजूद ठोस समयसीमा, जवाबदेही और निगरानी तंत्र अस्पष्ट रहे।
- न्यायसंगत संक्रमण तंत्र में सुनिश्चित वित्त उपलब्ध न होने से इसका प्रभाव सीमित रहता है।

**UNFCCC और COP**

- COP, UNFCCC का सर्वोच्च निर्णय-निर्माण मंच है, जिसकी स्थापना 1992 के रियो सम्मेलन के बाद हुई।
- COP की शुरुआत 1995 में बर्लिन से हुई और COP30 तक यह 198 देशों का मंच बन चुका है।
- COP, CMP (क्योटो प्रोटोकॉल) और CMA (पेरिस समझौता) के रूप में भी कार्य करता है।
- COP की मेजबानी पाँच UN क्षेत्रों में रोटेशन प्रणाली से होती है; अगली मेजबानी क्रमशः तुर्की (COP31), इथियोपिया (COP32) और भारत द्वारा प्रस्तावित COP33 (2028) की है।

**संयुक्त राष्ट्र जल अभिसमय में शामिल होने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश**

- बांग्लादेश ने नवंबर 2025 में आधिकारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र जल अभिसमय (UN Water Convention) को स्वीकार किया।
- वह ऐसा करने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश बना।
- यह सीमा-पार जल प्रबंधन को बहुपक्षीय कानूनी ढांचे के तहत सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।
- यह अभिसमय 1992 में हेलसिंकी में अपनाया गया था और 1996 में UNECE ढांचे के तहत लागू हुआ था।
- यह साझा नदियों, झीलों और जलभृतों के न्यायसंगत एवं टिकाऊ उपयोग का कानूनी ढांचा प्रदान करता है।
- **नोटः** भारत ने इस अभिसमय को अभी तक स्वीकार नहीं किया है और वह जल विवादों को हल करने के लिए मुख्यतः द्विपक्षीय समझौतों पर निर्भर है।

## मालदीवः तंबाकू पर पीढ़ीगत प्रतिबंध लागू करने वाला दुनिया का पहला देश

- मालदीव ने 1 नवंबर 2025 से दुनिया का पहला पीढ़ीगत तंबाकू प्रतिबंध लागू किया है।
- इस कानून के अनुसार 1 जनवरी 2007 के बाद जन्मे किसी भी व्यक्ति को तंबाकू उत्पादों के उपयोग और खरीद दोनों से प्रतिबंधित किया गया है।

- यह कानून देश के स्थानीय निवासियों और विदेशी आगंतुकों, दोनों पर लागू होता है।
- कानून के तहत सभी आयु समूहों के लिए वेपिंग और ई-सिगरेट पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।
- यह प्रतिबंध तंबाकू नियंत्रण अधिनियम में दूसरे संशोधन के माध्यम से लागू किया गया है।
- नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं पर 50,000 मालदीवियन रुफ़िया का जुर्माना लगाया जाएगा।
- वेपिंग उपकरणों का उपयोग करते पाए जाने वाले व्यक्तियों पर 5,000 रुफ़िया का जुर्माना लगेगा।

## UAE 2025 में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मानवीय दाता बना

- UNOCHA की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मानवीय सहायता प्रदाता बना है।
- संयुक्त अरब अमीरात (UAE)ने 1.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता प्रदान की है, जो वैश्विक मानवीय सहायता का 7.2% है।
- संयुक्त अरब अमीरात (UAE)अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाद तीसरे स्थान पर रहा।
- 2025 में वैश्विक मानवीय सहायता का कुल आंकड़ा 20.28 बिलियन डॉलर रहा।
- युद्ध, जलवायु आपदाओं और आर्थिक संकट के चलते सहायता की मांग में भारी वृद्धि हुई।

## 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सम्मेलन

- 8वाँ अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सम्मेलन 28 अक्टूबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसमें भारत ने वैश्विक सौर सहयोग को मजबूत करने के लिए कई नई अंतरराष्ट्रीय पहलें शुरू कीं।

## ISA 2025 की प्रमुख वैश्विक पहलें

1. **SUNRISE पहल**
   - ISA ने SUNRISE (Solar Upcycling Network for Recycling, Innovation & Stakeholder Engagement) पहल लॉन्च की।
   - इसका उद्देश्य सौर क्षेत्र में पुनर्चक्रण, नवाचार, हितधारक सहभागिता को बढ़ावा देकर सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूत करना है।
2. **वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड (OSOWOG)**
   - यह एशिया, मध्य पूर्व, यूरोप और अफ्रीका को जोड़ने वाला एक अंतरमहाद्वीपीय सौर ग्रिड नेटवर्क है।
   - इसका उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करना है।
3. **वैश्विक क्षमता केंद्र (Global Capacity Centre)**
   - यह केंद्र अनुसंधान, AI-आधारित प्रशिक्षण और सौर स्टार्टअप नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान के रूप में कार्य करेगा।
4. **ISA अकादमी**
   - यह एआई संचालित सौर शिक्षा मंच है, जो विभिन्न देशों की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
5. **सोलर इनोवैशन हब**
   - भारत में "सौर ऊर्जा की सिलिकॉन वैली" स्थापित करने का लक्ष्य रखता है, जिससे उन्नत सौर नवाचारों को गति मिलेगी।
6. **SIDS सौर प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म**
   - इसे ISA और विश्व बैंक ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।
   - यह छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के लिए कम लागत वाली और टिकाऊ सौर प्रणालियों की संयुक्त खरीद को सक्षम बनाता है।

### अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA)

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) की शुरुआत वर्ष 2015 में पेरिस में हुई, जब भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से UNFCCC के 21वें सम्मेलन (COP21) के दौरान इसकी घोषणा की।
- यह संस्था भारत में मुख्यालय रखने वाला पहला अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन बनी।
- वर्तमान में ISA में 125 देश (सदस्य + हस्ताक्षरकर्त्ता) शामिल हैं।
- ये देश स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद सौर ऊर्जा को विश्वभर में बढ़ावा देने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

**मुख्य उद्देश्य / मिशनः**

- सौर ऊर्जा को वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन का प्रमुख आधार बनाना।
- विश्व स्तर पर ऊर्जा उपलब्धता, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास को मजबूत करना।
- सौर ऊर्जा आधारित तकनीक और समाधान को अधिक व्यापक, सुलभ और प्रभावी बनाना।

## 7वाँ कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (CSC)

- इसका आयोजन 20 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित किया।
- यह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) स्तर का सम्मेलन था।
- इस सम्मेलन की थीमः "हिंद महासागर क्षेत्र में समन्वित सुरक्षा सहयोग" थी।
- इस सम्मेलन में मालदीव, मॉरिशस, श्रीलंका और बांग्लादेश ने भाग लिया।
- इसमें सेशेल्स पहली बार पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुआ।
- मलेशिया अतिथि देश के रूप में उपस्थित रहा।
- **पाँच प्रमुख स्तंभः** समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद और कट्टरपंथ का निरोध, मानव/ड्रग्स तस्करी और ट्रांसनेशनल अपराध, साइबर सुरक्षा और महत्वपूर्ण अवसंरचना की रक्षा और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR)।
- **उद्देश्यः** हिंद महासागर में सामूहिक सुरक्षा रणनीति को मजबूत करना, आतंकवाद व संगठित अपराध के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई बढ़ाना और साइबर सुरक्षा और तकनीकी ढाँचे के संरक्षण में सहयोग।

### कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (CSC)

- CSC एक सुरक्षा मंच है, जिसकी स्थापना 2011 में समुद्री सुरक्षा सहयोग के लिए हुई।
- प्रारंभिक सदस्य: भारत, श्रीलंका, मालदीव।
- हाल ही में मॉरिशस चौथा सदस्य बना।

### पहला BIMSTEC–भारत महासागर अनुसंधान नेटवर्क सम्मेलन

- पहला द्विवार्षिक बिम्सटेक–भारत समुद्री अनुसंधान नेटवर्क (BIMReN) सम्मेलन 4–6 नवंबर तक केरल के कोच्चि में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में बिम्सटेक क्षेत्र के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया।
- इसका उद्देश्य समुद्री अनुसंधान में प्रगति की समीक्षा करना और सतत महासागर प्रशासन के लिए संयुक्त दृष्टिकोण विकसित करना था।
- BIMReNकी शुरुआत भारत के विदेश मंत्रालय ने 2024 में बिम्सटेक देशों के समुद्री अनुसंधान केंद्रों और शीर्ष भारतीय संस्थानों को जोड़ने के लिए की।
- इस पहल की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 के कोलंबो बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में की थी।

### डेनमार्क में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध

- डेनमार्क ने15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई है।
- 13 और 14 वर्ष के किशोर प्लेटफॉर्म का उपयोग केवल माता-पिता की अनुमति से कर सकेंगे।
- इस कदम का उद्देश्य बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना और ऑनलाइन समय को कम करना है।

### भारत–अमेरिका -10वर्षीय डिफेंस फ्रेमवर्क समझौता

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 31 अक्टूबर 2025 को एक 10-वर्षीय “फ्रेमवर्क फॉर द यूएस-इंडिया मेजर डिफेन्स पार्टनरशिप” समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को दिशा देगा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और नियम-आधारित व्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा।
- यह समझौता मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित आसियान-भारत रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक के दौरान हुआ।

#### -10वर्षीय रक्षा ढांचे की प्रमुख बातें

- यह समझौता निम्नलिखित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करेगा —
  - सैन्य समन्वय और संयुक्त अभ्यास
  - रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी व नवाचार
  - सूचना और खुफिया आदान-प्रदान
  - रक्षा उद्योग में सहयोग
  - इंडो-पैसिफिक में समुद्री सुरक्षा

### भारत–अमेरिका LPG समझौता

- भारत ने पहली बार अमेरिका से LPG आयात के लिए एक संरचित ऊर्जा समझौता किया है।
- इसके तहत 2026 से हर वर्ष 2.2 MTPA LPG खरीदी जाएगी।
- यह मात्रा भारत के कुल LPG आयात का लगभग 10% होगी, जिससे ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्तिकर्ता विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।
- वर्तमान में भारत अपनी LPG मांग का 60% से अधिक आयात करता है, जिसमें मुख्य आपूर्ति पश्चिम एशिया से आती है।
- भारत की सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मिलकर अमेरिका के साथ एलपीजी का यह करार किया है।
- भारत दुनिया का दूसरा बड़ा LPG उपभोक्ता है। अभी भारत अपनी LPG जरूरतों का 50% से ज्यादा आयात करता है और ज्यादातर सप्लाई पश्चिम एशिया के बाजारों से आती है।

### एनवीडिया का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हुआ

- अमेरिकी सेमीकंडक्टर कंपनी एनवीडिया ने अपना मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 453 लाख करोड़ रुपए) पार कर लिया है।
- यह उपलब्धि हासिल करने वाली **दुनिया की पहली कंपनी** बन गई है।
- वर्तमान में माइक्रोसॉफ्ट और एपल क्रमशः दूसरी और तीसरी सबसे मूल्यवान कंपनियाँ हैं।
- माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 4.03 ट्रिलियन डॉलर (356 लाख करोड़ रुपए) है,
- जबकि एपल की मार्केट वैल्यू 4.02 ट्रिलियन डॉलर (355 लाख करोड़ रुपए) है।
- **नोटः** एनवीडिया का मूल्यांकन भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) से लगभग 90 लाख करोड़ रुपए अधिक है।

### भारत कोडेक्स कार्यकारी समिति में पुनः चुना गया

- कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (Codex Alimentarius Commission) के 48वें सत्र में भारत को एशिया क्षेत्र का प्रतिनिधि बनाकर 2027 तक CCEXEC में पुनः चुना गया है।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के कार्यकारी अधिका (FSSAI के CEO) राजित पुनहानी ने किया।
- भारत ने दस्तावेज अनुवाद सहित कोडेक्स कार्य प्रणालियों की दक्षता बढ़ाने हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग का भी समर्थन किया है।

### मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के पक्षकारों की 37वीं बैठक (MOP37)

- मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के पक्षकारों की 37वीं बैठक 3–7 नवंबर 2025 को नैरोबी स्थित UNEP मुख्यालय में आयोजित हुई।

- यह बैठक ओज़ोन परत संरक्षण में प्रगति की समीक्षा करने और आगे की रणनीतियों पर विचार करने के लिए आयोजित की गई थी।
- वर्ष 1985 के वियना कन्वेंशन और 1987 के मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत ओज़ोन-क्षयकारी रसायनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए वैश्विक प्रयास जारी हैं।

**पिछली और आगामी बैठकें**

- MOP 36: बैंकॉक (2024)
- MOP1: हेलसिंकी (1989)
- MOP38: किगाली, रवांडा (2026) — किगाली संशोधन की 10वीं वर्षगांठ पर।

## सामाजिक विकास के लिए द्वितीय विश्व शिखर सम्मेलन

- दूसरा विश्व शिखर सम्मेलन (World Summit for Social Development) दोहा, कतर में 4–6 नवंबर के बीच आयोजित किया गया।
- इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने किया। उन्होंने सामाजिक विकास के तीन स्तंभों को मजबूत करने पर उच्च-स्तरीय गोलमेज वार्ता में भाग लिया।

## भारत ने ताजिकिस्तान के आयनी एयरबेस पर अपना संचालन बंद किया

- भारत ने ताजिकिस्तान स्थित आयनी एयरबेस (Gissar Military Airbase – GMA) पर अपना संचालन आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया।
- यह मध्य एशिया में भारत का पहला विदेशी सैन्य ठिकाना था।
- भारत ने 1998 में फरखोर में अपना पहला विदेशी सैन्य केंद्र स्थापित किया था, जहाँ हेलीकॉप्टर सुविधा और सैन्य अस्पताल मौजूद था।
- 2008 में फरखोर बंद होने के बाद भारत ने आयनी एयरबेस को विकसित किया और इसे अपना दूसरा विदेशी सैन्य ठिकाना बनाया।
- आयनी बेस अफगानिस्तान के वाखान कॉरिडोर से लगभग 20 किमी दूरी पर स्थित था, जिससे भारत को मध्य एशिया तक सामरिक पहुँच और पाकिस्तान पर रणनीतिक बढ़त मिलती थी।
- 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान पर पुनः नियंत्रण के दौरान भारत ने इसी एयरबेस से अपने नागरिकों और अधिकारियों की निकासी संचालित की थी।

## इथियोपिया में मारबर्ग वायरस

- इथियोपिया में मारबर्ग वायरस रोग के प्रकोप से मृतकों की संख्या बढ़कर पाँच हो गई है और मृत्यु दर अब 50% तक पहुँच गई है।
- मारबर्ग वायरस एक अत्यधिक संक्रामक रोगज़नक़ है, जो इबोला जैसे गंभीर रक्तस्रावी बुखार का कारण बनता है।
- इसके लक्षणों में तेज बुखार, तीव्र सिरदर्द और तेजी से बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति शामिल है।
- WHO के अनुसार, गंभीर प्रकोप की स्थिति में इस बीमारी की मृत्यु दर 88% तक जा सकती है।

## इथियोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12,000 साल बाद फटा

- इथियोपिया के अफार क्षेत्र में स्थित हेली गुब्बी ज्वालामुखी 23 नवंबर 2025 को लगभग 12,000 साल बाद फटा।
- यह ज्वालामुखी अदीस अबाबा से लगभग 800 किमी उत्तर–पूर्व में, इरिट्रिया सीमा के पास स्थित है।
- यह क्षेत्र ईस्ट अफ्रीकन रिफ्ट ज़ोन का हिस्सा है, जहाँ अफ्रीकी और अरेबियन टेक्टोनिक प्लेटें हर साल 0.4–0.6 इंच की दर से अलग हो रही हैं।
- हेली गुब्बी एक शील्ड ज्वालामुखी है, जिसमें होलोसीन काल (12,000 साल) के दौरान कोई गतिविधि दर्ज नहीं की गई थी।

❖❖❖❖❖

# 5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### देश का सबसे भारी संचार उपग्रह CMS -03 सफलतापूर्वक लॉन्च

- भारत ने 2 नवंबर 2025 को LVM3-M5 रॉकेट के माध्यम से 4,410 किलोग्राम वजनी CMS-03 उपग्रह को लॉन्च किया।
- यह अब तक भारतीय लॉन्च साइट से भेजा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है।
- इस उपग्रह को भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा में स्थापित किया गया।
- यह प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया और यह LVM3 की पाँचवीं परिचालन उड़ान थी।

#### CMS-03 की प्रमुख विशेषताएँ

- CMS-03 (GSAT-7R) एक बहु-बैंड सैन्य संचार उपग्रह है, जो भारत के स्थल और समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित संचार सेवाएँ प्रदान करेगा।
- यह उपग्रह उच्च-गति इंटरनेट, विस्तृत प्रसारण सेवाएँ, और दूरस्थ व समुद्री क्षेत्रों में बेहतर संचार समर्थन उपलब्ध कराएगा।
- रॉकेट का कुल भार 642 टन और ऊँचाई 43.5 मीटर थी।
- CMS-03, वर्ष 2013 में लॉन्च हुए GSAT-7 उपग्रह का प्रतिस्थापन है।
- इसमें C, Extended C और Ku बैंड पर ट्रांसपोंडर लगे हैं, जिनका उपयोग ध्वनि, डेटा और वीडियो संचार के लिए किया जाएगा।
- यह उपग्रह भारतीय नौसेना की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा और दूरदराज क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार करेगा।

#### LVM3 रॉकेट

- LVM3, जिसे पहले GSLV Mk-3 कहा जाता था, में ठोस, द्रव और क्रायोजेनिक इंजन शामिल हैं।
- यह निम्न पृथ्वी कक्षा में 8,000 किग्रा तथा भू-समकालिक कक्षा में 4,000 किग्रा तक भार ले जाने में सक्षम है।

### विक्रम-I रॉकेट और स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का शुभारंभ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 नवंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्काईरूट एयरोस्पेस के इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया।
- इसके अलावा स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी के पहले ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल विक्रम-I का अनावरण किया गया।
- **नोटः** इससे पहले नवंबर 2022 में भारत के पहले निजी सबऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-S लॉन्च किया गया था।

#### विक्रम-I की मुख्य विशेषताएँ

- विक्रम-I का नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है।
- यह भारत का पहला निजी तौर पर विकसित ऑर्बिटल रॉकेट है।
- यह छोटे उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में स्थापित कर सकता है।

#### स्काईरूट का "इन्फिनिटी कैंपस"

- **हैदराबाद में** स्थापित यह 2,00,000 वर्ग फुट का अत्याधुनिक परिसर लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग के लिए पूर्ण रूप से तैयार किया गया है।
- स्काईरूट का लक्ष्य हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट का उत्पादन करना है।
- यह भारत की नई अंतरिक्ष नीति के तहत निजी क्षेत्र की व्यापक भागीदारी में सहायक होगा।

### गगनयान क्रू मॉड्यूल के मुख्य पैराशूट का सफल परीक्षण

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने गगनयान क्रू मॉड्यूल के मुख्य पैराशूटों का परीक्षण झांसी के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज (BFFR) में किया।
- यह परीक्षण इंटीग्रेटेड मेन पैराशूट एयर-ड्रॉप टेस्ट (IMAT) श्रृंखला का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य पैराशूट प्रणाली की योग्यता साबित करना है।
- एक सिम्युलेटेड द्रव्यमान को भारतीय वायु सेना के IL-76 विमान से 2.5 किमी ऊँचाई पर गिराया गया, और पैराशूट प्रणाली ने नियोजित अनुक्रम के साथ स्थिर अवतरण और सॉफ्ट लैंडिंग सुनिश्चित की।
- गगनयान पैराशूट सिस्टम में चार प्रकार के कुल 10 पैराशूट होते हैं—एपेक्स कवर सेपरेशन पैराशूट, ड्रोग पैराशूट, पायलट पैराशूट और मुख्य पैराशूट।
- मुख्य पैराशूट चरणबद्ध तरीके से खुलते हैं, जिसे रीफ़्ड-इन्फ्लेशन प्रक्रिया कहा जाता है, जिससे नियंत्रित तरीके से संपूर्ण तैनाती होती है।
- यह परीक्षण गगनयान को मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए योग्य बनाने की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्णहै।

### इसरो ने वर्ष 2030 तक मंगलयान-2 मिशन की घोषणा की

- इसरो ने घोषणा की है कि मंगलयान-2 मिशन 2030 में प्रक्षेपित किया जाएगा, जिसका लक्ष्य पहली बार मंगल ग्रह पर उतरना होगा।

- मिशन में एक ऑर्बिटर और एक लैंडर शामिल होगा, और एक छोटे रोवर की संभावना भी रखी गई है।
- यह मिशन भारत के बढ़ते गहन अंतरिक्ष अभियानों — जैसे चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 और निसार का विस्तार है।
- मंगलयान-2 के वैज्ञानिक पेलोड में MODEX, RO, EIS और LPEX शामिल होंगे, जो मंगल के वायुमंडल, धूल और पर्यावरण का अध्ययन करेंगे।
- मिशन के लिए उन्नत प्रणोदन, नेविगेशन और सटीक लैंडिंग प्रणालियों का विकास जारी है।
- प्रारंभिक डिज़ाइन और अध्ययन इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र एवं विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में शुरू हो चुके हैं।

### मंगलयान मिशन

- यह मिशन PSLV-C25 से 5 नवंबर 2013 को प्रक्षेपितकिया गया और 24 सितंबर 2014 को मंगल ग्रह कक्षा में पहुँचा था।
- मंगलयान मिशन से भारत पहले प्रयास में ही मंगल कक्षा में पहुँचने वाला और ऐसा करने वाला पहला एशियाई देश बना था।

## IN-SPACe–SIDBI ने स्पेस वेंचर कैपिटल फंड शुरू किया

- IN-SPACeऔर SIDBI वेंचर कैपिटल लिमिटेड ने भारत के निजी अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए ₹1,000 करोड़ का वेंचर कैपिटल फंड लॉन्च किया है।
- इस फंड का फोकस लॉन्च सिस्टम, सैटेलाइट एवं पेलोड निर्माण, इन-स्पेस सेवाएँ, पृथ्वी अवलोकन एवं संचार तकनीक और डाउनस्ट्रीम एप्लिकेशन जैसे क्षेत्रों पर है।
- इसका उद्देश्य स्वदेशी नवाचार और अंतरिक्ष वैल्यू चेन को मजबूत करना है।
- यह फंड अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े स्टार्टअप्स को शुरुआती एवं विकास पूंजी प्रदान करेगा।

## शेनझोउ-21: चीन का अंतरिक्ष मिशन

- चीन ने जिउक्वान प्रक्षेपण केंद्र से शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान को लॉन्ग मार्च-2F रॉकेट के माध्यम से सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
- यह यान कुछ घंटों में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ गया, जहाँ तीन सदस्यीय दल छह महीनों तक शोध, रखरखाव और स्पेसवॉक करेंगे।
- इस दल में झांग लू (कमांडर), वू फेई (इंजीनियर) और झांग होंगझांग (विशेषज्ञ) शामिल हैं, जिनमें वू फेई चीन के सबसे युवा अंतरिक्ष यात्री बने हैं।
- इस मिशन में चार चूहों के साथ एक विशेष जैविक प्रयोग भी भेजा गया है, ताकि सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण का स्तनधारी जीवों पर प्रभाव समझा जा सके।

## भारत का पहला कमर्शियल PSLV ओशनसैट लॉन्च होगा

- भारत में पहली बार पूरी तरह निजी क्षेत्र द्वारा निर्मित PSLV रॉकेट 2026 में लॉन्च होगा।
- अगले वर्ष की शुरुआत में ओशनसैट उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजेगा।
- यह PSLV-XL वेरिएंट हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और लार्सन एंड टुब्रो (L&T) द्वारा बनाया गया है,जो 2022 में ISRO द्वारा सौंपे गए पाँच PSLV निर्माण अनुबंध का हिस्सा था।
- HAL और L&T ने रॉकेट के सभी चरणों और सिस्टम इंटीग्रेशन का निर्माण पूरी तरह स्वयं किया।
- इससे निजी क्षेत्र की भागीदारी भारत को वैश्विक लॉन्च मार्केट में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी और कमर्शियल स्पेस इंडस्ट्री को मजबूत करेगी।

## 'प्रोजेक्ट सनकैचर' लॉन्च

- गूगल ने AI डेटा केंद्रों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की संभावनाओं के परीक्षण हेतु **'प्रोजेक्ट सनकैचर'**(Project SunCatcher)शुरू किया।
- यह शोध पहल सौर-ऊर्जा संचालित उपग्रहों के समूह के माध्यम से अंतरिक्ष आधारित डेटा सेंटर विकसित करने की दिशा में काम करती है।
- गूगल के अनुसार अंतरिक्ष एआई कंप्यूटिंग के विस्तार के लिए आदर्श स्थान है, क्योंकि वहाँ निरंतर सूर्य का प्रकाश मिलता है,वायुमंडलीय क्षति न्यूनतम होती है,सौर ऊर्जा अधिक उपलब्ध रहती है।
- यह वैक्यूम आधारित शीतलन ऊर्जा खपत को 40% तक कम कर सकता है।

### मुख्य बिन्दु

- गूगल 2027 की शुरुआत तक दो प्रोटोटाइप उपग्रह लॉन्च करेगा।
- भविष्य में उपग्रहों का नेटवर्क इंटरनेट की तरह विशाल AI हार्डवेयर को भी जोड़ सकेगा।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## भारतीय नौसेना: पहला माहे-श्रेणी ASW शैलो वाटर क्राफ्ट शामिल

- भारतीय नौसेना ने 24 नवंबर को पहला माहे-श्रेणी एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'माहे' को नौसेना में शामिल किया।
- यह प्लेटफॉर्म 80% से अधिक स्वदेशी सामग्रियों से निर्मित है।
- माहे को तटीय इलाकों में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए तेज़ और साइलेंट हंटर के रूप में विकसित किया गया है।
- यह पश्चिमी समुद्री तट की सुरक्षा को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और नौसेना के आधुनिकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देगा।

## स्वदेश निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक' भारतीय नौसेना में शामिल

- भारतीय नौसेना ने 6 नवंबर को कोच्चि स्थित नौसेना अड्डे पर स्वदेशी सर्वेक्षण पोत 'इक्षक' को सेवा में शामिल किया।
- यह सर्वेक्षण पोत (वृहद) श्रेणी का तीसरा पोत है।

- इस कमीशनिंग समारोह की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने की।
- इस पोत का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता ने किया है।
- 'इक्षक' में 80% से अधिक स्वदेशी घटक उपयोग किए गए हैं।
- 'इक्षक' का संस्कृत अर्थ मार्गदर्शक" है।
- यह मल्टी-बीम सोनार, स्वायत्त पानी के नीचे वाहनों जैसे उन्नत हाइड्रोग्राफिक और समुद्र विज्ञान उपकरणों से सुसज्जित है।
- यह पोत सुरक्षित नौवहन हेतु तटीय एवं गहरे समुद्र का विस्तृत सर्वेक्षण करेगा।
- **इस** पोत को मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) कार्यों के लिए भी डिज़ाइन किया गया है।
- आपात स्थिति में इसे अस्पताल पोत में बदलने की क्षमता है।
- यह नौसेना का पहला बड़ा सर्वेक्षण पोत है जिसमें महिला अधिकारियों और चालक दल के लिए अलग समर्पित आवास बनाया गया है।

## DRDO ने नई पीढ़ी के 'मैन-पोर्टेबल ऑटोनोमस अंडरवॉटर व्हीकल (MP-AUV)' विकसित किए

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)ने रियल टाइम में बारूदी सुरंग जैसी वस्तुओं का पता लगाने हेतु नई पीढ़ी के मैन-पोर्टेबल ऑटोनोमस अंडरवॉटर व्हीकल (MP-AUV) विकसित किए हैं।
- यह सिस्टम कई स्वायत्त अंडरवॉटर वाहनों से मिलकर बना है, जिनमें साइड स्कैन सोनार, हाई-एंड कैमरे और डीप लर्निंग आधारित पहचान एल्गोरिद्म शामिल हैं।
- डीप लर्निंग एल्गोरिद्म सिस्टम को विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को स्वतः पहचानने में सक्षम बनाते हैं, जिससे ऑपरेटर का कार्यभार कम होता है और मिशन समय घटता है।
- MP-AUV का निर्माण DRDO की नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (NSTL), विशाखापत्तनम द्वारा किया गया है।
- इसमें अंडरवॉटर एकाउस्टिक कम्युनिकेशन की सुविधा है, जो कई AUVs को सुरक्षित रूप से जोड़कर टीम-कोऑर्डिनेशन सक्षम बनाती है।

## इंडियन आर्मी ने न्यू कोट कॉम्बैट (डिजिटल प्रिंट) के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार हासिल किए

- भारतीय सेना ने जनवरी 2025 में नया कॉम्बैट कोट (डिजिटल प्रिंट) पेश किया था।
- यह आधुनिकीकरण, स्वदेशीकरण और सैनिकों के आराम को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।
- इस परिधान को निफ्ट, नई दिल्ली ने सेना डिज़ाइन ब्यूरो के साथ एक परामर्श परियोजना के रूप में डिज़ाइन और विकसित किया है।
- यह -3 परतों वाला परिधान है, जिसमें उन्नत तकनीकी वस्त्र, एर्गोनोमिक डिज़ाइन, और विभिन्न जलवायु व सामरिक परिस्थितियों के लिए अनुकूल संरचना शामिल है।
- इसकी बाहरी परत में टिकाऊ डिजिटल कैमोफ्लाज कोट, मध्य परत में इन्सुलेशन और अंदर थर्मल बेस परत होती है।
- इस डिजाइन को कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट्स, डिज़ाइन्स एंड ट्रेडमार्क्स (CGPDTM), कोलकाता में सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है।

## रूस की नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबारोव्स्क'

- रूस ने अपनी नवीनतम परमाणु-संचालित पनडुब्बी 'खाबारोव्स्क (Khabarovsk)' को लॉन्च किया है।
- यह रूस की नई पीढ़ी की सामरिक परमाणु पनडुब्बियों में से एक है, जिसे उन्नत प्रौद्योगिकी और हथियार प्रणालियों से लैस है।
- 'खाबारोव्स्क' को रूबिन सेंट्रल डिजाइन ब्यूरो ऑफ मरीन इंजीनियरिंग ने डिज़ाइन किया है।
- इसका निर्माण रूस के सेवमाश शिपयार्ड में हुआ।(INS विक्रमादित्य को पुनर्निर्मित किया था।)
- 'खाबारोव्स्क' रूस की सामरिक परमाणु शक्ति को और अधिक सशक्त बनाएगी।

**मुख्य विशेषताएँ:**

- यह पनडुब्बी 'पोसाइडन (Poseidon)' परमाणु ड्रोन ले जाने में सक्षम है, जो समुद्र में बड़े पैमाने पर विनाश कर सकता है।
- पोसाइडन को "Doomsday Weapon" कहा जाता है क्योंकि यह तटीय क्षेत्रों को पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखता है।
- इसमें उन्नत अंडरवाटर हथियार प्रणाली, स्वायत्त रोबोटिक तकनीक, और परमाणु प्रणोदन (Nuclear Propulsion) तकनीक का उपयोग किया गया है।

## अमेरिका ने मिनटमेन - III परमाणु मिसाइल का सफल परीक्षण किया

- अमेरिका ने 5 नवंबर 2025 को **मिनटमेन** (Minuteman) -III अंतरमहाद्वीपीय परमाणु मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- इसका परीक्षण कैलिफ़ोर्निया के Vandenberg Space Force Base से किया गया और मिसाइल ने लगभग 6,760 किमी उड़ान भरकर मार्शल द्वीप समूह के पास लैंड किया।
- यह बिना वारहेड वाली मिसाइल थी और इसका कोडनेम "Glory Trip 254" था।
- इस परीक्षण का उद्देश्य मिसाइल की विश्वसनीयता, परिचालन तत्परता और सटीकता की पुष्टि करना था।

**Minuteman-III की विशेषताएँ**

- पूरा नाम: LGM-30G Minuteman III
- 1970 के दशक से अमेरिकी वायुसेना में तैनात।
- तीन-चरणीय, ठोस-ईंधन आधारित ICBM, जिसकी मारक क्षमता 10,000–13,000 किमी है।
- यह अमेरिका के Nuclear Triad के भूमि-आधारित हिस्से की सबसे महत्वपूर्ण मिसाइल है।

## रक्षा सहयोग समझौता — HAL–GE इंजन डील

- हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड (HAL) ने अमेरिकी कंपनी GE Aerospace के साथ ₹5,375 करोड़ की डील की है।

- इस समझौते के तहत 113 F404-IN20 इंजन खरीदे जाएँगे।
- ये इंजन भारत में निर्मित तेजस Mk-1A लड़ाकू विमानों में लगाए जाएँगे।
- यह समझौता भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता और स्वदेशी विमान निर्माण कार्यक्रम को मजबूती देगा।

### भारत-वियतनाम पनडुब्बी बचाव सहायता समझौता

- भारत और वियतनाम ने पनडुब्बी खोज और बचाव सहयोग पर पारस्परिक सहायता के लिए एक MoAपर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता हनोई में आयोजित 15वें रक्षा नीति संवाद के दौरान हुआ।
- इसका उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं को पनडुब्बी दुर्घटनाओं या आपात स्थितियों में त्वरित और समन्वित सहायता सुनिश्चित करना है।
- दोनों देशों ने रक्षा निर्माण, तकनीकी साझेदारी और संयुक्त विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक आशय पत्र (LoI) पर भी हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता बढ़ती पनडुब्बी गतिविधियों के बीच समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करता है।

# तकनीक

### भारत की पहली घरेलू CAR T-सेल थेरेपी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2025 में NexCAR19 का शुभारंभ किया, जो भारत की पहली स्वदेशी CAR T-सेल थेरेपी है।
- इसे इम्यूनोACT (IIT बॉम्बे इनक्यूबेटेड स्टार्टअप), टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, DBT और BIRAC के सहयोग से विकसित किया गया है।
- NexCAR19 उन मरीजों के लिए विकसित की गई है जिन पर पारंपरिक उपचार जैसे कीमोथेरेपी या रेडिएशन प्रभावी नहीं होते।

**NexCAR19**

- यह एक उन्नत Chimeric Antigen Receptor (CAR) T-Cell Therapy है जिसमें मरीज की T-कोशिकाओं को जेनेटिक रूप से संशोधित कर कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और नष्ट करने योग्य बनाया जाता है।
- यह विशेष रूप से B-सेल ब्लड कैंसर, जैसेल्यूकेमिया, लिंफोमाके इलाज के लिए तैयार की गई है।
- इससे विदेशों में मिलने वाली अत्यधिक महंगी (₹3-4 करोड़ तक) थेरेपी पर निर्भरता कम होगी।

### पहली बार थोरियम-यूरेनियम ईंधन रूपांतरण हासिल

- चीन ने थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर (TMSR) के भीतर थोरियम से यूरेनियम ईंधन रूपांतरण को पहली बार सफलतापूर्वक संपन्न किया।
- यह घोषणा 3 नवंबर 2025 को की गई।
- यह उपलब्धि गांसु प्रांत के वूवेई शहर स्थित 2 मेगावॉट TMSR-LF1 में हासिल की गई।
- इस तकनीक से चीन अपने विशाल थोरियम भंडार का उपयोग कर यूरेनियम पर निर्भरता कम कर सकेगा।

**थोरियम मोल्टन सॉल्ट रिएक्टर(TMSR)**

- यह एक उन्नत परमाणु ऊर्जा प्रणाली है, जिसमें शीतलक (coolant) के रूप में पिघला हुआ नमक (molten salt) प्रयोग होता है।
- ईंधन के रूप में थोरियम का उपयोग किया जाता है।
- उच्च तापमान पर कार्य करने वाला नमक मिश्रणअधिक ऊर्जा दक्षता और स्वाभाविक सुरक्षा (passive safety) प्रदान करता है।
- यह प्रणाली पारंपरिक यूरेनियम रिएक्टरों की तुलना में कम परमाणु अपशिष्ट उत्पन्न करती है।
- **नोट:** थोरियम-232 (Th-232) प्राकृतिक रूप से प्रचुर है, लेकिन सीधे विखंडनीय नहीं है।
- इसे न्यूट्रॉन अवशोषण द्वारा यूरेनियम-233 (U-233) में परिवर्तित किया जाता है, जो विखंडनीय होता है और परमाणु ईंधन के रूप में काम करता है।

### 'ऑन्कोमार्क' नामक AI-आधारित कैंसर डायग्नोस्टिक टूल विकसित

- भारतीय वैज्ञानिकों ने ऑन्कोमार्क (OncoMark) नामक एक AI-संचालित डायग्नोस्टिक टूल विकसित किया है।
- इसमें उपचार ट्यूमर के आकार पर नहीं बल्कि उसके आणविक व्यवहार पर आधारित होते हैं।
- यह कैंसर का आणविक स्तर पर विश्लेषण करता है और बीमारी के वर्गीकरण तथा उपचार सहायक होगा।
- यह तकनीक एस.एन. बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज़ और अशोक विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई है।
- यह पारंपरिक कैंसर स्टेजिंग से आगे बढ़कर उन जैविक विशेषताओं की पहचान करती है जो ट्यूमर की वृद्धि, आक्रामकता और उपचार प्रतिरोध को नियंत्रित करती हैं।
- ऑन्कोमार्क एक मशीन लर्निंग फ्रेमवर्क है, जिसे कैंसर की मूलभूत जैविक प्रक्रियाओं (hallmarks) की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

### BIRSA 101: भारत की पहली CRISPR जीन थेरेपी

- भारत के केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 19 नवंबर 2025 को देश की पहली स्वदेशी CRISPR-आधारित जीन थेरेपी BIRSA 101 लॉन्च की।
- इसे सिकल सेल बीमारी के उपचार के लिए विकसित किया गया है।
- इसका नाम भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरित है।
- BIRSA 101 को CSIR-IGIB ने विकसित किया है।
    - इसने सस्ती और प्रभावी जीन थेरेपी में बदलने के लिए सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के साथ तकनीकी सहयोग और ट्रांसफर समझौता किया है।

- सिकल सेल रोग एक गंभीर अनुवांशिक रक्त विकार है, जो क्रोनिक एनीमिया, तीव्र दर्द और अंग क्षति जैसी जटिलताओं के कारण जीवन प्रत्याशा को कम कर देता है।
- यह बीमारी मुख्य रूप से भारत की आदिवासी आबादी को प्रभावित करती है।

## टाटा-सैफरॉन की नई LEAP इंजन यूनिट

- टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) और फ्रांस की सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन्स ने तेलंगाना के **हैदराबाद के आदिबतला में** LEAP इंजन पार्ट्स निर्माण इकाई का उद्घाटन किया।
- यह संयंत्र टाटा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर एयरो इंजन्स में स्थित है।
- इसमें CFM इंटरनेशनल के LEAP इंजनों के जटिल घूर्णन पुर्जों का निर्माण किया जाएगा।
- यहाँ उन्नत मशीनिंग और विशेष प्रक्रियाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।
- जनवरी 2024 में टाटा-सफ्रान साझेदारी के तहत LEAP इंजन के रोटेटिंग भागों के उत्पादन के लिए दीर्घकालिक समझौता किया था।
- यह इंजन GE एयरोस्पेस और सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन्स के संयुक्त उद्यम CFM इंटरनेशनल द्वारा विकसित किया गया है।
- LEAP इंजन नई पीढ़ी के संकीर्ण-शरीर वाले विमानों को शक्ति देते हैं और 15% अधिक ईंधन दक्षता, कम शोर तथा बेहतर प्रदर्शन प्रदान करते हैं।

## देश की पहली स्वदेशी ड्राइवरलेस कार — 'WIRIN'

- विप्रो और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) ने मिलकर भारत की पहली स्वदेशी ड्राइवरलेस कार विकसित की है।
- इस कार का नाम 'WIRIN (Wipro–IISc Research and Innovation Network)' रखा गया है।
- इस कार का अनावरण बेंगलुरु में किया गया।
- परियोजना की शुरुआत 2019 में हुई थी, जब IISc और विप्रो ने भारतीय सड़कों के लिए उपयुक्त ड्राइवरलेस कार विकसित करने पर काम शुरू किया।
- आरवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने भी इस परियोजना में तकनीकी साझेदारी निभाई।
- यह पूरी तरह भारतीय तकनीक से निर्मित है।

# अभ्यास

## गरुड़ 25 अभ्यासः भारत–फ्रांस वायु सेना अभ्यास

- भारतीय वायु सेना ने फ्रांस की एयर एंड स्पेस फोर्स के साथ द्विपक्षीय वायु अभ्यास 'गरुड़ 25' के 8वें संस्करण में भाग लिया।
- यह 16–27 नवंबर 2025 तक फ्रांस के मोंं-द-मर्सां एयर बेस में आयोजित हुआ।

## भारत–वियतनाम सैन्य अभ्यास VINBAX 2025 हनोई में शुरू

- भारत-वियतनाम संयुक्त सैन्य अभ्यास VINBAX 2025 हनोई में 11–29 नवंबर 2025 तक आयोजित हो रहा है।
- यह VINBAX का छठा संस्करण है; पिछला संस्करण VINBAX 2024 हरियाणा के अंबाला में हुआ था।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं की अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाना और UN शांति अभियानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है।

## संयुक्त अभ्यास 'मित्र शक्ति XI'

- भारत और श्रीलंका का संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति XI कर्नाटक के बेलगावी में 10–23 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।
- यह अभ्यास का ग्यारहवाँ संस्करण है; पिछला 10वाँ संस्करण श्रीलंका के मदुरू ओया में हुआ था।
- इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद-रोधी अभियानों में संयुक्त प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाना है।

## मालाबार नौसैनिक अभ्यास 2025

- मालाबार अभ्यास 2025, 10 से 17 नवंबर तक उत्तरी प्रशांत महासागर के गुआम में आयोजित किया गया।
- यह एक प्रमुख बहुपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास है जिसमें क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भाग लिया।
- यह अभ्यास बंदरगाह (Harbour) और समुद्र (Sea) दोनों चरणों में आयोजित हुआ।
- इसमें भारत की ओर से INS सह्याद्री ने भाग लिया, जो एक स्वदेशी डिज़ाइन वाला गाइडेड मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट है।

## सागर कवच तटीय सुरक्षा अभ्यास

- भारतीय तटरक्षक बल ने कर्नाटक और केरल में दो दिवसीय “सागर कवच” अभ्यास आयोजित किया।
- इसका उद्देश्य तटीय सुरक्षा की मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOPs) का परीक्षण और प्रमाणन करना था।
- इस अभ्यास में कर्नाटक के 320 किमी और केरल के 580 किमी तटरेखा को शामिल किया गया।

## ब्रह्मशिरा अभ्यास

- भारतीय सेना ने त्रि-सेवा अभ्यास त्रिशूल के तहत रण और क्रीक सेक्टर में “ब्रह्मशिरा” अभ्यास आयोजित किया।
- इस अभ्यास में थल सेना, नौसेना, वायु सेना, तटरक्षक बल और बीएसएफ ने संयुक्त रूप से भाग लिया।
- अभ्यास का उद्देश्य भूमि, जल और वायु क्षेत्रों में एकीकृत परिचालन क्षमताओं का सत्यापन करना था।
- यह अभ्यास नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय में आयोजित किया गया, जिससे सैन्य-नागरिक सहयोग को मजबूत किया गया।

## सैन्य अभ्यास मरुज्वाला और अखंड प्रहार

- जैसलमेर में सेना की टुकड़ियों ने व्यावहारिक परिस्थितियों में “मरुज्वाला” और “अखंड प्रहार” अभ्यास किए।
- इन अभ्यासों का उद्देश्य संयुक्त हथियार संचालन, गतिशीलता और संयुक्त फायरिंग एकीकरण का परीक्षण करना था।

❖❖❖❖❖

# 6. खेल परिदृश्य

## लक्ष्य सेन ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 मेन्स सिंगल्स खिताब

- लक्ष्य सेन ने 23 नवंबर 2025 को सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 जीतकर इस वर्ष का अपना पहला BWF वर्ल्ड टूर टाइटल और करियर का छठा खिताब जीता।
- उन्होंने जापान के युशी तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया।
- लक्ष्य सेन 2017 में किदांबी श्रीकांत के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले **दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी** बने।
- इससे पहले सेन ने 2024 में सुपर 300 खिताब और 2023 में कनाडा ओपन सुपर 500 जीता था।
- वह 2025 सीज़न में BWF वर्ल्ड टूर टाइटल जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने, इससे पहले जून में आयुष शेट्टी US ओपन सुपर 300 जीत चुके थे।

## भारत ने पहला ICC महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 खिताब जीता




- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला ICC महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीता।
- यह फाइनल 2 नवंबर 2025 को नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में खेला गया।
- भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298/7 रन बनाए (महिला वनडे विश्व कप फाइनल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर)।
- हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम एशिया की पहली महिला टीम बन गई है जिसने किसी भी प्रारूप में विश्व कप का खिताब जीता।
- इससे पहले भारत वर्ष 2005 और 2017 के विश्व कप में उपविजेता रहा था।
- भारत की शेफाली वर्मा ने 87 रन और 2 विकेट का मैच विजयी ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए "प्लेयर ऑफ द मैच" का पुरस्कार जीता।
- दीप्ति शर्मा ने **215 रन और 22 विकेट के साथ "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" का पुरस्कार** जीता।
- दीप्ति ने फाइनल में 58 रन बनाए और 5/39 लिया। (महिला विश्व कप फाइनल में पांच विकेट लेने वाली पहली भारतीय)
- स्मृति मंधाना टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई। उन्होंने 54.25 की औसत से 434 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

**ICC महिला क्रिकेट विश्व कप**

- अवधि: 30 सितंबर से 2 नवंबर 2025
- मेज़बान देश: भारत और श्रीलंका
- संस्करण: 13वाँ
- उद्घाटन समारोह: 30 सितंबर को गुवाहाटी के असम क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में।
- आधिकारिक गीत "ब्रिंग इट होम"।
- कुल आठ टीमें शामिल थीं।
- भारत ने इससे पहले 1978, 1997 और 2013 में विश्व कप की मेज़बानी की थी।
- श्रीलंका पहली बार सह-मेज़बान बना।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ICC महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीतने वाली विश्व की चौथी टीम बनी है।
- ऑस्ट्रेलिया **ICC महिला क्रिकेट विश्व कप**के सर्वाधिक 7 खिताब जीत चुका है।
- इसके अलावा इंग्लैंड ने इसका 4 बार न्यूज़ीलैंड ने1बार खिताब खिताब जीता।

## भारत ने पहला ब्लाइंड विमेंस T20 वर्ल्ड कप जीता

- भारत ने 23 नवंबर 2025 को श्रीलंका के कोलंबो में नेपाल को सात विकेट से हराकर पहला ब्लाइंड विमेंस T20 वर्ल्ड कप जीत लिया।
- नेपाल ने 20 ओवर में 114 रन बनाए।
- भारत की फूला सरेन ने 27 गेंद पर 44 रन बनाकर प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जीता।
- भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में यह टूर्नामेंट 11 नवंबर को शुरू हुआ था और नई दिल्ली, बेंगलुरु और कोलंबो में खेला गया।

## विश्व मुक्केबाजी कप 2025

- इसका आयोजन उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में किया गया।
- भारतीय मुक्केबाजों ने कुल 20 पदक जीते, जिसमें 9 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। यह टूर्नामेंट गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में समाप्त हुआ।
- भारतीय महिला मुक्केबाजों का दबदबा पूरे टूर्नामेंट में देखने को मिला। उन्होंने 10 में से 7 स्वर्ण पदक अपने नाम किए, जबकि पुरुष मुक्केबाज केवल 2 गोल्ड मेडल ही जीत सके।

**महिला वर्ग**

| खिलाड़ी | भार वर्ग | पदक |
|---|---|---|
| मिनाक्षी हुड्डा | 48 किग्रा | स्वर्ण |
| निकहत जरीन | 51 किग्रा | स्वर्ण |
| प्रीति पवार | 54 किग्रा | स्वर्ण |
| जैस्मिन लैम्बोरिया | 57 किग्रा | स्वर्ण |
| अरुंधति चौधरी | 70 किग्रा | स्वर्ण |
| नूपुर श्योराण | +80 किग्रा | स्वर्ण |
| प्रवीन | 60 किग्रा | स्वर्ण |
| पूजा रानी | 80 किग्रा | रजत |
| नीरज फोगाट | 65 किग्रा | कांस्य |
| सावित्री बूरा | 75 किग्रा | कांस्य |

**पुरुष वर्ग**

| खिलाड़ी | भार वर्ग | पदक |
|---|---|---|
| सचिन सिवाच | 60 किग्रा | स्वर्ण |
| हितेश गुलिया | 70 किग्रा | स्वर्ण |
| जदुमणि सिंह | 50 किग्रा | रजत |
| पवन बर्तवाल | 55 किग्रा | रजत |
| अभिनाश जामवाल | 65 किग्रा | रजत |
| अंकुश पंघल | 80 किग्रा | रजत |
| नरेंद्र बेरवाल | +90 किग्रा | रजत |
| सुमित कुंडू | 75 किग्रा | कांस्य |
| जुगनू | 85 किग्रा | कांस्य |
| नवीन | 90 किग्रा | कांस्य |

## आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप 2025:भारत ने 13 पदकजीते

- भारतीय निशानेबाजों ने मिस्र के काहिरा में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में 3 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 13 पदक जीते।
- इस चैंपियनशिप में भारत तीसरे स्थान पर रहा।
- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (12 स्वर्ण, 7 रजत और 2 कांस्य पदक) के साथ पहले स्थान पर रहा और रिपब्लिक ऑफ कोरिया (7 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक) के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

**भारत के पदक विजेता**

| खिलाड़ी/टीम | स्पर्धा | पदक |
|---|---|---|
| सम्राट राणा | पुरुष 10m एयर पिस्टल (व्यक्तिगत) | स्वर्ण |
| सम्राट राणा, वरुण तोमर, श्रवण कुमार | पुरुष 10m एयर पिस्टल (टीम) | स्वर्ण |
| रविन्द्र सिंह | पुरुष 50m पिस्टल (व्यक्तिगत) | स्वर्ण |
| ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर | पुरुष 50m राइफल 3 पोज़िशन (व्यक्तिगत) | रजत |
| अनीश भानवाला | पुरुष 25m रैपिड फायर पिस्टल (व्यक्तिगत) | रजत |
| ईशा सिंह, सम्राट राणा | 10m एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) | रजत |
| रविन्द्र सिंह, कमलजीत, योगेश कुमार | पुरुष 50m पिस्टल (टीम) | रजत |
| ईशा सिंह, मनु भाकर, सुरुचि सिंह | महिला 10m एयर पिस्टल (टीम) | रजत |
| गुरप्रीत सिंह | पुरुष 25m सेंटर फायर पिस्टल (व्यक्तिगत) | रजत |
| ईशा सिंह | महिला 25m पिस्टल (व्यक्तिगत) | कांस्य |
| एलावेनिल वालारिवन | महिला 10m एयर राइफल (व्यक्तिगत) | कांस्य |
| वरुण तोमर | पुरुष 10m एयर पिस्टल (व्यक्तिगत) | कांस्य |
| एलावेनिल वालारिवन, मेघना सज्जनार, श्रेया अग्रवाल | महिला 10m एयर राइफल (टीम) | कांस्य |

## अनीश भानवाला – विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक

- भारत के अनीश भानवाला ने काहिरा में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- अनीश ओलंपिक स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्तिगत पिस्टल निशानेबाज बन गए।

## एशियाई युवा खेल 2025




- ये खेल 22 से 31 अक्टूबर 2025 तक बहरीन की राजधानी मनामा में आयोजित किए गए।
- इसमें भारतीय एथलीटों ने 13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य सहित कुल 48 पदक जीते।
- भारत ने पदक तालिका में छठा स्थान हासिल किया। (भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।)
- इसमें कुल 222 भारतीय खिलाड़ी (119 महिलाएँ और 103 पुरुष) ने भाग लिया।
- सबसे बड़ा दल एथलेटिक्स (31 खिलाड़ी) में था, इसके बाद कबड्डी (28), हैंडबॉल (16) और मुक्केबाज़ी (14) में रहा।

**स्वर्ण पदक विजेता**

| खिलाड़ी / टीम | स्पर्धा | खेल |
|---|---|---|
| अंजलि | बालिका 55 किग्रा | बीच रेसलिंग |
| सानी फुलमाली | बालक 60 किग्रा | बीच रेसलिंग |
| अर्जुन रूहिल | बालक 90 किग्रा | बीच रेसलिंग |
| खुशी चंद | बालिका 46 किग्रा | मुक्केबाज़ी |
| अहाना शर्मा | बालिका 50 किग्रा | मुक्केबाज़ी |
| चंद्रिका पुजारी | बालिका 54 किग्रा | मुक्केबाज़ी |
| अंशिका | बालिका 80+ किग्रा | मुक्केबाज़ी |
| भारत | बालिका टीम | कबड्डी |
| भारत | बालक टीम | कबड्डी |
| प्रीतिस्मिता भोई | बालिका 44 किग्रा क्लीन एंड जर्क | भारोत्तोलन |
| मोनी | बालिका फ्रीस्टाइल 57 किग्रा | कुश्ती |
| यशिता | बालिका फ्रीस्टाइल 61 किग्रा | कुश्ती |
| जयवीर सिंह | बालक फ्रीस्टाइल 55 किग्रा | कुश्ती |

- यह संस्करण 2026 युवा ओलंपिक (डकार, सेनेगल) के लिए क्वालीफाइंग इवेंट था।
- यह एशियाई युवा खेलों का यह तीसरा संस्करण था।
- पिछली बार इनका आयोजन वर्ष2013 में चीन में हुआ था।
- आगामी संस्करण 2029 में उज्बेकिस्तान और 2031 में कंबोडिया में आयोजित होंगे।

## कुशल दलाल – GT ओपन इंडोर वर्ल्डसीरीज 2025 में स्वर्ण जीता

- भारतीय तीरंदाज कुशल दलाल ने लक्ज़मबर्ग के स्ट्रासेन में पुरुष कंपाउंड वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने फाइनल में अमेरिका के पूर्व विश्व नंबर-1 स्टीफन हैनसेन को हराया।
- इसके अलावा अंडर-21 कंपाउंड वर्ग में भारत के गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु ने कांस्य पदक जीता।

**GT ओपन 2025 के विजेता:**

- रिकर्व पुरुष – रॉय ड्रोर (इज़राइल)
- रिकर्व महिला – एलिया कैनालेस (स्पेन)
- कंपाउंड पुरुष – **कुशल दलाल (भारत)**
- कंपाउंड महिला – एला गिब्सन (ग्रेट ब्रिटेन)

## जावोखिर सिंडारोव ने FIDE वर्ल्ड कप 2025 जीता

- उज़्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंडारोव ने GM वेई यी को टाईब्रेक में 1.5–0.5 से हराकर FIDE वर्ल्ड कप 2025 जीता।
- यह टूर्नामेंट 31 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 तक गोवा में हुआ और इसमें 206 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- सिंडारोव ने $120,000 की पुरस्कार राशि जीतते हुए इतिहास में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड कप चैंपियन बने।
- वेई यी दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें $85,000 मिला।
- तीसरा स्थान GM एंड्री एसिपेंको ने हासिल किया, जिन्हें $60,000 प्राप्त हुए।
- शीर्ष तीनों खिलाड़ियों को 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में खेलने की पात्रता भी मिल गई है।

## फिडे शतरंज विश्व कप ट्रॉफी का नाम "विश्वनाथन आनंद कप" किया गया

- फिडे शतरंज विश्व कप 2025 की ट्रॉफी का नाम भारत के ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद के सम्मान में रखा गया।
- इस ट्रॉफी का आधिकारिक नाम "विश्वनाथन आनंद कप (Viswanathan Anand Cup)" कर दिया गया।
- यह निर्णय 5 बार के विश्व चैंपियन आनंद के वैश्विक शतरंज में असाधारण योगदान को सम्मानित करने हेतु निर्णय लिया गया।

## भारत ने लगातार दूसरी बार महिला कबड्डी विश्व कप जीता

- भारत ने ढाका में हुए महिला कबड्डी विश्व कप के फाइनल में चीनी ताइपे को 35–28 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता।
- टूर्नामेंट में कुल 11 देशों ने भाग लिया।
- यह टूर्नामेंट महिला विश्व कप का दूसरा संस्करण था।
- इसका पिछला आयोजन 2012 में पटना में हुआ था और भारत ने तब फाइनल में ईरान को हराया था।

## भारत ने डेफलिंपिक शूटिंग में 16 पदक जीते

- भारत ने टोक्यो में हुए डेफलिंपिक शूटिंग में 16 पदक जीते, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।
- इन 16 पदकों में 7 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य शामिल हैं।
- **माहित संधू** भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी रहे, जिन्होंने 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते।
- इसके अलावा पिस्टल निशानेबाज अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक हासिल किया।
- धनुष श्रीकांत ने 10m एयर राइफल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण जीते।
- मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने 1 रजत और 1 कांस्य, जबकि कोमल मिलिंद वाघमारे ने दो कांस्य जीते।
- अनुया प्रसाद ने महिलाओं की 10m एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता।
- शौर्य सैनी ने 50m राइफल थ्री पोज़िशन में रजत, और कुशाग्र सिंह राजावत ने 50m राइफल प्रोन में कांस्य जीता।
- **नोटः** पिछले डेफलिंपिक (ब्राज़ील, कैक्सियास डू सुल) में भारत ने 5 पदक जीते थे, जिनमें 3 स्वर्ण और 2 कांस्य शामिल थे।

## कुराकाओ ने FIFA वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचा

- कैरेबियन द्वीप कुराकाओ FIFA वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने वाला अब तक का सबसे छोटा देश बन गया है।
- कुराकाओ की आबादी केवल 156,000 है।

## राहुल वी.एस. छठी भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर बने

- राहुल वी.एस. छठी आसियान व्यक्तिगत चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते खिताब जीतकर भारत के 91वें ग्रैंडमास्टर बने।
- राहुल पहले अंतर्राष्ट्रीय मास्टर उपाधि प्राप्त कर चुके हैं और एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं।
- ग्रैंडमास्टर उपाधि FIDE द्वारा प्रदान की जाती है और यह शतरंज की सर्वोच्च रैंक है।
- इसके लिए तीन GM नॉर्म और 2500 रेटिंग हासिल करना आवश्यक होता है।
- **नोटः** इससे पहले तमिलनाडु के इलमपार्थी ए.आर. भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर बने थे।

## इलमपर्थी ए.आर. – भारत के 90वें शतरंज ग्रैंडमास्टर

- तमिलनाडु के शतरंज खिलाड़ी इलमपर्थी ए.आर. ने बोस्निया में आयोजित बिजेलजीना ओपन टूर्नामेंट में अपना अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म प्राप्त कर भारत के 90वें ग्रैंडमास्टर (GM) बने।
- वे वेलाम्मल स्कूल, चेन्नई के छात्र हैं — यह संस्थान डी. गुकेश और आर. प्रज्ञानंधा जैसे शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर्स को तैयार कर चुका है।
- इससे पहले एस. रोहित कृष्णा (तमिलनाडु) भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर (GM) बने थे।

## सरयू वेलपुला बनीं भारत की 26वीं महिला ग्रैंडमास्टर

- भारत की शतरंज खिलाड़ी सरयू वेलपुला ने अपना अंतिम WGM नॉर्म पूरा कर लिया है।
- इस उपलब्धि के साथ वे भारत की 26वीं महिला ग्रैंडमास्टर बन गई हैं।

## क्लच शतरंज चैंपियंस शोडाउनः कार्लसन ने खिताब जीता

- नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन ने क्लच शतरंज चैंपियंस का खिताब जीता।
- भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश इस टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहे।
- कार्लसन ने टूर्नामेंट के दौरान गुकेश को दो बार और फैबियानो कारुआना को भी दो बार हराया।
- इस जीत के साथ उन्हें एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि प्राप्त हुई।
- अंकों के आधार परफैबियानो कारुआना 16.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर,हिकारू नाकामुरा 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर और डी. गुकेश 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहे।

## अहमदाबाद 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा

- गुजरात के अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की आधिकारिक मेज़बानी का अधिकार मिला है।
- यह निर्णय यूनाइटेड किंगडम के ग्लासगो में आयोजित जनरल असेंबली में 74 कॉमनवेल्थ देशों द्वारा मंज़ूर किया गया।
- भारत दूसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स(CWG)की मेजबानी करेगा।
- इससे पहले भारत ने 2010 में नई दिल्ली में इसकी मेज़बानी की थी।

- अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास 355 एकड़ का SVP स्पोर्ट्स एन्क्लेव और गांधीनगर में 143 एकड़ का कराई स्पोर्ट्स हब गेम्स के प्रमुख स्थलों के रूप में तैयार किए जा रहे हैं।
- इसमें योग 2026 एशियन गेम्स में एक डेमोन्स्ट्रेशन स्पोर्ट के रूप में शामिल होगा।

**कॉमनवेल्थ गेम्स**

- CWG विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मल्टी-स्पोर्ट इवेंट है, जिसमें 71 देश और क्षेत्र शामिल होते हैं।
- इन खेलों की शुरुआत 1930 में ब्रिटिश एम्पायर गेम्स के रूप में हुई थी और 1978 से इसे कॉमनवेल्थ गेम्स कहा जाता है।
- यह आयोजन हर चार वर्ष में होता है।

## ICC U19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026

- ICC अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2026 को ज़िम्बाब्वे और नामीबिया 15 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे।
- यह टूर्नामेंट पाँच स्थानों पर आयोजित होगा और कुल 16 टीमें 41 मैचों में भाग लेंगी, जबकि फाइनल हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा।
- इस टूर्नामेंट प्रारूप में चार ग्रुप, सुपर सिक्स चरण, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल हैं।
- भारत U19 विश्व कप इतिहास की सबसे सफल टीम है, जिसने 5 खिताब (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) जीते हैं।

## एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025

- इसका आयोजन 8 से 14 नवंबर 2025 को ढाका, बांग्लादेश में किया गया।
- भारत ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 (ढाका) में 6 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते।
- कुल 10 पदक भारत के एशियाई तीरंदाजी इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हैं।
- इस चैंपियनशिप में भारत पहले स्थान पर रहा। दक्षिण कोरिया, चीनी ताइपे और कज़ाख़स्तान क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

**भारतीय पदक विजेता**

| खिलाड़ी/टीम | श्रेणी | पदक |
|---|---|---|
| ज्योति सुरेखा वेन्नम | महिला कंपाउंड | स्वर्ण |
| धीरज बोम्मदेवरा | पुरुष रिकर्व | स्वर्ण |
| अंकिता भकत | महिला रिकर्व | स्वर्ण |
| अतानु दास, राहुल, यशदीप भोगे | पुरुष रिकर्व टीम | स्वर्ण |
| अभिषेक वर्मा, दीपशिखा | मिश्रित टीम (कंपाउंड) | स्वर्ण |
| ज्योति सुरेखा वेन्नम, प्रीथिका प्रदीप, दीपशिखा | महिला कंपाउंड टीम | स्वर्ण |
| राहुल | पुरुष रिकर्व | रजत |
| प्रीथिका प्रदीप | महिला कंपाउंड | रजत |
| अभिषेक वर्मा, साहिल जाधव, प्रथमेश फुगे | पुरुष कंपाउंड टीम | रजत |
| संगीता | महिला रिकर्व | कांस्य |

## वालेंसिया MotoGP 2025: मार्को बेज़ेकी विजेता रहे

- अप्रीलिया रेसिंग के मार्को बेज़ेकी ने वालेंसिया MotoGP 2025 का खिताब जीता। उन्होंने पोल पोज़िशन से शुरुआत कर ट्रैक हाउस टीम के राउल फर्नांडीज़ को पीछे छोड़ा।
- यह उनकी लगातार दूसरी GP जीत और सीजन की तीसरी जीत थी, जो अप्रैलिया के इतिहास में पहली बार हुआ।
- अप्रैलिया ने पहली बार अपने MotoGP इतिहास में ओवरऑल टॉप-3 फिनिश हासिल किया।

## भारत ने कोग्रीवेरा इंटरनेशनल पोलो कप 2025 जीता

- भारत ने फाइनल में दुनिया की नंबर 1 टीम अर्जेंटीना को 10–9 से हराकर 2025 कोग्रीवेरा इंटरनेशनल पोलो कप जीता।
- यह मैच जयपुर पोलो ग्राउंड में आयोजित किया गया और यह जीत भारतीय पोलो के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।
- इसमें भारतीय टीम की कप्तानी सवाई पद्मनाभ सिंह ने की।

## जियोवाना डी सेक्वेरा ने वर्ल्ड जिउ-जित्सु चैम्पियनशिप में कांस्य जीता

- भारत की जियोवाना डी सेक्वेरा ने अबू धाबी में आयोजित विश्व प्रोफेशनल जिउ-जित्सु चैम्पियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीता। उन्होंने अंडर-28 किलो, इन्फैंट/गर्ल्स (Gi) वर्ग में हिस्सा लिया।

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह की घोषणा

- केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने भारतीय हॉकी के 100 वर्ष (1925–2025) पूरे होने पर भव्य शताब्दी समारोह की घोषणा की।
- भारत के पहले हॉकी शासी निकाय भारतीय हॉकी महासंघ की स्थापना 7 नवंबर 1925 को हुई थी।
- वर्ष 2009 से हॉकी इंडिया (HI) इस खेल का राष्ट्रीय महासंघ के रूप में कार्य कर रहा है।
- भारत ने हॉकी में ओलंपिक में कुल 13 पदक जीते हैं, जिनमें 8 स्वर्ण शामिल हैं, जो विश्व रिकॉर्ड है।
- शताब्दी समारोह 7 नवंबर को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित हुआ।

## रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस से सन्यास लिया

- भारत के रोहन बोपन्ना ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा कर दी है।

- उनका अंतिम टूर्नामेंट पेरिस मास्टर्स 2025 था तथा रोहन बोपन्ना ने अपना अंतिम पेशेवर मैच कज़ाख़स्तान के अलेक्ज़ेंडर बब्लिक के साथ जोड़ी बनाकर खेला था।
- इस जोड़ी को ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और ब्रिटेन के जेम्स ट्रेसी के खिलाफ राउंड ऑफ़ 32 में हार का सामना करना पड़ा।

**प्रमुख उपलब्धियाँः**

- **ग्रैंड स्लैम खिताबः** 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन (मेंस डबल्स) — मैथ्यू एब्डेन (ऑस्ट्रेलिया) के साथ और 2017 फ्रेंच ओपन (मिक्स्ड डबल्स) — गैब्रिएला डैब्रोव्स्की (कनाडा) के साथ।
- विश्व के सबसे उम्रदराज़ नंबर 1 खिलाड़ी बने। (43 वर्ष की आयु में विश्व नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी बने)
- डेविस कप और ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- कुल 5 ग्रैंड स्लैम फाइनल्स में पहुंचे (2 जीते, 3 उपविजेता रहे)।

## ICC प्लेयर ऑफ द मंथ (अक्टूबर 2025)

- ICC ने अक्टूबर 2025 के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स की घोषणा की, जिसमें दोनों श्रेणियों में दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की।
- सेनुरन मुथुसामी को पुरुष वर्ग में सम्मान मिला और महिला वर्ग में लौरा वोल्वार्ड्ट को सम्मान मिला।

## एशियन पेंट्स भारतीय क्रिकेट का 'ऑफिशियल कलर पार्टनर' बना

- एशियन पेंट्स ने BCCI के साथ एक बड़े पैमाने की तीन-साल की साझेदारी साइन की है।
- इसके तहत वह भारतीय क्रिकेट का ऑफिशियल कलर पार्टनर बनेगा।
- **एशियन पेंट्स कलर कैम**स्टेडियम में सबसे रंगीन फैंस को कैप्चर करने वाला एक क्रिएटिव डिजिटल एक्टिवेशन है।
  - इसका उद्देश्य दर्शकों के मनोरंजन के साथ-साथ ब्रांड की पहचान को भी मजबूत करना है।

❖❖❖❖❖

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

## मिशेल बैचलेट इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार (2024) से सम्मानित

- चिली की पूर्व राष्ट्रपति और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैचलेट को 20 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार (2024) प्रदान किया गया।
- यह सम्मान बैचलेट के मानवाधिकार, लैंगिक समानता और वैश्विक न्याय के प्रति आजीवन योगदान को मान्यता देता है।
- **मिचेल** चिली की पहली और एकमात्र महिला राष्ट्रपति, जिन्होंने दो कार्यकाल पूरे किए है।
- उन्होंने चिली में महिला एवं लैंगिक समानता मंत्रालय की स्थापना की और LGBT अधिकारों को आगे बढ़ाया।

### इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

- 1985 में स्थापित यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय शांति, विकास सहयोग, लोकतांत्रिक शासन और मानव कल्याण हेतु वैज्ञानिक योगदान के लिए दिया जाता है।

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025

- केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (MoFAHD) ने राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा की।
- ये पुरस्कार 26 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर प्रदान किए गए।
- यह पुरस्कार भारत के पशुधन और डेयरी क्षेत्र का एक प्रमुख नागरिक सम्मान है।
- इस वर्ष कुल 2,081 आवेदनों में से तीन प्रमुख श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया गया।

| क्र. सं. | वर्ग | राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2025 के विजेता |
|---|---|---|
| 1. | देशी गाय/भैंस नस्लों का पालन करने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान | **गैर-पूर्वोत्तरः**<br>1. श्री अरविन्द यशवन्त पाटिल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र<br>2. डॉ. कंकनाला कृष्ण रेड्डी, हैदराबाद, तेलंगाना<br>3. श्री हर्षित झूरिया, सीकर, राजस्थान<br>3. कुमारी श्रद्धा सत्यवान धवन, अहमदनगर, महाराष्ट्र<br>**पूर्वोत्तर/हिमालयीः**<br>• श्रीमती विजय लता, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश<br>• श्री प्रदीप पंगरिया, चंपावत, उत्तराखंड |
| 2. | सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति/दूध उत्पादक कंपनी/डेयरी किसान उत्पादक संगठन | **गैर-पूर्वोत्तरः**<br>1stमीनन गाडी क्षीरोलपदका सहकारण संघम लिमिटेड, वायनाड, केरल<br>2ndकुन्नमकट्टुपति क्षीरोलपादक सहकारण संघम, पलक्कड़, केरल<br>2ndघिनोई दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जयपुर, राजस्थान<br>3rdटीवाईएसपीएल 37 सेंदुरई मिल्क प्रोड्यूसर्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, अरियालुर, तमिलनाडु<br>**पूर्वोत्तर/हिमालयीः**<br>• कुल्हा दूध उत्पादक सहकारी समिति, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड |
| 3. | सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) | गैर-पूर्वोत्तरः<br>1stश्री दिलीप कुमार प्रधान, अनुगुल, ओडिशा<br>2ndश्री विकास कुमार, हनुमानगढ़, राजस्थान<br>3rdश्रीमती अनुराधा चकली, नंद्याल, आंध्र प्रदेश<br>**एनईआर/ हिमालयनः**<br>• श्री डेलुवर हसन, बारपेटा, असम |

- विजेताओं को मेरिट प्रमाणपत्र, मोमेंटो और (दो श्रेणियों में) नकद पुरस्कार दिए गए।
- प्रथम पुरस्कार – ₹5,00,000
- द्वितीय पुरस्कार – ₹3,00,000
- तृतीय पुरस्कार – ₹2,00,000
- पूर्वोत्तर/हिमालयी राज्यों के लिए विशेष पुरस्कार – ₹2,00,000

## अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) 2025 में 8 श्रेणियों में पुरस्कार घोषित

- गुरुग्राम में आयोजित तीन दिवसीय अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2025 में केंद्रीय मंत्री ने आठ श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए।
- कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना का लोगो और आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की गई।
- 19वाँ UMI सम्मेलन 23–25 अक्टूबर 2026 को भुवनेश्वर, ओडिशा में होगा।
- ये पुरस्कार शहरी परिवहन में उत्कृष्टता और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिए गए।

**परिवहन क्षेत्र – पुरस्कार सूची**

| श्रेणी | विजेता / प्रशंसा | संस्था / शहर |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली | विजेता | चेन्नई |
| | प्रशंसा | हुबली–धारवाड़ BRTS |
| सर्वश्रेष्ठ गैर-मोटर चालित परिवहन प्रणाली | विजेता | उदयपुर |
| | विशेष उल्लेख | त्रिशूर राज्य मिशन प्रबंधन |
| सबसे नवीन वित्तपोषण तंत्र | विजेता | पिंपरी चिंचवाड़ |
| सर्वश्रेष्ठ हरित परिवहन पहल | विजेता | हैदराबाद (TGREDCO) |
| | प्रशंसा | कोच्चि मेट्रो रेल |
| सर्वश्रेष्ठ मल्टीमॉडल एकीकरण वाली मेट्रो | विजेता | चेन्नई मेट्रो |
| सर्वश्रेष्ठ यात्री सेवाओं और संतुष्टि वाली मेट्रो | विजेता | दिल्ली मेट्रो |
| | प्रशंसा | चेन्नई मेट्रो |

## डेविड स्ज़ेले को बुकर पुरस्कार 2025

- हंगरी मूल के ब्रिटिश लेखक डेविड स्ज़ेले को उनके उपन्यास "Flesh" के लिए 2025 का बुकर पुरस्कार दिया गया।
- यह उपन्यास एक साधारण व्यक्ति के कई दशकों के जीवन को दर्शाता है।
- स्ज़ेले को 10 नवंबर को 50,000 पाउंड की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।
- उन्हें 2016 में "All That Man Is" के लिए भी बुकर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था।
- 2024 का बुकर पुरस्कार ब्रिटेन की सामंथा हार्वे ने "Orbital" के लिए जीता था।

**बुकर पुरस्कार**

- यह पुरस्कार विश्व का सर्वोत्तम साहित्यिक पुरस्कार है, जो एकल कथा-कृति के लिये दिया जाता है।
- इसे बुकर पुरस्कार फाउंडेशन प्रदान करता है।
- यह पुरस्कार प्रारंभ में कॉमनवेल्थ और आयरलैंड के लेखकों को दिया जाता था, लेकिन अब यह वैश्विक स्तर के किसी भी देश के लेखकों को दिया जा सकता है।
- इसका उद्देश्य अंग्रेजी में लिखी गई मौलिक कथा-साहित्य को पुरस्कृत करके कथा-साहित्य में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।

**बुकर पुरस्कार और अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार में अंतर:**

- **बुकर पुरस्कार** पहली बार वर्ष 1969 में प्रदान किया गया था और यह पुरस्कार मूलतः अंग्रेजी में लिखी गई सर्वश्रेष्ठ एकल कथा-कृति के लिये दिया जाता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार** की स्थापना वर्ष 2005 में की गई थी और यह किसी भी अन्य भाषा से अंग्रेजी में अनुवादित सर्वश्रेष्ठ एकल कथा साहित्य के लिये दिया जाता है।यह लेखक और अनुवादक दोनों की उपलब्धि को मान्यता देता है।

## लखनऊ–यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी 2025 घोषित

- उज़्बेकिस्तान में आयोजित यूनेस्को महासम्मेलन के 43वें सत्र में लखनऊ को वर्ष 2025 के लिए 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' घोषित किया गया।
- यह सम्मान पाने वाला लखनऊ भारत का दूसरा शहर बना, जबकि इससे पहले हैदराबाद को यह मान्यता मिली थी।
- इस उपलब्धि के साथ यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क (UCCN) में भारत के कुल शहरों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है।

**UCCN में शामिल भारतीय शहर**

| वर्ष | शहर | श्रेणी |
|---|---|---|
| 2015 | जयपुर | शिल्प एवं लोक कला |
| 2015 | वाराणसी | संगीत |
| 2017 | चेन्नई | संगीत |
| 2019 | मुंबई | फ़िल्म |
| 2019 | हैदराबाद | पाककला |
| 2021 | श्रीनगर | शिल्प एवं लोक कला |
| 2023 | कोझीकोड | साहित्य |
| 2023 | ग्वालियर | संगीत |

### साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025

- साहित्य अकादेमी द्वारा बाल साहित्य पुरस्कार समारोह 14 नवंबर 2025 कोनई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- इस पुरस्कार में विजेताओं को ₹50,000 और एक कांस्य पट्टिका प्रदान किए गए।

| भाषा | कृति (शैली) | लेखक |
|---|---|---|
| हिंदी | एक बटे बारह (नॉन–फिक्शन/संस्मरण) | सुशील शुक्ला |
| अंग्रेजी | South: South Indian Myths and Legends (Stories) | नितिन कुशलप्पा एमपी |
| राजस्थानी | पंखेरुव नी पीड़ा (नाटक) | भोगीलाल पाटीदार |
| असमिया | मैनाहंतार पद्य (कविता) | सुरेंद्र मोहन दास |
| बंगाली | एखोनो गए कांता दये (कहानियाँ) | त्रिदीब कुमार चट्टोपाध्याय |
| बोडो | खांथी ब्स्वन अर्व अखु दानई (कहानियाँ) | बिनय कुमार ब्रह्मा |
| डोगरी | नन्हीं तोर (कविता) | पी.एल. परिहार 'शौक' |
| गुजराती | तिनचक (कविता) | कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट |
| कन्नड़ | नोटबुक (लघुकथाएँ) | के. शिवलिंगप्पा हंडीहाल |
| कश्मीरी | शुरे ते त्सुरे ग्युश (लघु कथाएँ) | इज़हार मुबाशिर |
| कोंकणी | बेलाबाईचो शंकर अनी वारिस कान्यो (कहानियाँ) | नयना अदारकर |
| मैथिली | चुक्का (लघुकथाएँ) | मुन्नी कामत |
| मलयालम | पेंगुइनुकालुडे वंकारावित (उपन्यास) | श्रीजीत मूथेदथ |
| मणिपुरी | अंगांगशिंग – जी शन्नाबुंगशिदा (नाटक) | शान्तो एम. |
| मराठी | अभालमय (कविता) | सुरेश गोविंदराव सावंत |
| नेपाली | शांति वन (उपन्यास) | संगमू लेप्चा |
| उड़िया | केते फुला फूटिची (कविता) | राजकिशोर पारही |
| पंजाबी | जद्दू पत्ता (उपन्यास) | पाली ख़ादिम (अमृत पाल सिंह) |
| संस्कृत | बलविस्वम (कविता) | प्रीति आर. पुजारा |
| संथाली | सोना मिरू–अग संदेश (कविता) | हरलाल मुर्मू |
| सिंधी | आसमानी परी (कविता) | हीना अगनानी 'हीर' |
| तमिल | ओट्राई सिरगु ओविया (उपन्यास) | विष्णुपुरम सर्वानन |
| तेलुगु | काबुरला देवता (कहानी) | गंगीसेट्टी शिवकुमार |
| उर्दू | कौमी सितारे (लेख) | ग़ज़नफ़र इक़बाल |

### फातिमा बोश मिस यूनिवर्स 2025 बनीं

- थाईलैंड में आयोजित 74वें मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में मैक्सिको की फातिमा बोश ने मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब जीता।
- फातिमा बोश को मिस यूनिवर्स 2024 विजेता विक्टोरिया क्येर थाइलविग (डेनमार्क) ने ताज पहनाया।
- थाईलैंड की प्रतिभागी प्रवीणार सिंह (भारतीय मूल) रनर-अप बनीं।
- भारत की प्रतिनिधि मनीका विश्वकर्मा टॉप 12 तक पहुँच सकी।
- इस प्रतियोगिता में 8 अंतरराष्ट्रीय जजों में **भारत की बैडमिंटन खिलाडी सायना नेहवाल** भी शामिल थीं।
- **नोटः** 75वेंमिस यूनिवर्स 2026 की मेजबानी प्यूर्टो रिको करेगा।

### भारतीय कला निर्देशक थोटा थरानी को फ्रांस का प्रतिष्ठित शेवेलियर पुरस्कार

- थोटा थरानी को फ्रांसीसी सरकार द्वारा दिए जाने वाले उच्च नागरिक सम्मान शेवेलियर डे ल'ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस (Chevalier of the Order of Arts and Letters) से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान नवंबर 2025 में भारत में फ्रांस के राजदूत द्वारा प्रदान किया गया।
- इस सम्मान से कमल हासन, ऐश्वर्या राय बच्चन, शिवाजी गणेशन और कल्कि कोचलिन को भी सम्मानित किया गया है।

**पुरस्कार और सम्मान**

- 2 राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार
- पद्म श्री (2001)
- शेवेलियर डे ल'ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस (फ्रांस के शीर्ष कलात्मक सम्मानों में से एक)

### राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024

- छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 की घोषणा 11 नवंबर 2025 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने नई दिल्ली में की।
- जल संरक्षण एवं प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने के लिए इस बार 10 श्रेणियों में कुल 46 विजेताओं का चयन किया गया।
- ये पुरस्कार जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (DoWR, RD & GR) द्वारा वर्ष 2018 से दिए जा रहे हैं।
- इनका उद्देश्य उत्कृष्ट जल प्रबंधन और जल संरक्षण की पहल को प्रोत्साहित करना है।

1. **सर्वश्रेष्ठ राज्यः** महाराष्ट्र को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला, जबकि गुजरात और हरियाणा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

**2. सर्वश्रेष्ठ जिला (ज़ोनवार प्रथम पुरस्कार)**

| ज़ोन | सर्वश्रेष्ठ जिला |
|---|---|
| पूर्वी ज़ोन | राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) |
| पश्चिमी ज़ोन | खरगोन (मध्य प्रदेश) |
| दक्षिणी ज़ोन | तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) |
| उत्तरी ज़ोन | मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) |
| उत्तर-पूर्वी ज़ोन | सिपाहीजाला (त्रिपुरा) |

3. **सर्वश्रेष्ठ ULB:** नवी मुंबई, महाराष्ट्र
4. **सर्वश्रेष्ठ संस्थान [इनसाइड कैंपस श्रेणी (संयुक्त)]:** IIT गांधीनगर, गुजरात और ICAR–केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोवा।
5. **सर्वश्रेष्ठ संस्थान [आउटसाइड कैंपस श्रेणी (संयुक्त)]:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार और क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बरहामपुर वृत्त, ओडिशा।
6. **सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ:** वेट्टाईकरनपुदुर नहर WUA, कोयंबटूर, तमिलनाडु
7. **सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज:** बनासकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, गुजरात
8. **सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत (संयुक्त):** दुब्बिगनिपल्ली अन्नामय्या, आंध्र प्रदेश और पायम, कन्नूर, केरल।
9. **सर्वश्रेष्ठ स्कूल/कॉलेज (संयुक्त):** कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर और आर्मी पब्लिक स्कूल, कोलकाता
10. **सर्वश्रेष्ठ उद्योग:** अपोलो टायर्स लिमिटेड, कांचीपुरम, तमिलनाडु
11. **जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति (ज़ोनवार)**

| ज़ोन / क्षेत्र | सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति |
|---|---|
| पूर्वी क्षेत्र | श्री किशोर जयसवाल (बिहार) |
| पश्चिमी क्षेत्र | श्री बजरंग लाल जैथू (राजस्थान) |
| उत्तरी क्षेत्र | श्री मोहन चंद्र काण्डपाल (उत्तराखंड) |
| दक्षिणी क्षेत्र | श्री पोडिली राजशेखर राजू (आंध्र प्रदेश) |

## श्री श्री रविशंकर को "विश्व शांति एवं सुरक्षा नेतृत्व पुरस्कार 2025"

- आध्यात्मिक गुरु बोस्टन ग्लोबल फ़ोरम (BGF) और AI World Society (AIWS) द्वारा 2025 विश्व शांति एवं सुरक्षा नेतृत्व पुरस्कार प्रदान किया गया।
- श्री श्री रविशंकर को यह पुरस्कार शांति स्थापना, सुलह और मानवीय सेवा में योगदान के लिए दिया गया।
- यह पुरस्कार 2015 में उन वैश्विक नेताओं को सम्मानित करने हेतु स्थापित किया गया था जो नैतिक शासन, करुणा और नैतिक साहस को बढ़ावा देते हैं।
- 1981 में स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग फ़ाउंडेशन अब तनाव मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य और मानवीय सेवा पर केंद्रित एक अग्रणी वैश्विक NGO है।

## FIFA ने 2026 विश्व कप में शांति पुरस्कार की घोषणा की

- फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने फीफा शांति पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की।
- यह पुरस्कार पहली बार 5 दिसंबर 2025 को वाशिंगटन डीसी में 2026 विश्व कप ड्रॉ के दौरान प्रदान किया गया।
- पहला पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दिया गया।
- इसका आधिकारिक नाम "FIFA Peace Award – Football Unites the World" रखा गया है।
- यह वार्षिक पुरस्कार उन व्यक्तियों या समूहों को सम्मानित करेगा जिन्होंने फुटबॉल के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने में असाधारण योगदान दिया है।

## 5 परियोजनाओं को अर्थशॉट पुरस्कार 2025




- अर्थशॉट पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा ब्राज़ील के रियो में की गई।
- यहाँ 5 विजेता परियोजनाओं को पर्यावरण सुधार के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए 10 लाख पाउंड की धनराशि प्रदान की गई।

**अर्थशॉट पुरस्कार 2025 – विजेता**

1. **re.green (ब्राज़ील)** ⊠ अटलांटिक वन और अमेज़न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण और पारिस्थितिक पुनर्स्थापन किया।
2. **ओमोयेमी अकेरेले (नाइजीरिया)** ⊠ 'लागोस फैशन वीक' के माध्यम से फैशन उद्योग में स्थायी और पर्यावरण-सम्मत मॉडल स्थापित किया।
3. **कार्लोस फर्नांडो गैलन (बोगोटा, कोलंबिया)** ⊠शहर में स्वच्छ वायु नीतियों के जरिए 2018 से प्रदूषण में 24% की कमी लाए।
4. **रेबेका हबर्ड (हाई सीज़ ट्रीटी संगठन)** ⊠वैश्विक महासागर शासन में सुधार के लिए महासागर संरक्षण प्रयासों का नेतृत्व किया।
5. **रूना खान (फ्रेंडशिप, बांग्लादेश)** ⊠ जलवायु-संवेदनशील समुदायों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण पुनर्स्थापन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया।

- नोट: इस वैश्विक पुरस्कार की स्थापना 2020 में प्रिंस ऑफ वेल्स द्वारा की गई थी।
- ये पुरस्कार 5 प्रमुख लक्ष्यों पर आधारित है—
  1. प्रकृति का संरक्षण
  2. स्वच्छ वायु
  3. महासागरों का पुनर्जीवन
  4. अपशिष्ट-मुक्त विश्व
  5. जलवायु सुधार।

## जल संचय जन भागीदारी (JSJB) पुरस्कार

- केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने जल संचय जन भागीदारी (JSJB) पहल के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए JSJB 2025 पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- ये पुरस्कार 18 नवंबर 2025 को राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2025 के साथ विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रदान किए गए।
- इन पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश, उत्कृष्ट जिलों, नगर निगमों, ULBs, मंत्रालयों, NGOs, उद्योग संघों और परोपकारी व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।
- इस वर्ष कुल 100 पुरस्कार दिए गए, जिनमें शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों को 2 करोड़ रुपये, दूसरे श्रेणी के जिलों को 1 करोड़ रुपये, और तीसरी श्रेणी को 25 लाख रुपये दिए गए।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य/केंद्र शासित प्रदेश**

| श्रेणी | रैंक | राज्य / केंद्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | 1 | तेलंगाना |
| सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | 2 | छत्तीसगढ़ |
| सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | 3 | राजस्थान |

- नगर निगम श्रेणी में रायपुर, हैदराबाद और गोरखपुर को चुना गया है, जबकि शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी में गुना (MP) को सम्मान मिलेगा।
- सर्वश्रेष्ठ सहयोगी मंत्रालय/विभाग के रूप में रेल मंत्रालय, जल संसाधन एवं गंगा संरक्षण विभाग, और रक्षा संपदा को चुना गया है।
- NGO श्रेणी में जालतारा भूजल बचाएँ, गिरगंगा परिवार, और आर्ट ऑफ लिविंग विजेता हैं।

## जय शाह को "इंडियन ऑफ़ द ईयर 2025" सम्मान

- ICC के चेयरमैन जय शाह को इंडियन ऑफ़ द ईयर 2025" के Outstanding Achievement पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार उन भारतीयों को दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्रीय या वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला हो और अपने क्षेत्र में दूरदृष्टि तथा नवाचार के साथ परिवर्तनकारी योगदान दिया हो।
- जय शाह ने महिला क्रिकेट में ऐतिहासिक सुधार किए, जिनमें विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) की स्थापना और पुरुष–महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए समान मैच फीस लागू करना शामिल है।
- उन्होंने क्रिकेट को ओलंपिक खेलों में शामिल कराने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## IFFI 2025 – भारत का पहला AI फिल्म महोत्सव और सिनेमा AI हैकथॉन

- गोवा में 56वें IFFI के दौरान वेव्स फिल्म बाजार और IFFI ने LTIMindtreeके सहयोग से भारत का पहला AI फिल्म महोत्सव लॉन्च किया गया।
- विश्वभर के 14 फिल्म निर्माताओं ने अपनी प्रविष्टियाँ भेजीं, जिनमें से 27 फिल्में प्रतियोगिता खंड के लिए चुनी गईं और 4 फिल्में गैर-प्रतियोगिता खंड के लिए चयनित हुईं।
- क्राफ्ट मास्टर अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ AI शॉर्ट फिल्म) **फ्रांस की «नागोरी» को** मिला।
- क्राफ्ट वैनगार्ड अवार्ड (प्रयोगात्मक AI कथा) **जर्मनी की "The Cinema That Never Was" को** मिला।
- क्राफ्ट स्पेक्ट्रा अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ AI एनीमेशन/विज़ुअल डिज़ाइन) **अमेरिकी फिल्म "Kyra" ने** जीता।
- दो फिल्मों — "The Last Backup Final Part" (अंग्रेजी) और "Miracle on Kachua Beach" (हिंदी) को विशेष जूरी पुरस्कार दिया गया।

## गवर्नर्स अवार्ड्स 2025 मेंटॉम क्रूज़ को मानद ऑस्कर

- टॉम क्रूज़ को 2025 के गवर्नर्स अवार्ड्स में मानद ऑस्कर (Honorary Academy Award) से सम्मानित किया गया।
- यह सम्मान उन्हें अभिनय, निर्माण और सिनेमाई अनुभव को संरक्षित करने में उनके 40 से अधिकवर्षों के योगदान के लिए दिया गया।
- यह समारोह लॉस एंजेलिस के रे डॉल्बी बॉलरूम में आयोजित हुआ।
- टॉम क्रूज़ कोपहली बाद ऑस्कर ट्रॉफी दी गई है इससे पहले उन्हें 4 बार प्रतिस्पर्धी श्रेणी में नामांकन मिल चुका है।

## 10वें दादा साहब फाल्के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कार 2025 (DPIFF 2025)

- 10वें दादा साहब फाल्के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कार 2025 (DPIFF 2025) मुंबई में आयोजित हुए।
- कार्तिक आर्यन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और कृति सेनन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।
- DPIFF की स्थापना 2012 में भारत के फिल्म जगत के जनक दादासाहेब फाल्के (धुंडिराज गोविंद फाल्के) के सम्मान में की गई थी।

  **DPIFF 2025 विजेता सूची**
  - सर्वश्रेष्ठ फिल्म – स्त्री 2
  - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – कार्तिक आर्यन
  - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री – कृति सेनन
  - सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – कबीर खान
  - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ निर्माता – दिनेश विजन
  - समीक्षक सर्वश्रेष्ठ फिल्म – लापता लेडीज़

❖❖❖❖❖

# 8. चर्चित व्यक्तित्व

## न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश बने



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 24 नवंबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई।
- उन्होंने न्यायमूर्ति बी.आर. गवई का स्थान लिया।
- उनका कार्यकाल 9 फरवरी 2027 तक रहेगा (लगभग 14 महीने)।
- **नोटः** जस्टिस गवई, जस्टिस के. जी. बालकृष्णन (भारत के 37वें CJI) के बाद भारत के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं।

**जस्टिस सूर्यकांत**
- जन्म: 10 फरवरी 1962, हिसार (हरियाणा)।
- 7 जुलाई 2000 को हरियाणा के सबसे युवा महाधिवक्ता बने।
- 9 जनवरी 2004 को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त।
- अक्टूबर 2018 में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने।
- 24 मई 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति हुई।

**प्रमुख न्यायिक निर्णय**
- अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण का निर्णय।
- चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करने वाली पीठ।
- पेगासस स्पाइवेयर मामला और राजद्रोह कानून के निलंबन संबंधी सुनवाई।

## नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री

- नीतीश कुमार 20 नवंबर 2025 को रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने।
- भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बने।
- नई सरकार के साथ 26 मंत्रियों ने शपथ ली, जिनमें पहली बार मंत्री बनने वाली श्रेयसी सिंह भी शामिल हैं।
- नीतीश कुमार अब तक 19 वर्ष से अधिक समय तक सत्ता में रहकर बिहार के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

## ज्ञानेश कुमार 2026 में इंटरनेशनल IDEA के चेयरमैन

- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को वर्ष 2026 के लिए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (International IDEA) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।
- वह यह पद 3 दिसंबर 2025 को स्टॉकहोम, स्वीडन में आयोजित होने वाली काउंसिल ऑफ मेंबर स्टेट्स की बैठक के दौरान औपचारिक रूप से संभालेंगे।
- भारत इंटरनेशनल IDEA का संस्थापक सदस्य है।
- ज्ञानेश कुमार चेयरमैन के रूप में वर्ष 2026 में होने वाली सभी काउंसिल बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

### इंटरनेशनल IDEA

- इंटरनेशनल IDEA एक इंटरगवर्नमेंटल संगठन है जिसकी स्थापना 1995 में हुई।
- इसका उद्देश्य दुनिया भर में लोकतांत्रिक संस्थाओं व चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करना है।
- इसका मुख्यालय स्टॉकहोम, स्वीडन में स्थित है और इसमें भारत सहित 35 सदस्य देश शामिल हैं।

## न्यायमूर्ति विक्रम नाथनालसा के नए कार्यकारी अध्यक्ष बने

- न्यायमूर्ति विक्रम नाथ को 24 नवंबर 2025 से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- यह नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 3(2)(b) के तहत की गई।
- वे न्यायमूर्ति सूर्यकांत की जगह लेंगे, जिन्होंने भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने के बाद यह पद छोड़ा है।
- नालसा का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 39A के तहत सभी वर्गों को न्याय तक समान पहुँच और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना है।

## अपराजिता सारंगी संयुक्त संसदीय समिति की अध्यक्ष नियुक्त

- भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी को तीन संशोधन विधेयकों की समीक्षा हेतु गठित संयुक्त संसदीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- समिति में कुल 31 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 15 भाजपा, 11 एनडीए सहयोगी, 4 विपक्ष और एक नामित सदस्य हैं।
- **तीन विधेयक** संविधान (130वां संशोधन) विधेयक,जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक और
- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक है।

## प्रवीण कुमार ITBP के महानिदेशक बने

- ACC ने प्रवीण कुमार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) का DG नियुक्त किया।
- वे 1993 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के IPS अधिकारी हैं और पूर्व में इंटेलिजेंस ब्यूरो के विशेष निदेशक थे।
- उनका कार्यकाल 30 सितंबर 2030 तक रहेगा, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि है।
- उन्होंने राहुल रसगोत्रा का स्थान लिया।

### भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)

- स्थापना: 24 अक्टूबर 1962
- **मुख्यकार्य:** लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक 3,488 किमी भारत-चीन सीमा की सुरक्षा
- आदर्श वाक्य: शौर्य – दृढ़ता – कर्म निष्ठा

## प्रवीर रंजन CISF के महानिदेशक बने

- प्रवीर रंजन, 1993 बैच केAGMUT कैडर के IPS अधिकारी, को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)का DG नियुक्त किया गया।
- वे वर्तमान में CISF के विशेष महानिदेशक थे।
- अब 31 जुलाई 2029 तक DG के रूप में कार्य करेंगे।
- उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले राजविंदर सिंह भट्टी का स्थान लिया।

### केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)

- CISF अधिनियम, 1968 के तहत गठन।
- उद्देश्य: सरकारी व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा।
- 15 जून 1983 को संसद के अधिनियम द्वारा पूर्ण बल का दर्जा मिला।

## संदीप प्रधान सेबी के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त बने

- संदीप प्रधान को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) के बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है।
- उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष तक रहेगा।
- नियुक्ति आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से की गई।
- वह 1990 बैच के IRS अधिकारी हैं।
- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) में 4 पूर्णकालिक सदस्य पद हैं, जिनमें अमरजीत सिंह और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय पहले से सेवा दे रहे हैं।
- दो अंशकालिक सदस्य दीप्ति गौर मुखर्जी और अनुराधा ठाकुर भी बोर्ड में शामिल हैं।

## केंद्र सरकार द्वारा सचिवों की पुनर्नियुक्ति

- केंद्र सरकार ने मंत्रालयों में नए सचिव नियुक्त किए गए है।
- नीरज मित्तल —पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव।
- अमित अग्रवाल —दूरसंचार सचिव।
- मनोज जोशी —औषधि विभाग के सचिव।
- अतीश चंद्रा —कृषि मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी।
- वी. विद्यावती —दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की सचिव।
- श्रीवत्स कृष्णा —पर्यटन सचिव।
- सुनील पालीवाल —भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) के अध्यक्ष।
- अंजू राठी राणा — 23वें विधि आयोग की सदस्य सचिव नियुक्त।
- राजीव मणि — विधायी विभाग के सचिव के रूप में जुलाई 2028 तक कार्यकाल बढ़ाया गया।

## भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के मेयर बने

- भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद का चुनाव जीता।
- वे न्यूयॉर्क के मेयर बनने वाले पहले दक्षिण एशियाई और पहले मुस्लिम व्यक्ति बने।
- ममदानी डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट हैं और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े।
- वे प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और युगांडा के विद्वान प्रोफेसर महमूद ममदानी के पुत्र हैं।

## संजय गर्ग भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के महानिदेशक बने

- संजय गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के महानिदेशक बने है।
- यह नियुक्ति 1 नवंबर 2025 से प्रभावी हुई।
- संजय गर्ग 1994 बैच के IAS अधिकारी है।
- BIS भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है, जो गुणवत्ता मानकों के निर्माण और अनुपालन के लिए जिम्मेदार है।

## गेनाडी गोलोवकिन वर्ल्ड बॉक्सिंग के नए अध्यक्ष

- कज़ाकिस्तान के पूर्व विश्व चैंपियन गेनाडी गोलोवकिन को वर्ल्ड बॉक्सिंग का प्रेसिडेंट चुना गया। उन्होंने नीदरलैंड के बोरिस वैन डेर वोर्स्ट का स्थान लिया।
- गोलोवकिन 2004 एथेंस ओलंपिक में मिडलवेट श्रेणी में सिल्वर मेडल जीत चुके हैं।

# निधन

## दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन

- बॉलीवुड के महान अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को निधन हो गया। उन्होंने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और उन्हें हिंदी सिनेमा का ही-मैन कहा जाता था।
- वह 8 दिसंबर 1935 को लुधियाना में जन्मे थे।
- धर्मेंद्र का मूल नाम केवल कृष्ण देओल है।
- वह 2004–2009 के दौरान बीकानेर से सांसद (भाजपा से)रहे है।
- उन्हें पद्म भूषण, फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (1997) और फिल्म घायल के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी दिए गए।

## जेम्स वॉटसन का निधन

- डीएनए की द्वि-हेलिक्स संरचना के सह-खोजकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स वॉटसन का हाल ही में निधन हो गया।
- वॉटसन ने 1953 में फ्रांसिस क्रिक के साथ मिलकर डीएनए की संरचना की खोज की थी। इसके लिए उन्हें 1962 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

## भरतनाट्यम की नृत्यांगना कुमारी कमला का निधन

- प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना कुमारी कमला का (कमला लक्ष्मीनारायणन) हाल ही में निधन हो गया।
- इन्हें बेबी कमला” के नाम से भी जाना जाता था।
- कुमारी कमला ने मंदिरों में प्रचलित सदीर नृत्य से लेकर मंच-उपयुक्त भरतनाट्यम के विकास में योगदान दिया।

**सम्मान**

- पद्म भूषण (1970)
- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1968) – नृत्य एवं कलाओं का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान।
- US National Heritage Fellowship – अमेरिका में भारतीय नृत्य को बढ़ावा देने हेतु उच्चतम सम्मान।

❖❖❖❖❖

# 9. चर्चित स्थल

## गोगाबील झील भारत का 94वाँ रामसर स्थल घोषित

- बिहार के कटिहार जिले में स्थित गोगाबील झील को रामसर कन्वेंशन (1971) के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में घोषित किया गया।
- यह भारत का 94वाँ रामसर स्थल है।
- यह बिहार का पहला सामुदायिक रिज़र्व है, जिसे स्थानीय समुदाय द्वारा संरक्षित व प्रबंधित किया जाता है।
- गोगाबील झील गंगा और महानंदा नदियों के बीच स्थित एक गोमुख / ऑक्सबो प्रकार की बाढ़-मैदान (floodplain) आर्द्रभूमि है।
- यह बिहार का छठा रामसर स्थल है और बिहार रामसर स्थलों की संख्या के संदर्भ में भारत में तीसरे स्थान पर पहुँच गया है।
- यह जलीय वनस्पतियों, मछलियों व अन्य आर्द्रभूमि आधारित प्रजातियों की उच्च जैव विविधता का समर्थन करती है।
- **नोटः** भारत 94 रामसर स्थलों के साथ विश्व में तीसरे स्थान पर (ब्रिटेन – 176, मेक्सिको – 144) है और एशिया में पहले स्थान पर है।

## हैदराबादः भारत की पहली वैश्विक-स्तरीय विमान इंजन MRO सुविधा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर 2025 को **हैदराबाद में भारत की पहली वैश्विक-स्तरीय विमान इंजन MRO सुविधा** का उद्घाटन किया।
- यह सुविधा फ्रांस की एयरोस्पेस कंपनी सफ़रान द्वारा विकसित «सफ़रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया (SAESI)" के रूप में स्थापित की गई है।
- यह परियोजना ₹1,300 करोड़ के निवेश से जीएमआर एयरोस्पेस एंड इंडस्ट्रियल पार्क (SEZ), RGIA के पास स्थापित की गई है।
- यह दुनिया की सबसे बड़ी LEAP इंजन MRO सुविधाओं में से एक है।
- यह भारत में किसी भी वैश्विक इंजन OEM (Original Equipment Manufacturer) द्वारा स्थापित पहली MRO सुविधा है।
- क्षमताः हर साल 300 LEAP इंजनों की सर्विसिंग होगी।
- **नोटः** LEAP इंजन एयरबस A320neo और बोइंग 737 MAX को पावर देते हैं।

## विशाखापत्तनम में AI-नेटिव डेटा सेंटर स्थापित होगा

- डिजिटल कनेक्शन ब्रूकफ़ील्ड, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और डिजिटल रियल्टी के संयुक्त उपक्रमने विशाखापत्तनम में 11 अरब डॉलर के AI डेटा सेंटर की घोषणा की।
- इस परियोजना में 1 गीगावॉट क्षमता वाला AI-नेटिव कैंपस बनाया जाएगा।
- यह भारत की सबसे बड़ी डिजिटल अवसंरचना परियोजनाओं में से एक है।
- यह परियोजना 2030 तक पूरी होने की योजना के साथ 400 एकड़ में विकसित की जाएगी।
- यह घोषणा गूगल की हालिया 15 अरब डॉलर की AI डेटा सेंटर परियोजना के बाद की गई है।

## गुवाहाटीः भारत का पहला रिवर टर्मिनल

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने भारत के पहले फ्लोटिंग रिवर टर्मिनल का उद्घाटन किया।
- यह टर्मिनल 304.95 करोड़ रुपये की लागत से असम अंतर्देशीय जल परिवहन विकास सोसाइटी द्वारा विकसित किया गया है।
- इससे पहले उन्होंने ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट विकास परियोजना का भी उद्घाटन किया, जिसमें 1.2 किमी लंबा सैरगाह, बुलेवार्ड, गार्डन, साइक्लिंग ट्रैक, बच्चों के खेल स्थल और व्यावसायिक क्षेत्र शामिल होंगे।
- यह नया टर्मिनल असम के अंतर्देशीय जल परिवहन विभाग के नौका संचालन के लिए एक केंद्रीय केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

## भारत का पहला डिजिटल जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर, अटल नगर में भारत के पहले डिजिटल जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन किया।
- यह संग्रहालय ब्रिटिश उपनिवेश काल में संघर्ष करने वाले जनजातीय वीरों के बलिदान को समर्पित है।
- इसका नाम शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक एवं जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय रखा गया है।

**विशेषताएँ**

- VFX आधारित विजुअल प्रेजेंटेशन।
- डिजिटल प्रोजेक्शन और इंटरएक्टिव स्क्रीन।
- QR-कोड आधारित कहानी प्रस्तुति।

## कंगचेंदज़ोंगा राष्ट्रीय उद्यान को IUCN द्वारा "Good" दर्जा

- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की नवीनतम वैश्विक समीक्षा में कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान को "Good" दर्जा दिया गया है।
- यह सकारात्मक रेटिंग प्राप्त करने वाला एकमात्र भारतीय विश्व धरोहर स्थल है।
- कंगचेंदज़ोंगा, जिसे कंचनजंगा बायोस्फीयर रिज़र्व भी कहा जाता है, भारत का पहला "मिश्रित" UNESCO विश्व धरोहर स्थल है।

- इसे 2016 में प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक महत्व के कारण मान्यता मिली थी।
- यह पार्क 1,784 वर्ग किलोमीटर में फैला है और उपोष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर 8,586 मीटर ऊँचे माउंट कंचनजंगा की बर्फीली चोटियों तक विस्तृत है।

## टेस्ला का भारत में पहला डेडिकेटेड सेंटर

- भारत में 26 नवंबर 2025 को गुरुग्राम, हरियाणा के ऑर्किड बिज़नेस पार्क में अपना पहला टेस्ला सेंटर लॉन्च किया गया।
- यह केंद्र भारत के बाज़ार हेतु एक शोरूम, डिलीवरी हब और सर्विस सेंटर के रूप में कार्य करेगा।
- **नोटः** टेस्ला का पहला भारतीय एक्सपीरियंस सेंटर 15 जुलाई 2025 को मुंबई के BKC के मेकर मैक्सिटी में खोला गया था।

## भारत की पहली मेगावाट-घंटे पैमाने की वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी प्रणाली उद्घाटित

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ग्रेटर नोएडा स्थित NTPC नेट्रा केंद्र में देश की पहली 3 मेगावॉट-घंटे (MWh) क्षमता वाली वैनेडियम रेडॉक्स फ्लो बैटरी(VRFB)प्रणाली का उद्घाटन किया।
- यह परियोजना लंबे समय तक ऊर्जा भंडारण तकनीक को विकसित करने तथा ग्रिड स्थिरता को मजबूत करने में सहायक होगा।
- वैनेडियम फ्लो बैटरियां पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरियों का एक उभरता विकल्प हैं और ऊर्जा भंडारण में नई संभावनाएँ प्रदान करती हैं।

## गोवाः 77 फीट ऊँची राम प्रतिमा का अनावरण

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 नवंबर 2025 को **दक्षिण गोवा के केनाकोंना स्थित श्री संस्थान गोकर्ण पार्टगली जीवोत्तम मठ में** भगवान श्रीराम की 77 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।
- इस दौरान **रामायण थीम पार्क का उद्घाटन** किया, जिसे रामायण की कथाओं को आधुनिक तरीके से प्रस्तुत करने वाले एक इंटरैक्टिव सांस्कृतिक परिसर के रूप में विकसित किया गया है।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कर्नाटक स्थित उडुपी श्रीकृष्ण मठ का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने ऐतिहासिक लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में भाग लिया।
- इस आयोजन में 1 लाख से अधिक विद्यार्थी, संत और श्रद्धालुओं ने एक साथ भगवद्गीता का पाठ किया।

## एशिया का सबसे बड़ा मेट्रो डिपो का उद्घाटन

- हाल ही में मुंबई मेट्रो लाइन 2B (डीएन नगर–मानखुर्द) के लिए मांडले डिपो का उद्घाटन किया गया।
- यह एशिया का सबसे बड़ा और पहला एलिवेटेड मेट्रो डिपो है।
- इस डिपो को MMRDA द्वारा विकसित किया गया है।
- इसका कुल क्षेत्रफल: 30.45 हेक्टेयर है, जो अत्याधुनिक तकनीक, भविष्य-उन्मुख एवं पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं से लैस है।
- इसकी कुल क्षमता 72 मेट्रो ट्रेनें होगी।

## नालंदा विश्वविद्यालय में बनेगा 'सेंटर फॉर साउथ ईस्ट एशियन स्टडीज'

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित 22वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन के दौरान इस केंद्र की स्थापना की घोषणा की।
- नया "सेंटर फॉर साउथ ईस्ट एशियन स्टडीज" भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को नई दिशा देगा।
- यह पहल आसियान देशों के साथ शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत बनाएगी।
- इस नए केंद्र से न केवल अकादमिक साझेदारी को बल मिलेगा, बल्कि साझा विरासत और नीतिगत संवाद की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।

## देश की पहली 'वामन वृक्ष वाटिका' का उद्घाटन

- राष्ट्रीय एकता दिवस और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को गुजरात के एकता नगर में 1,220 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।
- इन परियोजनाओं में ही देश की पहली 'वामन वृक्ष वाटिका', जिसे वामन अवतार से प्रेरणा लेकर बनाया गया है।
- यह वाटिका 13,885 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली है।
- इसमें 65 प्रजातियों के 1,147 लघु वृक्ष (मिनिएचर ट्री) लगाए गए हैं।
- इस वाटिका के इंटरप्रिटेशन सेंटर में आगंतुकों को भारतीय वृक्षकला से लेकर जापानी बोन्साई कला तक की वर्चुअल यात्रा का अनुभव कराया जाएगा।

## हैदराबाद में वित्तीय ऑडिट के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) हैदराबाद में वित्तीय लेखा परीक्षा के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा।
- इसका उद्देश्य देश की ऑडिट प्रणाली को आधुनिक बनाना और वैश्विक मानकों के अनुरूप लाना है।
- इसके तहत अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर उन्हें भारतीय संदर्भ के अनुरूप लागू किया जाएगा।
- यह केंद्र सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन की बढ़ती जटिलताओं को देखते हुए भारत के ऑडिट ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## ओडिशा के दो समुद्र तटों को अंतरराष्ट्रीय ब्लू फ्लैग प्रमाणन मिला

- ओडिशा के सुनापुर और पुरी गोल्डन बीच को 2025–26 के लिए पुनः ब्लू फ्लैग प्रमाणन मिला।
- सुनापुर बीच को यह मान्यता तीसरी बार, जबकि पुरी गोल्डन बीच को सातवीं बार प्राप्त हुई है।
- ब्लू फ्लैग प्रमाणन डेनमार्क स्थित FEE संस्था द्वारा दिया जाता है, जो पर्यावरणीय स्वच्छता, जल गुणवत्ता, सुरक्षा और ईको-शिक्षा जैसे 33 अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित होता है।
- भारत में कुल 13 बीच इस सूची में शामिल हैं, जिनमें से 12 को पूर्ण प्रमाणन मिला है।
- सुनापुर बीच अपनी स्वच्छ रेत, नदी–समुद्र संगम और समुदाय द्वारा संचालित संरक्षण कार्यों के लिए प्रसिद्ध है।
- पुरी गोल्डन बीच में स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट, सुरक्षा मानक और समर्पित स्नान क्षेत्र हैं।

# विविध

## असम में 'पॉलीगैमी बिल 2025' पारित हुआ

- असम विधानसभा ने असम प्रोहिबिशन ऑफ़ पॉलीगैमी बिल, 2025 पारित कर दिया है।
- यहाँ बहुविवाह (पहली शादी विधि-संगत रूप से समाप्त किए बिना दूसरी शादी) पर सबसे कठोर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

### मुख्य प्रावधान

- **बहुविवाह का अपराधीकरण:** पहली शादी समाप्त किए बिना दूसरी शादी करना एक दंडनीय अपराध होगा।
- **शादी छिपाना:** पहली शादी की जानकारी छिपाने पर 10 वर्ष तक कठोर कारावास का प्रावधान है।
- **बिना तलाक दूसरी शादी करना:** बिना तलाक के दूसरी शादी करने पर 7 वर्ष तक की कैद हो सकती है।
- **पुनरावृत्ति पर कठोर दंड:** दोबारा अपराध करने पर पहली सज़ा की तुलना में दोगुनी सज़ा दी जाएगी।
- **धार्मिक अधिकारी / क़ाज़ी पर दंड:** ऐसी शादी करवाने वाले धार्मिक गुरुओं पर ₹1.5 लाख तक जुर्माना लगाया जाएगा।
- **न्याय प्रक्रिया में बाधा डालना:** विवाह संबंधी जानकारी छिपाने पर 2 वर्ष तक की कैद और ₹1 लाख का जुर्माना लागू होगा।
- **सरकारी लाभों से वंचित करना:** दोषी व्यक्तियों को सरकारी नौकरियों और राज्य कल्याण योजनाओं के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- **पीड़ित सहायता कोष:** बहुविवाह से प्रभावित महिलाओं के लिए मुआवज़ा कोष बनाया जाएगा।
- **नोट:** यह कानून जनजातीय समुदायों पर लागू नहीं होगा।

## आंध्र प्रदेश में 3 नए ज़िले बनाए गए

- आंध्र प्रदेश सरकार ने तीन नए ज़िलों के गठन को मंज़ूरी दी, जिससे मौजूदा संख्या 26 से बढ़कर 29 हो गई है।
- इसका उद्देश्य प्रशासनिक पुनर्गठन का उद्देश्य बेहतर शासन, तेज़ सेवाएँ और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप प्रबंधन सुनिश्चित करना है।
- **नए ज़िले:** पोलावरम, मार्कापुरम औरमदनपल्ले।

## तुंगबुक और पुमटोंग पुलिट को GI टैग

- भारत सरकार ने सिक्किम के लेप्चा समुदाय के 2 पारंपरिक वाद्य–यंत्र तुंगबुक और पुमटोंग पुलिट को भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया है।
- तुंगबुक एक तीन-तार वाला वाद्ययंत्र है।
- पुमटोंग पुलिट एक बाँस से बनी बांसुरी है।
- ये दोनों लेप्चा लोक-संगीत तथा सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## यूनेस्को मुख्यालय में डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

- पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में **संविधान दिवस पर** डॉ. बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया।
- डॉ. अंबेडकर, महात्मा गांधी के बाद, यूनेस्को शांति उद्यान में प्रतिमा स्थापित होने वाले दूसरे भारतीय नेता बन गए।

## कैमिकारा: 'ग्लोबल ब्रांड ऑफ द ईयर' जीतने वाली पहली भारतीय रम

- भारतीय स्पिरिट्स उद्योग के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में कॅमिकारा (Camikara) ने लंदन में आयोजित द स्पिरिट्स बिज़नेस अवॉर्ड्स 2025 में 'रम ब्रांड ऑफ द ईयर' का खिताब जीता।
- यह सम्मान प्राप्त करने वाली पहली भारतीय रम बनी है।
- कॅमिकारा का निर्माण पिकाडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किया जाता है।
- यह भारत की पहली एज्ड रम है, जिसे शुद्ध गन्ना रस (pure cane juice) से बनाया जाता है।
- यह तकनीक सामान्यतः मार्टीनिक, रीयूनियन जैसे क्षेत्रों में उपयोग होती है।

## देश में पहला तेंदुआ जन्म-नियंत्रण कार्यक्रम

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने 17 नवंबर 2025 को महाराष्ट्र के तेंदुआ जन्म-नियंत्रण कार्यक्रम को मंज़ूरी दी है।
- यह भारत का पहला ऐसा कार्यक्रम है।
- यह कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से लागू होगा, इसके पहले चरण में 5 मादा तेंदुओं पर जन्म-नियंत्रण तकनीक का प्रयोग किया जाएगा।

## गोवा पुलिस: भारत की पहली 100% साइबर फ्रॉड रिस्पॉन्स पुलिस

- गोवा पुलिस ने 100% साइबर धोखाधड़ी कॉल प्रतिक्रिया हासिल कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया।
- साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर को 5,000+ कॉल प्राप्त हुए और 581 शिकायतें दर्ज की गईं।
- इसमें लगभग 1,500 मिस्ड कॉल का भी पूरा जवाब दिया गया, जिससे पहुँच दर 100% हो गई।
- गोवा कॉल सेंटर (1930) क्लाउड-आधारित है और इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था।

## MFC 2025: भारत की पहली डिजिटल समुद्री मत्स्य पालन जनगणना

- भारत ने राष्ट्रीय समुद्री मत्स्य जनगणना 2025 की शुरुआत की है।
- इसका शुभारंभ ICAR-CMFRI, कोच्चि में केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन द्वारा किया गया।
- यह देश की पहली पूर्ण डिजिटल समुद्री मत्स्य जनगणना है, जिसे 3 नवंबर से 18 दिसंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है।
- इस जनगणना में 12 लाख से अधिक मत्स्य परिवारों और 4,000 से अधिक समुद्री मत्स्य ग्रामों से डेटा एकत्र किया जाएगा।
- डेटा संग्रह के लिए VyAS Bharat और VyAS Sutra नामक मोबाइल ऐप उपयोग किए जा रहे हैं, जो रियल-टाइम डेटा, जियो-रेफरेंसिंग और केंद्रीकृत निगरानी सुविधा प्रदान करते हैं।

## “स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार” अभियान:भारत ने बनाए तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- भारत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नेतृत्व में चलाए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार” अभियान के तहत तीन GUINNESS WORLD RECORDS™ स्थापित किए।
- यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और निवारक सेवाओं को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है।
- अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक पोषण माह के दौरान चलाया गया, जिसमें 11 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया और 19.7 लाख स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुए।

### अभियान से जुड़े तीन गिनीज रिकॉर्ड

1. एक महीने में स्वास्थ्य प्लेटफ़ॉर्म पर सर्वाधिक पंजीकरण — 3.21 करोड़
2. एक सप्ताह में ऑनलाइन स्तन कैंसर स्क्रीनिंग हेतु सर्वाधिक पंजीकरण — 9.94 लाख
3. एक सप्ताह में राज्य-स्तरीय वाइटल साइन स्क्रीनिंग हेतु सर्वाधिक पंजीकरण — 1.25 लाख

## कैम्ब्रिज डिक्शनरी द्वारा “Parasocial” को "वर्ड ऑफ द ईयर 2025" चुना गया

- कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने पैरासोशल” को वर्ष 2025 का वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया।
- इस शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से संबंध महसूस करना, जिसे व्यक्ति वास्तव में नहीं जानता है।
- वर्ष 2025 में पॉडकास्टर्स, AI चैटबॉट्स, सेलिब्रिटीज, काल्पनिक किरदारों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ पैरासोशल रिश्तों में तेज़ वृद्धि देखी गई है।

❖❖❖❖❖

# 10. प्रमुख सम्मेलन

## चाणक्य रक्षा संवाद 2025

- भारतीय सेना ने 27–28 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में चाणक्य डिफेंस डायलॉग (CDD) का तीसरा संस्करण आयोजित किया।
- इस संवाद का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उद्घाटन किया।
- इसकी थीम: "Reform to Transform: सशक्त, सुरक्षित और विकसित भारत।थी।
- सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 2047 तक भारतीय सेना को आधुनिक, एकीकृत और भविष्य-उन्मुख बल में बदलने के लिए एक तीन-चरणीय रूपांतरण रणनीति प्रस्तुत की।

## 5वाँ भारत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF)

- भारत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF) 2025 का पाँचवाँ संस्करण 27–28 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम की थीम समावेशी और सतत विकसित भारत के लिए इंटरनेट गवर्नेंस को आगे बढ़ाना" थी।
- यह फ़ोरम नीति-निर्माताओं, तकनीकी उद्योग से जुड़े नेताओं, शिक्षाविदों, नागरिक समाज और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल संगठनों को एक मंच पर लाएगा।

## छठी अंतर्राष्ट्रीय कृषि विज्ञान कांग्रेस

- छठी अंतर्राष्ट्रीय कृषि विज्ञान कांग्रेस (IAC-2025) का उद्घाटन 24 नवंबर 2025 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा **नई दिल्ली में** किया जाएगा।
- IAC-2025 का विषय स्मार्ट कृषि-खाद्य प्रणालियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए कृषि विज्ञान की पुनर्कल्पना" था।
- इसमें पूर्ण वार्ताएँ, विषय आधारित संगोष्ठियाँ, शोध प्रस्तुतियाँ और प्रदर्शनियाँ आयोजित की गई।
- यह आयोजन कृषि विज्ञान पर वैश्विक वैज्ञानिक चर्चा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।
- इसमें वैश्विक प्रतिनिधियों के अलावा विश्वविद्यालय प्रमुख, ICAR अधिकारी, उद्योग नेता और कृषि उद्यम नवप्रवर्तक शामिल हुए।

## ग्रामीण बौद्ध विरासत के संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- ग्रामीण बौद्ध विरासत के संरक्षण पर एक अलग अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 28-30 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- यह सम्मेलन भारतीय ग्रामीण विरासत एवं विकास न्यास द्वारा आयोजित किया गया।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण बौद्ध स्थलों की सुरक्षा पर वैश्विक संवाद को आगे बढ़ाना है।

## नागालैंड हॉर्नबिल महोत्सव 2025

- 2025 हॉर्नबिल महोत्सव 1–10 दिसंबर, किसामा हेरिटेज विलेज (कोहिमा के पास) में आयोजित हुआ।
- इस वर्ष का विषय: सांस्कृतिक जुड़ाव था।
- हाल ही में नागालैंड ने हॉर्नबिल महोत्सव 2025 के लिए स्विट्जरलैंड और आयरलैंड को आधिकारिक भागीदार राष्ट्र चुना।
- यूनाइटेड किंगडम भी पहले से ही महोत्सव का भागीदार देश है।

## क्षेत्रीय ओपन डिजिटल हेल्थ समिट 2025 (RODHS 2025)

- भारत ने 19–21 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में दूसरे क्षेत्रीय ओपन डिजिटल हेल्थ समिट की मेजबानी की।
- इसका आयोजन MeitY का NeGD, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA),WHO-SEARO और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- इसमें भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, थाईलैंड, मालदीव सहित कई देशों ने हिस्सा लिया।
- **उद्देश्य:** डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) को आगे बढ़ाना और देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों में इंटरऑपरेबिलिटी सुनिश्चित करना।

## 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI 2025)

- IFFI का आयोजन 20 से 28 नवंबर 2025 तक गोवा के पणजी में आयोजित हुआ।
- इस संस्करण में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गई।
  **फोकस और विशेष देश**
  - फोकस देश: जापान
  - स्पॉटलाइट देश: स्पेन और ऑस्ट्रेलिया
  - **विशेष सम्मान:** सिनेमा क्षेत्र में 50 वर्षों से अधिक योगदान के लिए **रजनीकांत को** सम्मानित किया गया।

## युवा एआई फॉर ऑल अभियान

- केंद्र सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को आम जनता तक पहुँचाने के लिए 'YUVA AI for ALL' नाम का मुफ्त राष्ट्रीय ऑनलाइन कोर्स शुरू किया है।
- यह पहल MeitY ने India AI Mission के तहत शुरू की है और इसका लक्ष्य 1 करोड़ भारतीयों को बेसिक AI कौशल देना है।
- यह 4.5 घंटे का स्वयं-गति (self-paced) कोर्स है, जिसमें आसान भाषा, भारतीय उदाहरण और वास्तविक केस स्टडी शामिल हैं।
- यह कोर्स FutureSkills Prime, iGOTKarmayogiऔर अन्य एड-टेक प्लेटफॉर्म पर मुफ्त उपलब्ध है।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025

- हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 21 दिवसीय 10वां अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 आयोजित किया गया।
- इंग्लैंड को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का साझेदार देश घोषित किया गया।
- मध्य प्रदेश इस महोत्सव का भागीदार राज्य है।
- **यह** महोत्सव 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया।
- कुरुक्षेत्र, हरियाणा में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता का उपदेश दिया था।
- **इस** महोत्सव का उद्देश्य गीता के सार्वभौमिक संदेश को वैश्विक मंच पर पुनर्स्थापित करना है।

## 13वां अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट

- पूर्वोत्तर भारत की पर्यटन क्षमता प्रदर्शित करने हेतु 13वां अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (13-16 नवंबर 2025) गंगटोक, सिक्किम में आयोजित किया गया।
- इसका उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया।
- इसका उद्देश्य भारत के पूर्वोत्तर की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देना था।

## एशियाई बीज कांग्रेस 2025

- इसका आयोजन 17-21 नवंबर 2025 तक महाराष्ट्र के मुंबई में किया गया।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का उद्घाटन किया।
- इसकी थीम: “गुणवत्तापूर्ण बीजों के माध्यम से समृद्धि के बीज बोना” है।

## कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) पार्टनरशिप समिट 2025

- भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने 14 नवंबर 2025 को विशाखापत्तनम में 30वाँ CII पार्टनरशिप समिट उद्घाटित किया।
- यह समिट CII, DPIIT ( DPIIT (Department for Promotion of Industry and Internal Trade), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई।
- इस समिट की थीम “Technology, Trust and Trade: Navigating the New Geo-Economic Landscape” थी।
- इस समिट का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों के भविष्य से जुड़े वैश्विक सहयोग को मजबूत करना है।

## दूसरा WHO पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन

- दूसरा वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा शिखर सम्मेलन 17 से 19 दिसंबर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।
- यह आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन और आयुष मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- सम्मेलन का मुख्य विषय “संतुलन बहाल करना: स्वास्थ्य और कल्याण का विज्ञान और अभ्यास” है।
- यह शिखर सम्मेलन WHO की वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025-2034 को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक सहयोग, अनुसंधान और नीतियों का विकास करना तथा पारंपरिक उपचार पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में एकीकृत करना है।

## ईएसटीआईसी 2025 (ESTIC 2025)




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 नवम्बर 2025 को नई दिल्ली में ESTIC 2025 का उद्घाटन किया।
- **ESTIC पूरा नाम:** Emerging Science, Innovation and Research Technology Conclave.
- थीम: “Ease of Doing Research” – अर्थात् अनुसंधान को सरल, पारदर्शी और परिणाममुखी बनाना।
- **उद्देश्य:**भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की पारिस्थितिकी को सशक्त बनाना और निजी क्षेत्र को अनुसंधान व विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित करना।
- यह भारत का पहला ऐसा मंच है जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से जुड़े नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत को एक साथ लाता है।
- इसका आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (DST) द्वारा किया गया।
- इसके विषयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकी, स्पेस टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य नवाचार, क्वांटम विज्ञान और सेमीकंडक्टर निर्माण शामिल हैं।

## 44वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (IITF) 2025

- 44वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (IITF) 2025 नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया था।
- यह मेला “एक भारत, श्रेष्ठ भारत” थीम पर आधारित था।
- यह आयोजन भारत के राज्यों, मंत्रालयों, PSUs, विदेशी प्रदर्शकों और निजी कंपनियों की व्यापक भागीदारी रही।

**मुख्य पुरस्कार**

| पार्टनर स्टेट श्रेणी | राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेश श्रेणी | थीमेटिक प्रस्तुति (राज्यों द्वारा) | स्वच्छ पवेलियन (स्वच्छ भारत अभियान) |
|---|---|---|---|
| स्वर्ण: राजस्थान<br>रजत: बिहार<br>कांस्य: उत्तर प्रदेश<br>विशेष प्रशंसा: महाराष्ट्र | स्वर्ण: ओडिशा<br>रजत: मध्य प्रदेश<br>कांस्य: पुडुचेरी<br>प्रशंसा: दिल्ली, गोवा और कर्नाटक | स्वर्ण: मेघालय<br>रजत: केरल<br>कांस्य: आंध्र प्रदेश<br>प्रशंसा: छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा। | स्वर्ण: हरियाणा<br>रजत: पंजाब<br>कांस्य: असम<br>प्रशंसा: अंडमान-निकोबार, उत्तराखंड, तमिलनाडु। |

| मंत्रालयों, PSUs और कमोडिटी बोर्ड पुरस्कार | मंत्रालय, PSUs एवं PSBs | फोकस स्टेट श्रेणी |
|---|---|---|
| • स्वर्ण: रक्षा मंत्रालय<br>• रजत: खान मंत्रालय<br>• कांस्य: रेलवे मंत्रालय<br>• प्रशंसा: आयुष मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय | • स्वर्ण: एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI)<br>• रजत: नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD)<br>• कांस्य: भारतीय खाद्य निगम (FCI)<br>• प्रशंसा: वस्त्र मंत्रालय, SBI, LIC | • स्वर्ण: झारखंड। |

❖❖❖❖❖

# 11. इंडेक्स एवं रिपोर्ट

## ग्लोबल क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स (CCPI) 2026

- CCPI को Germanwatch, NewClimate Institute और Climate Action Network द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित किया जाता है।
- इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 13 स्थान गिरकर 23वीं हो गई है।
- भारत की रैंक गिरने का प्रमुख कारण कोयले को चरणबद्ध समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय योजना का न होना है।
- इस बार 61.31 स्कोर के साथ भारत «High Performer" से गिरकर "Medium Performer" की श्रेणी में आ गया है।
- ग्लोबल क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्सदेशों की जलवायु कार्रवाई और प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है।
- CCPI कुल 63 देशों + यूरोपीय संघ की क्लाइमेट परफॉर्मेंस को ट्रैक करता है, जो मिलकर वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के 90% से अधिक के लिए ज़िम्मेदार हैं।
- इस रिपोर्ट में पहले तीन स्थान खाली हैं क्योंकि कोई देश बहुत उच्च प्रदर्शन" की श्रेणी में नहीं आया।

| सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले देश | सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देश |
|---|---|
| • 4th – डेनमार्क (80.52)<br>• 5th – मोरक्को (70.75)<br>• 6th – यूनाइटेड किंगडम (70.8) | • 64th – रूस<br>• 65th – संयुक्त राज्य अमेरिका (21.84)<br>• 66th – ईरान (14.33)<br>• 67th – सऊदी अरब (11.9) |

## जर्मनवॉच जलवायु जोखिम सूचकांक 2026

- जर्मनवॉच ने COP-30 (बेलेम, 11 नवंबर 2025) में जलवायु जोखिम सूचकांक (CRI) 2026 जारी किया।
- इस रिपोर्ट के अनुसार 1995–2024 के बीच वैश्विक स्तर पर 9,700 से अधिक चरम मौसम घटनाओं में 8.32 लाख लोगों की मृत्यु हुई और लगभग 5.7 अरब लोग प्रभावित हुए।
- कुल आर्थिक नुकसान 4.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा।
- **सबसे अधिक प्रभावित देश (दीर्घकालिक):** डोमिनिका, म्यांमार और होंडुरास
- **लगातार जोखिम वाले देश: भारत,** फिलीपींस, निकारागुआ और हैती

### भारत का स्थान

- भारत 1995–2024 की दीर्घकालिक सूची में 9वें स्थान पर है।
- भारत में इस अवधि में लगभग 430 चरम मौसम घटनाएँ दर्ज की गईं।
- इन घटनाओं में 80,000 से अधिक मौतें, 1.3 अरब लोग प्रभावित और लगभग 170 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।
- वर्ष 2024 के लिए भारत की रैंकिंग 15वीं थी। (प्रभावित जनसंख्या के आधार पर यह दुनिया में तीसरे स्थान पर रहा।)

## अमूल और IFFCO को वैश्विक सहकारी समितियों की रैंकिंग में पहला और दूसरा स्थान

- अमूल को इंटरनेशनल को-ऑपरेटिव अलायंस (ICA) द्वारा जारी वैश्विक सहकारी समितियों की रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला।
- इसके अलावा भारत की इंडियन फ़ार्मर्स फ़र्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO) ने वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- यह घोषणा कतर की राजधानी दोहा में ICA सम्मेलन के दौरान की गई।
- यह रैंकिंग Turnover Relative to GDP Per Capita के आधार पर दी गई।
- अमूल का संचालन गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF) करता है।
- IFFCO भारत के किसानों द्वारा संचालित सबसे बडी उर्वरक सहकारी संस्था है।

## एशिया पावर इंडेक्स 2025: भारत तीसरे स्थान पर

- यह इंडेक्स लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी किया जाता है और एशियाई देशों की समग्र शक्ति का आठ प्रमुख मानकों के आधार पर मूल्यांकन करता है।
- भारत ने एशिया पावर इंडेक्स 2025 में तीसरा स्थान हासिल किया।
- भारत से पहले केवल अमेरिका और चीन हैं।
- यह पहली बार है जब भारत "Major Power" श्रेणी में शामिल हुआ है।भारत ने 40.0/100 का स्कोर हासिल किया।
- इस इंडेक्स में आर्थिक क्षमता, सैन्य क्षमता, लचीलापन, भविष्य संसाधन, कूटनीतिक प्रभाव, आर्थिक संबंध, रक्षा नेटवर्क और सांस्कृतिक प्रभाव जैसे आठ क्षेत्रों का आकलन किया जाता है।
- आर्थिक क्षमता और भविष्य संसाधन दोनों में भारत तीसरे स्थान पर रहा।
- सैन्य क्षेत्र में भारत ने आधुनिकीकरण, रक्षा उत्पादन और रणनीतिक उपस्थिति के कारण मजबूत प्रदर्शन किया।
- आर्थिक संबंधों में भी भारत ने एशिया और वैश्विक स्तर पर व्यापारिक और निवेश नेटवर्क के विस्तार के साथ प्रगति दर्ज की।
- भारत का रक्षा नेटवर्क कमजोर बना हुआ है क्योंकि औपचारिक सैन्य गठबंधन सीमित हैं।
- कूटनीतिक और सांस्कृतिक प्रभाव में भी सुधार की आवश्यकता है।
- अमेरिका 81.7/100 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहा और चीन ने 73.7/100 का स्कोर हासिल किया।

## HDFC भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड बना

- कंटार ब्रांड्ज़ मोस्ट वैल्यूएबल इंडियन ब्रांड्स रिपोर्ट 2025के अनुसार HDFC बैंक 44.9 अरब डॉलर ब्रांड मूल्य के साथ TCS को पछाड़कर भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड बन गया।
- HDFC बैंक की ब्रांड वैल्यू 2014 की तुलना में 377% बढ़ी है।
- ज़ोमैटो लगातार दूसरे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला भारतीय ब्रांड बना है इसका ब्रांड मूल्य 2025 में लगभग दोगुना होकर $6 बिलियन पहुँचा।
- इस बार सूची को बढ़ाकर 100 ब्रांड किया गया।
- इस रिपोर्ट में ब्रांड मूल्य का निर्धारण वित्तीय मूल्य + ब्रांड योगदान को मिलाकर किया जाता है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष 100 ब्रांडों का एकीकृत मूल्य 523.5 अरब डॉलर है, जो भारत की GDP का लगभग 13% है।

## QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2026

- QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग्स 2026 में स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय को दुनिया का सबसे टिकाऊ विश्वविद्यालय घोषित किया गया है।
- इस वर्ष 106 देशों से लगभग 2,000 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया।

### QS सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग्स 2026 – टॉप 5 विश्वविद्यालय

1. लुंड विश्वविद्यालय, स्वीडन
2. यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो, कनाडा
3. यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (UCL), UK
4. यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग, UK
5. यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा

### भारत का प्रदर्शन

- किसी भी भारतीय संस्थान ने टॉप-200 में जगह नहीं बनाई।
- भारत में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग IIT दिल्ली ने हासिल की, जिसकी वैश्विक स्थिति 205 पर पहुँची (पहले 171 थी)।
- प्रमुख संस्थानों जैसे IIT बॉम्बे (235 → 236) और IIT खड़गपुर (202 → 236) की रैंकिंग में गिरावट हुई है।
- भारत के शीर्ष 10 संस्थानों में 6 IITs शामिल हैं।
- कुल 15 IITs में से 6 IITs की रैंकिंग में सुधार हुआ, जबकि अन्य में गिरावट दर्ज की गई।
- कुल विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व में भारत चौथे स्थान पर रहा (अमेरिका 240, चीन 163, UK 109 के बाद)।
- इस बार कुल 103 भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग में शामिल हुए।
- देश के26 संस्थान पहली बार शामिल हुए,यह संख्या चीन के बाद दुनिया में सबसे अधिक है।

## 'बेसिक एनिमल हसबैंड्री स्टैटिस्टिक्स 2025'

- केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने 26 नवंबर 2025 को 'बेसिक एनिमल हसबैंड्री स्टैटिस्टिक्स (BAHS) 2025' जारी किया।
- यह रिपोर्ट 1 मार्च 2024 से 29 फरवरी 2025 तक किए गए इंटीग्रेटेड सैंपल सर्वे पर आधारित है।
- यह डॉक्यूमेंट लाइवस्टॉक और डेयरी सेक्टर के रुझानों, उत्पादन अनुमानों और नीतिगत जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करता है।
- इसमें दूध, अंडा, मीट और ऊन जैसे प्रमुख पशु उत्पादों की उत्पादन स्थिति का विस्तृत विवरण शामिल है।
- **दूध उत्पादन (Milk Production):** वैश्विक स्तर पर भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है।
    - वर्ष 2024-25 में देश का अनुमानित कुल दूध उत्पादन 247.87 मिलियन टन है।
    - प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 2024-25 में 485 ग्राम/दिन हो गई है।
    - शीर्ष 5 दूध उत्पादक राज्य—उत्तर प्रदेश (15.66%), राजस्थान (14.82%), मध्य प्रदेश (9.12%), गुजरात (7.78%) और महाराष्ट्र (6.71%)
- **अंडा उत्पादन (Egg Production):** अंडा उत्पादन में भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है।
    - वर्ष 2024-25 में कुल अंडा उत्पादन 149.11 बिलियन अनुमानित है।
    - प्रति व्यक्ति अंडा उपलब्धता 2024-25 में 106 नग/वर्ष हो गई है।
    - शीर्ष योगदान देने वाले राज्य—आंध्र प्रदेश (18.37%), तमिलनाडु (15.63%), तेलंगाना (12.98%), पश्चिम बंगाल (10.72%) और कर्नाटक (6.67%)
- **मीट उत्पादन (Meat Production):** मीट उत्पादन में भारत विश्व में चौथे स्थान पर है।
    - 2024-25 में कुल मीट उत्पादन 10.50 मिलियन टन होने का अनुमान है।
    - शीर्ष पाँच मीट उत्पादक राज्य—पश्चिम बंगाल (12.46%), उत्तर प्रदेश (12.20%), महाराष्ट्र (11.57%), आंध्र प्रदेश (10.84%) और तेलंगाना (10.49%)
- **ऊन उत्पादन (Wool Production)**
    - वर्ष 2024-25 में देश का कुल ऊन उत्पादन 34.57 मिलियन किलोग्राम होने का अनुमान है।
    - **राजस्थान ऊन उत्पादन में 47.85% के साथ शीर्ष पर है।**

## वर्ल्ड अर्बनाइज़ेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2025: जकार्ता दुनिया का सबसे आबादी वाला शहर बना

- UN की वर्ल्ड अर्बनाइज़ेशन प्रॉस्पेक्ट्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया का जकार्ता अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला शहर बन गया है। यहाँ लगभग 42 मिलियन लोग रहते हैं।
- बांग्लादेश का ढाका 37 मिलियन की आबादी के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि टोक्यो 33 मिलियन के साथ अब तीसरे स्थान पर आ गया है।
- UN के अनुसार, यह बदलाव एक नए मेथडोलॉजी की वजह से हुआ है, जिसमें शहर, कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए समान परिभाषा लागू की गई है।

- दुनिया के 10 सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में से 9 शहर एशिया में स्थित हैं—जकार्ता, ढाका, टोक्यो, **नई दिल्ली (4th)**,शंघाई, ग्वांगझू, काहिरा, मनीला,**कोलकाता (9th)** और सियोल।
- सबसे अधिक सघन (densest) शहरों में मुंबई, कसाई–कोंगो, बेनी–कोंगो, कराची और सूरत शामिल हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक दुनिया की दो-तिहाई आबादी शहरों में रहने लगेगी।
- मेगासिटीज़ (कम से कम 10 मिलियन आबादी वाले शहर) की संख्या 2025 में 33 शहर हो गई है।

## वर्ल्ड्स बेस्ट सिटीज़ 2026 — भारत के 4 शहर ग्लोबल टॉप 100 में

- यह रिपोर्ट रेजोनेंस कंसल्टेंसी और इप्सोस द्वारा तैयार की गई।
- इसमें 270 से अधिक वैश्विक शहरों का मूल्यांकन जीवन की गुणवत्ता, आकर्षण और खुशहाली जैसे मानकों पर किया गया।
- लंदन लगातार 11वें वर्ष विश्व का नंबर 1 शहर बना है।
- इस रिपोर्ट में भारत के चार बड़े मेट्रो शहर—**बेंगलुरु** (29th), **मुंबई** (40th), **दिल्ली** (54th) **और हैदराबाद** (82nd) **को** ग्लोबल टॉप 100 में स्थान मिला है।

### वर्ल्ड्स बेस्ट सिटीज़ 2026 — टॉप 10 वैश्विक शहर

| रैंक | शहर |
|---|---|
| 1. | लंदन |
| 2. | न्यूयॉर्क |
| 3. | पेरिस |
| 4. | टोक्यो |
| 5. | मैड्रिड |
| 6. | सिंगापुर |
| 7. | रोम |
| 8. | दुबई |
| 9. | बर्लिन |
| 10. | बार्सिलोना |

## मुंबई एशिया का सबसे खुशहाल शहर घोषित

- टाइम आउट (Time Out) द्वारा एशियाई निवासियों पर किए गए सर्वेक्षण में मुंबई को 2025 का एशिया का सबसे खुशहाल शहर घोषित किया गया।
- इस सर्वे में संस्कृति, भोजन, नाइटलाइफ़ और जीवन की गुणवत्ता जैसे कारकों का मूल्यांकन किया गया।

### एशिया के शीर्ष 10 खुशहाल शहर (2025)

| रैंक | शहर |
|---|---|
| 1 | मुंबई (भारत) |
| 2 | बीजिंग (चीन) |
| 3 | शंघाई (चीन) |
| 4 | चियांग माई (थाईलैंड) |
| 5 | हनोई (वियतनाम) |
| 6 | जकार्ता (इंडोनेशिया) |
| 7 | हांगकांग |
| 8 | बैंकॉक (थाईलैंड) |
| 9 | सिंगापुर (सिंगापुर) |
| 10 | सियोल (दक्षिण कोरिया) |

## QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026: IIT दिल्ली शीर्ष भारतीय संस्थान

- QS एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 को 4 नवंबर 2025 को जारी किया गया।
- इसमें एशिया में द यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग को प्रथम स्थान मिला।
- IIT दिल्ली 59वीं रैंक के साथ भारत का शीर्ष संस्थान बना।
- QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया 2026 के अनुसार, यद्यपि कोई भी भारतीय विश्वविद्यालय शीर्ष 50 में शामिल नहीं है।
- QS एशिया रैंकिंग में अब भारत के 294 विश्वविद्यालय शामिल हैं और वह चीन के बाद दूसरे स्थान पर है।चीन के कुल संख्या 395 विश्वविद्यालय शामिल हैं।

### एशिया में शीर्ष 3 विश्वविद्यालय

1. हांगकांग विश्वविद्यालय
2. पेकिंग विश्वविद्यालय
3. नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (NUS) और नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (NTU)

### शीर्ष भारतीय संस्थान :

- IIT दिल्ली: 59वाँ स्थान
- IISc बेंगलुरु: 64वाँ स्थान
- IIT मद्रास: 70वाँ स्थान
- IIT बॉम्बे: 71वाँ स्थान
- IIT कानपुर: 77वाँ स्थान
- दिल्ली विश्वविद्यालय: 95वाँ स्थान

## भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता 500 गीगावॉट हुई

- भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 500.89 गीगावॉट तक पहुँच गई है (30 सितंबर 2025 तक)।
- गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोत: 256.09 गीगावॉट (कुल क्षमता का 51% से अधिक)
  - इसमें सौर, पवन, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा शामिल हैं।
    - सौर ऊर्जा – 127.33 गीगावॉट
    - पवन ऊर्जा – 53.12 गीगावॉट
- जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोत: 244.80 गीगावॉट (लगभग 49%)
- वित्त वर्ष 2025–26 की पहली छमाही में भारत ने 28 गीगावॉट गैर-जीवाश्म और 5.1 गीगावॉट जीवाश्म ईंधन क्षमता जोड़ी है।

# 12. महत्वपूर्ण दिवस

| तिथि | दिवस / राज्य दिवस | मुख्य तथ्य |
|---|---|---|
| 1 नवंबर | कर्नाटक स्थापना दिवस | गठन: 1 नव. 1956; कन्नड़ भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से मैसूर राज्य, 1973 में कर्नाटक नाम |
| 1 नवंबर | केरल स्थापना दिवस | गठन: 1 नव. 1956; त्रावणकोर + कोचीन + मालाबार |
| 1 नवंबर | मध्य प्रदेश स्थापना दिवस | गठन: 1 नव. 1956 |
| 1 नवंबर | छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस | गठन: 1 नव. 2000 (एमपी से अलग) |
| 1 नवंबर | हरियाणा स्थापना दिवस | गठन: 1 नव. 1966 (पंजाब से विभाजन) |
| 7 नवंबर | राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस | उद्देश्य: कैंसर की शीघ्र पहचान व उपचार; मैडम क्यूरी की जयंती पर |
| 8 नवंबर | विश्व रेडियोग्राफी दिवस | उद्देश्य: रेडियोलॉजिस्ट/रेडियोग्राफर्स के योगदान का सम्मान |
| 9 नवंबर | उत्तराखंड स्थापना दिवस | गठन: 9 नव. 2000 (पूर्व में यूपी का हिस्सा) |
| 9 नवंबर | राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस | सबके लिए न्याय और विधिक जागरूकता |
| 10 नवंबर | विश्व विज्ञान दिवस | UNESCO द्वारा 2001 में शुरू; 2025 थीम: Trust, Transformation, Tomorrow |
| 10 नवंबर | विश्व टीकाकरण दिवस | टीकाकरण के महत्व पर जागरूकता |
| 11 नवंबर | राष्ट्रीय शिक्षा दिवस | मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती |
| 12 नवंबर | विश्व निमोनिया दिवस | उद्देश्य: निमोनिया पर वैश्विक जागरूकता |
| 14 नवंबर | राष्ट्रीय बाल दिवस | नेहरू जयंती; बच्चों के अधिकार व कल्याण |
| 15 नवंबर | भगवान बिरसा मुंडा जयंती / जनजातीय गौरव दिवस | 150वीं जयंती (2025–1875); आदिवासी आंदोलन के नायक |
| 16 नवंबर | राष्ट्रीय प्रेस दिवस | प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया स्थापना (1966) |
| 16 नवंबर | अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस | UNGA द्वारा 1995 में स्थापित; UNESCO की 50वीं वर्षगांठ |
| 17 नवंबर | अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस | छात्रों की चुनौतियों पर जागरूकता |
| 20 नवंबर | विश्व बाल दिवस | बच्चों के अधिकार; 1954 में UN द्वारा शुरू, UNICEF द्वारा मनाया जाता |
| 21 नवंबर | विश्व टेलीविजन दिवस | टीवी के शिक्षा, सूचना व संवाद में योगदान को मान्यता |
| 21 नवंबर | विश्व मत्स्य पालन दिवस | स्थायी मत्स्य प्रबंधन; 2025 थीम: भारत की जलजनित अर्थव्यवस्था में बदलाव |
| 26 नवंबर | राष्ट्रीय दुग्ध दिवस | डॉ. वर्गीस कुरियन की जयंती; दूध व डेयरी उद्योग का महत्व |
| 26 नवंबर | संविधान दिवस | 26 नव. 1949 को संविधान अंगीकृत; पूर्व में विधि दिवस |
| 29 नवंबर | अंतर्राष्ट्रीय जगुआर दिवस | जगुआर संरक्षण जागरूकता |



SAMYAK वाहक बना है हजारों अभ्यर्थियों की सफलता में
RAS 2013 1st RANK Anil Kumar Singhal
RAS 2016 2A RANK Shailesh Khairwa
RAS 2018 1st RANK Mukta Rao
IAS 2020 13th RANK Gaurav Budania
RAS 2021 1st RANK Vikrant Sharma
RAS 2023 1st RANK Kushal Choudhary
NEXT 1st RANK YOU
सम्यक् मार्गदर्शन = सर्वश्रेष्ठ परिणाम
TOPPERS 2023
RANK 02 Ankita Parasar
RANK 03 Parameshwar
RANK 04 Ranjan Sharma
RANK 09 Kamal Choudhary
RANK 10 Vikash Siyag
RANK 11 Kuldeep Kumawat
RANK 13 Madan Lal Delu
RANK 14 Balveer Dhaka
RANK 16 Priyanka Choudh.
RANK 19 Rajendra Swami
RANK 20 Ashok Goar
RANK 21 Neha Bhojwani
RANK 24 Ritu Bhojwani
RANK 26 Anshika Agarwal
RANK 30 Virendra Echoliya
RANK 31 Dinesh
TOPPERS 2021
RANK 02 Priya Bajaj
RANK 04 Vishwajeet
RANK 05 Bharti Gupta
RANK 06 Akanksha Dubey
RANK 07 Kanchan Choudhary
RANK 08 Shubham Sharma
RANK 09 Nidhi Udsaria
RANK 10 Satya Narayan
RANK 13 Deepshikha
RANK 15 Karmveer singh
RANK 16 Divya Soni
RANK 18 Gaurav Saraswat
RANK 19 Divya Bishnoi
RANK 20 Sejal Shekhawat
RANK 23 Pooja Pareek
RANK 27 Paramjeet
TOPPERS 2018
RANK 03 Shivakshi Khandal
RANK 04 Nikhil Kumar
RANK 05 Varsha Sharma
RANK 06 Yashwant Meena
RANK 07 Ravi Goyal
RANK 09 Vikash Prajapat
RANK 12 Gaurav Budania
RANK 14 Garima Sharma
RANK 15 Niharika Sharma
RANK 17 Mahesh Gagoriya
RANK 18 Hukmi Rulaniya
RANK 20 Rishi Sudhanshu
RANK 21 Sarita Sharma
RANK 23 Kriti Sharma
RANK 25 Kalpit
RANK 26 Neha Mishra
TOPPERS 2016
RANK 05 Upendra Sharma
RANK 06 Sanjay Gora
RANK 12 Mrityunjay Mishra
RANK 22 Shivcharan Sharma
RANK 23 Manish Sharma
RANK 27 Arun Kumar
RANK 39 Rudra Pratap
RANK 46 Arshdeep Barar
RANK 60 Mamta Gaur
RANK 95 Ravi Goyal
RANK 97 Khushbu Ameta
RANK 105 Shalini Bajaj
RANK 110 Bhanu Pratap
RANK 128 Chhavi Sharma
RANK 148 Anadaram Parihar
RANK 151 Manish Kumar
TOPPERS 2013
RANK ST-01 Mukesh Meena
RANK BL-02 Komal Jain
RANK ST-WE-2 Sanju Meena
RANK ST-WE-4 Kusum Meena
RANK WE-6 Sunita Yadav
RANK SC-6 Manish Kr. Jatav
RANK SC-WE-9 Pratibha Nimesh
RANK WE-10 Khushboo Sharma
RANK OBC WE-19 Santra Devi
RANK SC-30 Krishna Pratap
RANK OBC WE-38 Ashish Yadav
RANK 38 Anshul Singh
RANK OBC WE-58 Vidya Choudhary
RANK WE-67 Karishma Kavia
RANK WE-72 Pooja Diggi
RANK 95 Harish Sharma
IAS & RAS में सफलता - सम्यक् है तो संभव है


Samyak
An Institute For Civil Services
IAS
FOUNDATION
&
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन
के साथ 3 वर्षीय कोर्स
RAS
FOUNDATION
&
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन
के साथ 3 वर्षीय कोर्स
विषय विशेषज्ञों द्वारा क्लासेज
प्रिंटेड बुकलेट्स
टेस्ट सीरीज
पर्सनल मेंटरशिप
लाइब्रेरी सुविधा*
ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP
Samyak
SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW
Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता
RAS की तैयारी के लिए
पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
के साथ आवासीय कोचिंग
गुरुकुल की सुविधाएँ
विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन
गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन
योग प्राणायाम
सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)
आधुनिक क्लासरूम
लाइब्रेरी
SAMYAK GURUKUL
GIT CAMPUS,SITAPURA, JAIPUR
HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR
9875170111